WWW.NAVPRADESH.COM
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश-विदेश 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

रायपुर, बुधवार, 30 जुलाई 2025 शुक्ल पक्ष- षष्ठी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 167 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

स्कूल तो बंद हुआ पर आदिवासी बच्चों की तालीम नहीं थमी, रसोईया बनी 'गुरु' ज्ञान के स्वर फिर गूंजे

बीजापुर/नवप्रदेश। शिक्षा विभाग का एक तुगलकी फैसला बीजापुर के जांगला गांव से लगभग 6 किमी दूर स्थित ककाड़ीपारा के 26 आदिवासी बच्चों के शिक्षा के अधिकार पर भारी पड़ गया है। 21वीं सदी के इस भारत में, जहां डिजिटल इंडिया, राइट टू एजुकेशन और सर्व शिक्षा अभियान जैसे नारे गूंजते हैं, वहीं ककाड़ीपारा के ये बच्चे अपने स्कूल भवन में शिक्षा की भीख मांगने को मजबूर

शिक्षा विभाग का चौंकाने वाला कदम

भैरमगढ़ ब्लॉक के जांगला संकुल के अंतर्गत आने वाले ककाड़ीपारा की यह स्थिति है जहाँ स्कूल का भवन मौजूद है, बच्चे भी हैं, लेकिन पढ़ाने वाले शिक्षक नहीं हैं। दरअसल, 2006-07 में सलवा जुडूम के दौरान, पोटेनार पंचायत के प्राथमिक शाला ईचेवाड़ा स्कूल को अस्थायी रूप से ककाड़ीपारा जांगला में स्थानांतरित किया गया था। अब पोटेनार सरपंच की मांग पर शिक्षा विभाग ने 30 जून को स्कूल को दोबारा ईचेवाड़ा शिफ्ट कर दिया है।

शिक्षक नहीं तो रसोईया बनी शिक्षिका

3 जुलाई के बाद से ककाड़ीपारा स्कूल में कोई शिक्षक नहीं आया। शिक्षकों की कोई वैकल्पिक व्यवस्था न होने पर, ग्रामीणों और छात्रों की मांग पर मध्यान्ह भोजन की रसोईया पार्वती कोवासी ने बच्चों को पढ़ाना शुरू कर दिया है। पार्वती कोवासी कक्षा 7वीं तक पढ़ी हैं और ग्रामीणों के अन्नदान से मध्यान्ह भोजन व्यवस्था भी सुचारू रूप से संचालित हो रही है। इस विषम परिस्थिति में पार्वती कोवासी ने एक गुरु की भूमिका निभाते हुए ज्ञान की लौ को बुझने नहीं दिया है।

अधिकारियों की प्रतिक्रिया: *जिला शिक्षा अधिकारी राजकुमार कठौते ने बताया कि यह मामला कलेक्टर के संज्ञान में है और इसकी जांच की जा रही है।*

आज बेबाक

कौन कहता है कि नाम में क्या रखा है? बहुत कुछ रखा होता है। कहते हैं न कि यथा नाम यथा गुण। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा को देख लें जो बहकी बहकी बातें करती रहती हैं। मोहतरमा ने फरमाया है कि बांग्लादेश की भारत से बेहतर जीडीपी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह यह बात अपने दिमाग से निकाल दें कि पूरी दुनिया ही भारत में रहना चाहती है। यदि ऐसा है तो घुसपैठिये बांग्लादेशी और रोहिंग्याओं को भारत से खदेड़े जाने पर टीएमसी विधवा विलाप क्यों कर रही है? महुआ मोइत्रा का इसका जवाब देना चाहिए।

साय कैबिनेट की बैठक आज

रायपुर /नवप्रदेश । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में बुधवार 30 जुलाई को सवेरे 11 बजे राज्य मंत्रीपरिषद (कैबिनेट) की बैठक मंत्रालय (महानदी भवन) नवा रायपुर अटल नगर में आयोजित होगी।

आईएएस अधिकारियों का तबादला

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार ने आईएएस अधिकारियों का तबादला किया है। जिला पंचायत सुकमा की मुख्य कार्यपालन अधिकारी आईएएस नम्रता जैन को रायपुर अपर कलेक्टर के पद पर पदस्थ किया गया है। इसका आदेश आज सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया है। आईएएस हेमंत रमेश नंदनवार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बीजापुर को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत महासमुंद के पद पर पदस्थ किया गया है। आईएएस मुकुंद ठाकुर उप सचिव कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी तथा किसान कल्याण विभाग को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुकमा, आईएएस नम्रता चौबे अनुविभागीय अधिकारी सरायपाली जिला महासमुंद को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बीजापुर और आईएएस प्रखर चंद्राकर अनुविभागीय अधिकारी सारंगढ़ जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गरियाबंद के पद पर पदस्थ किया गया है।

डीआरजी, सीआरपीएफ और एसटीएफ के जवानों ने नक्सलियों को घेरा

सुकमा/नवप्रदेश। सोमवार से नक्सली शहीदी सप्ताह मना रहे हैं। इस बीच सुकमा जिले में जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। सूचना पर डीआरजी, सीआरपीएफ और एसटीएफ जवानों की टीम सर्चिंग पर निकली थी। सुबह से मुठभेड़ जारी है। जवानों ने नक्सलियों को घेरा रखा है। इस मुठभेड़ में कई नक्सली को नुकसान होने की भी खबर है। जानकारी के मुताबिक, नक्सली 28 जुलाई से उनके मारे गए साथियों की याद में शहीदी सप्ताह मना रहे हैं। जो 3 अगस्त तक चलेगा। शहीदी सप्ताह के चलते जवानों ने इलाके में सर्चिंग तेज कर दी थी। सुकमा में आज सुबह जवानों और नक्सलियों की मुठभेड़ हो गई।

प्रलय मिसाइल के दो लगातार सफल उड़ान परीक्षण

नई दिल्ली(वार्ता)। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ने पिछले दो दिनों में प्रलय मिसाइल के लगातार दो सफल परीक्षण किये हैं। रक्षा मंत्रालय के अनुसार ये परीक्षण सोमवार और मंगलवार को ओडिशा तट पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से किये गये। ये उड़ान परीक्षण मिसाइल प्रणाली की अधिकतम और न्यूनतम सीमा क्षमता को प्रमाणित करने के लिए मूल्यांकन परीक्षणों के एक भाग के रूप में किए गए थे।

लोकसभा में पहलगाम और ऑपरेशन सिंदूर पर वार-पलटवार

इंदिरा गांधी का आधा साहस भी है तो बोलें कि ट्रंप ने झूठ बोला: राहुल

नई दिल्ली/आईएएनएस। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि अगर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी में इंदिरा गांधी का '50 प्रतिशत भी साहस' है तो उन्हें सदन में बोलना चाहिए कि भारत-पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता का दावा करने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने असत्य बात कही है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में भाग लेते हुए यह आरोप भी लगाया कि सरकार में राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं होने के कारण विमानों का नुकसान हुआ उन्होंने कहा, ''अमेरिकी राष्ट्रपति ने 29 बार कहा है कि उन्होंने युद्धविराम कराया है। अगर वह गलत हैं तो प्रधानमंत्री यहां सदन में कहें कि ट्रंप असत्य बोल रहे हैं। अगर प्रधानमंत्री मं इंदिरा गांधी की तरह साहस है तो वह यहां पर कह दें कि ट्रंप झूठे हैं।

ट्रंप के बयान को खारिज करें: राहुल गांधी

कांग्रेस नेता ने कहा, अगर प्रधानमंत्री में इंदिरा गांधी का 50 प्रतिशत भी साहस है तो ट्रंप के बयान को खारिज कर दें। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि पहलगाम में निर्मम और बर्बर हमला किया गया, जिसकी साजिश पाकिस्तान से रची गई थी। उन्होंने कहा, इस सदन के हर व्यक्ति ने पाकिस्तान की निंदा की। ऑपरेशन सिंदूर के शुरू होते ही सभी विपक्षी दलों ने फैसला किया कि हम अपने सशस्त्र बलों और भारत की निर्वाचित सरकार के साथ चट्टान की तरह खड़े रहेंगे।

भारत को दुनिया का साथ मिला कांग्रेस का नहीं : पीएम मोदी

नई दिल्ली (आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारतीय सेना की तारीफ की। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने तय कर दिया कि भारत में आतंकी हमले के

लिए उसके आकाओं और पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी होगी।

पीएम मोदी ने कहा, दुनिया ने देखा है कि हमारी कार्रवाई का दायरा कितना बढ़ा है। सिंदूर से लेकर सिंधू तक पाकिस्तान पर कार्रवाई की है। ऑपरेशन सिंदूर ने तय कर दिया कि भारत में आतंकी हमले के लिए उसके आकाओं और पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

विपक्ष की ओर से उठाए गए सवालों का जवाब दिया

पीएम मोदी ने लोकसभा में विदेश नीति पर विपक्ष की ओर से उठाए गए सवालों का भी जवाब दिया। उन्होंने कहा, विदेश नीति को लेकर यहां काफी बातें की गई और दुनिया के समर्थन को लेकर भी बात की गई। मैं आज सदन में स्पष्ट रूप से बताना चाहता हूं कि दुनिया के किसी भी देश ने भारत को अपनी सुरक्षा में कार्रवाई करने से नहीं रोका है। संयुक्त राष्ट्र के 193 देशों में से सिर्फ तीन देशों ने 'ऑपरेशन सिंदूर6 के दौरान पाकिस्तान के समर्थन में बयान दिया था। क्वाड हो या ब्रिक्स हो या फिर फ्रांस, रूस या जर्मनी समेत किसी भी देश का नाम ले लीजिए, दुनिया भर से भारत को समर्थन मिला है।

चिदंबरम और गोगई के बयान पर बोले गृहमंत्री पाकिस्तान को बचाकर आपको क्या मिलेगा?

लोकसभा में 'ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस सांसद और पूर्व गृहमंत्री पी. चिदंबरम के बयान पर तीखा हमला बोला। उन्होंने सवाल उठाया कि पाकिस्तान को बचाने की कोशिश कर कांग्रेस को क्या हासिल होगा। शाह ने कहा कि चिदंबरम का बयान पूरी दुनिया के सामने अपने पाक प्रेम का बखान कर रहे हैं। गृह मंत्री ने कहा कि कांग्रेस नेता का यह सवाल कि आतंकी पाकिस्तान से आए या नहीं, देश के पूर्व गृह मंत्री की तरफ से एक तरह से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हम फ्रंट फुट पर थे फिर अचानक युद्धविराम की घोषणा क्यों हो गई : नेता प्रतिपक्ष खड़गे

नई दिल्ली (आईएएनएस)। कांग्रेस अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी और उनके परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। वह मंगलवार को राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान बोल रहे थे। यहां उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमारे सशस्त्र बलों पर गर्व करती है और उनके शौर्य और पराक्रम को सलाम करती है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

खड़गे पर जेपी नड्डा का ज़ुबानी हमला, 'आपके लिए देश का विषय गौण हो जाता है'

नई दिल्ली (आईएएनएस)। राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा चल रही है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने राज्यसभा नेता मल्लिकार्जुन खड़गे पर निशाना साधा। इसे लेकर संसद में विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान कहा कि वह (राज्यसभा नेता मल्लिकार्जुन खड़गे) बहुत वरिष्ठ नेता हैं, लेकिन जिस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हम जानते हैं कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान कौन सा देश क्या कर रहा था : रक्षामंत्री

नई दिल्ली(आईएएनएस)। 'ऑपरेशन सिंदूर' पर राज्यसभा में बोलते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान ही नहीं, भारत की तरफ टेढ़ी निगाह से देखने वाले हर देश को यह समझ लेना चाहिए कि आज भारत की सेनाओं में हर हालात से निपटने की ताकत और कूबत है। हम जानते हैं कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान कौन सा देश क्या कर रहा था। हमने 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से पाकिस्तान ■ शेष पृष्ठ 6 पर

शोध में खुलासा: चिप्स, कुकीज और कोल्ड ड्रिंक की लत शराब के नशे जैसी

स्वास्थ्य विशेषज्ञों, डॉक्टरों और सरकारों को चाहिए कि वे इस लत को पहचानें

नई दिल्ली (आईएएनएस)। आपके पसंदीदा चिप्स, कुकीज और कोल्ड ड्रिंक जैसी चीजें, जिन्हें अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड कहा जाता है, को लेकर एक नए शोध में चौंकाने वाली बात सामने आई है। शोध के मुताबिक, इन अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स की लत लोगों को उसी तरह जकड़ रही है जैसे शराब या ड्रग्स की लत लगती है। शोधकर्ताओं ने कहा कि अगर इन खाने की चीजों को 'लत' की तरह नहीं पहचाना गया, तो यह सेहत के लिए बहुत खतरनाक साबित हो सकती है। दुनिया भर में इसके गंभीर असर हो सकते हैं।

कई वैज्ञानिक सबूत मौजूद: कुछ दवाएं ■ शेष पृष्ठ 6 पर

36 देशों में हुई करीब 300 रिसर्च का विश्लेषण

शोध की मुख्य लेखिका एशले गियरहार्ट ने कहा, 'लोगों को सेब या दाल-चावल की लत नहीं लगती। समस्या उन खाने की चीजों से है, जिन्हें खासतौर पर इस तरह बनाया जाता है कि वे दिमाग पर नशे की तरह असर करें। यह शोध नेचर मेडिसिन पत्रिका नाम की वैज्ञानिक पत्रिका में प्रकाशित हुआ। इसमें 36 देशों में हुई करीब 300 रिसर्च का विश्लेषण किया गया। अध्ययन में पाया गया कि ये प्रोसेस्ड फूड्स दिमाग के उस हिस्से को एक्टिव ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बांग्लादेश में हिंदुओं के घरों पर हमला

ढाका (आईएएनएस)। बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर बढ़ते हमलों को लेकर ह्यूमन राइट्स कांग्रेस फॉर बांग्लादेश माइनॉरिटीज (एचआरसीबीएम) ने गंभीर चिंता जताई है। संगठन के अनुसार, रंगपुर जिले के गंगाचरा उपजिला स्थित अलदादपुर गांव में 27 और 28 जुलाई को उग्र भीड़ ने कम से कम 21 हिंदू परिवारों के घरों पर हमला किया, लूटपाट की और संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया। मानवाधिकार संगठन ने बताया कि एक 17 वर्षीय हिंदू लड़के ने कथित रूप से इस्लाम के खिलाफ फेसबुक पर पोस्ट किया था, जिसके बाद उसे हिरासत में ले लिया गया। हालांकि, इसके बाद भीड़ ने पूरे इलाके में उत्पात मचाया। एचआरसीबीएम के बयान में कहा गया, यह महज गुस्से की भावना नहीं थी, बल्कि यह एक संगठित हमला था जो लूटपाट, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मंडी में बारिश का कहर, तीन की मौत मलबे की चपेट में आए कई वाहन

मंडी (आईएएनएस)। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में एक बार फिर भारी बारिश का कहर देखने को मिला है, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई है। वहीं, एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। फ्लैश फ्लड के कारण मंडी शहर में बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। जिला प्रशासन की टीमें पिछले कई घंटे से राहत एवं बचाव कार्यों में जुटी हुई हैं। इसके अलावा भारी बारिश के कारण जिले में दर्जनों लैंडस्लाइड की भी घटनाएं सामने आई हैं, जिसमें दोनों हाईवे सहित 6 मार्ग पर वाहनों की आवाजाही बंद हो गई है। इन सड़कों को खोलने के लिए मौके पर मशीनें लगातार जुटी हुई हैं। कई वाहन फ्लैश फ्लड की चपेट में आ गए। वहीं, पैलेस कॉलोनी-2 में वाहनों को नाले से निकालते समय फ्लैश फ्लड की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई। दो लोगों के शव वाहनों के बीच में बुरी तरह से दब गए थे, जिन्हें कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया।

गरमा - गरम

स्वच्छता सर्वे

रायपुर को सेवन स्टार सम्मान , गारबेज-फ्री सिटी स्टार रेटिंग में राज्य के 62 शहरों ने बढ़ाया अपना दर्जा

देशभर के 4,566 शहरों के टॉप-100 में छत्तीसगढ़ के 25 शहर

रायपुर/नवप्रदेश। भारत सरकार के स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में छत्तीसगढ़ ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर दमदार उपस्थिति दर्ज कराई है। राज्य के नगरीय निकायों के उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिणाम है कि इस बार सर्वेक्षण में शामिल 169 शहरों में से 115 शहरों ने अपनी रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार किया है। स्वच्छता के इस राष्ट्रीय मूल्यांकन में देशभर के 4,566 शहरों के बीच छत्तीसगढ़ के 25 शहर टॉप-100 में शामिल हुए हैं, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में बड़ी छलांग है, जब केवल 16 शहर टॉप-100 में आ पाए थे।

राज्य के 62 नगरीय निकायों ने गारबेज-फ्री सिटी स्टार रेटिंग में अपना दर्जा बढ़ाया है, जबकि सिंगल, थ्री और फाइव स्टार प्राप्त करने वाले शहरों की संख्या 71 से बढ़कर अब 114 हो गई है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर ने इस बार फाइव स्टार से बढ़कर सेवन स्टार की सर्वोच्च रेटिंग प्राप्त की है। रायपुर को गारबेज-फ्री सिटी श्रेणी में यह सम्मान प्राप्त हुआ है, साथ ही स्वच्छता में उसे वाटर प्लस शहर का दर्जा भी मिला है।

छत्तीसगढ़ की लंबी छलांग, स्वच्छता सर्वे में शामिल 169 में से 115 शहरों ने सुधारी अपनी रैंकिंग

- सिंगल, थ्री और फाइव स्टार दर्जा प्राप्त शहरों की संख्या 114 पहुँची, पिछले सर्वे में थी 71
- तीन नगर निगम ओडीएफ प्लस प्लस से वाटर प्लस श्रेणी में पहुंचे, 163 निकायों को मिला ओडीएफ प्लस प्लस दर्जा

इस बार बिलासपुर, कोरबा और भिलाई नगर—ये तीन नगर निगम ओडीएफ प्लस प्लस से बढ़कर वाटर प्लस श्रेणी में पहुंच गए हैं। राज्य के 163 नगरीय निकायों को ओडीएफ प्लस प्लस का दर्जा प्राप्त हुआ है, जिनमें किरंदुल और भाटापारा नगर पालिका तथा कुंरा नगर पंचायत जैसे निकाय भी शामिल हैं, जो पहले केवल ओडीएफ श्रेणी में थे। सीतापुर नगर पंचायत ने भी ओडीएफ प्लस से आगे बढ़कर ओडीएफ प्लस प्लस दर्जा हासिल किया है।

पिछले डेढ़ वर्षों में 62 नगरीय निकायों ने अपने सतत प्रयासों के माध्यम से गारबेज-फ्री सिटी स्टार रेटिंग में सुधार किया है। बिलासपुर और अंबिकापुर ने अपने थ्री स्टार स्तर को बढ़ाकर फाइव स्टार किया है, जबकि भिलाई नगर, जगदलपुर नगर निगम, जामुल नगर पालिका और घरघोड़ा नगर पंचायत ने 2023-24 के सिंगल स्टार दर्जे से आगे बढ़ते हुए अब थ्री स्टार प्राप्त किया है। वहीं, धमतरी, शिबरीनारायण और राजपुर जैसे शहर, जो पूर्ववर्ती सर्वे में स्टार रेटिंग में नहीं थे, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पहलगाम हमले को अंजाम देने वाले आतंकवादी मुठभेड़ में मारे गयेः शाह

नयी दिल्ली (वार्ता) । केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को लोकसभा में घोषणा की कि पहलगाम आतंकवादी घटना को अंजाम देने वाले तीनों आतंकवादी सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गये। श्री शाह ने लोक सभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि ऑपरेशन महादेव के दौरान कल पहलगाम में 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या करने वाले आतंकवादी सुलेमान उर्फ फैसल, अफगान और जिब्रान सैन्य बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गये। उन्होंने बताया कि सुलेमान आतंकवादी संगठन लश्करे तैयबा का ए श्रेणी आतंकवादी और तथाकथित कमांडर था। अफगान और जिब्रान भी लश्करे तैयबा से जुड़े हुए एक श्रेणी के आतंकवादी थे।

उन्होंने बताया कि मारे गये तीनों आतंकवादियों के पहलगाम घटना में शामिल होने की पुष्टि इन्हें पनाह देने वालों से करायी गयी है। पहलगाम हमले में इस्तेमाल हथियारों से निकले खोखे की मिलान कर लिया गया है और इसकी पुष्टि हो गयी है कि इन आतंकवादियों के कब्जे से बरामद हथियार ही पहलगाम हमले में इस्तेमाल किये गये थे। श्री शाह ने बताया कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने इन आतंकवादियों को पहलगाम घटना के बाद शरण और भोजन देने वालों को गिरफ्तार किया था। उनसे इन आतंकवादियों की पहचान करायी गयी है।

राजरंग

पंद्रह अगस्त तक टली बीजेपी अध्यक्ष की बात

उपराष्ट्रपति पद से जगदीप धनखड़ की विदाई ने बीजेपी के उन नेताओं के सपने को कुछ देर के लिए विराम दे दिया है, जिन्हें लगता है कि पार्टी का सबसे बड़ा पद उन्हें ही मिलने जा रहा है..दिल्ली के दीनदयाल उपाध्याय मार्ग के केसरिया दफ्तर के कप्तान की नियुक्ति अब पंद्रह अगस्त तक के लिए टल गई है। चुनाव आयोग ने उपराष्ट्रपति पद के चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं..ऐसे में बीजेपी के सामने पहली चुनौती नया उपराष्ट्रपति चुनने की है। बीजेपी और संघ के बीच समन्वय देख रहे अरूण कुमार और बीजेपी के एक्सटेंडेड यानी विस्तारित अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के बीच भावी उपराष्ट्रपति को लेकर बातचीत का एक दौर पूरा हो चुका है। ऐसे में बीजेपी का अध्यक्ष बनने वालों को कुछ देर तक इंतजार करना पड़ सकता है।

गपोड़बाजी वाली पत्रकारिता

मोदी-शाह की जोड़ी के केंद्रीय राजनीति में काबिज होने के बाद पत्रकारों की मुश्किल बढ़ गई है। सर्वोच्च स्तर की खबरें मिलती नहीं, लिहाजा वे गपोड़बाजी को मजबूर हो गए हैं। मुश्किल यह है कि इस गपोड़बाजी को ही आज की जनता जो ज्यादातर दर्शक बन गई है, समाचार मान लेती है। अब उपराष्ट्रपति पद किसे मिलेगा, इसे लेकर जो चर्चाएं हो रही हैं, वे कोरी गपबाजी ही हैं। नामों की कयासबाजी लगने लगी है। उपराष्ट्रपति के इस्तीफे के बाद राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भेंट की तो लोग इस खबर को ले उड़े। टीवी वाले नौटंकिया पत्रकारों ने घोषित कर दिया कि हरिवंश ही अगले उपराष्ट्रपति होंगे। इस बीच बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश में मनोज सिन्हा के शुभचिंतकों ने उनके नाम पर भी मुहर लगा दी। ऐसे में राजदार भी दो लोगों के नामों पर दांव लगा रहा। ये हैं महाराष्ट्र के राज्यपाल और तमिलनाडु से आने वाले सीपी राधाकृष्णन और मध्य प्रदेश के पुराने नेता सत्यनारायण जटिया। वैसे राधाकृष्णन अपने लोगों के बीच कहने भी लगे हैं कि अगर उन्हें राज्यपाल पद मिला तो तमिलनाडु में बीजेपी की बल्ले-बल्ले हो जाएगी। पता नहीं, यह जानकारी सरकार और बीजेपी के आलाकमान के पास पहुंची है कि नहीं..

जातियों के अपने-अपने उम्मीदवार

उपराष्ट्रपति पद के भावी उम्मीदवारों में जातीय कोण भी घुस गया है...पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार से जो दो नाम भावी उपराष्ट्रपति के लिए उभर रहे हैं, उन्हें उन नेताओं की जातियों वाले स्थानीय नेता और पत्रकार उछाल रहे हैं। पहले ऐसा होता था कि जिनका नाम चलता था, उनके नाम पर विचार भी शुरू हो जात था। लेकिन कम से कम बीजेपी के मोदी-शाह राज में ऐसा नहीं रहा। अब जिनका नाम चलता है, मीडिया जिन्हें उछालता है, उन नामों को किनारे डाल बैठाकर हरिनाम संकीर्तन का काम दे दिया जाता है। इस बीच मोदी-शाह की जोड़ी चुपके-चुपके नाम खोजती रहती है और अचानक से उसे आगे ला देती है। राजस्थान के भजनलाल शर्मा और मध्य प्रदेश के मोहन यादव को याद कीजिए। दोनों की कहीं कोई चर्चा नहीं थी, लेकिन दोनों आज राज कर रहे हैं। इसी तरह किसने नवाब सैनी को लेकर हरियाणा में सोचा था, लेकिन सैनी हरियाणा के राजा हैं। कुछ इसी तरह आएगा नए उपराष्ट्रपति का नाम..

संघ को चुनौती

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कई आनुसंगिक संगठन हैं, जैसे भारतीय मजदूर संघ, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, विश्व हिंदू परिषद, संस्कार भारती, सेवा भारती, विद्या भारती। संघ के कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी को भी उसी तरह का आनुसंगिक संगठन मानते हैं। सारे आनुसंगिक संगठनों पर संघ का नियंत्रण रहता रहा है। कुछ इसी अंदाज में बीजेपी पर भी संघ का नियंत्रण रहा है। लेकिन मोदी-शाह की जोड़ी ने इस नियंत्रण को भी धत्ता बता दिया है। संघ बार-बार अपनी ओर से बीजेपी अध्यक्ष के लिए अपने प्रतिबद्ध कार्यकर्ताओं का नाम बढ़ा रहा है, लेकिन मोदी-शाह की जोड़ी उसकी परवाह नहीं कर रही। बीजेपी अध्यक्ष के चुनाव में अब तक करीब डेढ़ साल की देर हो चुकी है। इससे संघ के नियंत्रण की बात बेमानी हो गई है। पता नहीं, संघ का आला नेतृत्व इस सिलसिले में क्या सोच रहा है। अलबत्ता बीजेपी के निचले स्तर के कार्यकर्ताओं को संदेश जा रहा है कि स्थानीय स्तर पर संघ की परवाह करने की जरूरत नहीं। इससे संघ आलाकमान चिंतित है।

पंडित जी मुझे राष्ट्रपति बनवा दो

मध्य भारत के सबसे बड़े राज्य के एक आजीवनव्रती अविवाहित कार्यकर्ता इन दिनों तंत्र-मंत्र और टोटकेबाजी में जुटे हैं। उनकी चाहत सत्ता संभाल रही एक पार्टी का कमांडर बनने की है। उन्होंने उज्जैन के एक पंडित को पकड़ा, उसे टोटका, यज्ञ और तंत्र-मंत्र करने के लिए मनाया, ताकि वे सत्ता संभाल रही पार्टी के अध्यक्ष बन सकें। लेकिन तंत्र-मंत्र करने वाले तांत्रिक ने इससे मना कर दिया कि उनकी उम्र के चलते ऐसा नहीं हो सकता। तो कार्यकर्ता जी ने नई मंशा पाल ली, राष्ट्रपति बनने की। तांत्रिक पर दबाव बनाया कि वे ऐसा मंत्र मारें कि वे देश का प्रमुख बन जाएं। तांत्रिक महोदय महाकाल की नगरी में इस कार्य में जुट गए हैं। अब आप यह न पूछना कि वह आजीवनव्रती कौन हैं?

- राजदार

न्यूज गैलरी

श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के 5 मछुआरों को किया गिरफ्तार

चेन्नई(आईएएनएस)। रामेश्वरम के पांच तमिल मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने मंगलवार तड़के कच्छतीवू (नेदुंथीवु) द्वीप के पास गिरफ्तार कर लिया। उन पर अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) पार कर श्रीलंकाई जल सीमा में अवैध रूप से मछली पकड़ने का आरोप है। स्थानीय मछुआरा संघ के अनुसार, ये मछुआरे सोमवार रात एक नाव से समुद्र में उतरे थे और कच्छतीवू के पास मछली पकड़ रहे थे। तभी श्रीलंकाई नौसेना की गश्ती टीम ने उन्हें घेर कर गिरफ्तार कर लिया। नौसेना ने उनकी नाव को भी जब्त कर लिया है। सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार किए गए मछुआरों को श्रीलंका के कंकेसनथुरई या तलाईमन्नार ले जाया जा सकता है, जहां उन्हें स्थानीय अधिकारियों को सौंपा जाएगा और कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

यह घटना हाल के दिनों में ऐसी कई घटनाओं में से एक है, जिसमें तमिलनाडु के मछुआरों को श्रीलंकाई जल सीमा में मछली पकड़ने के आरोप में पकड़ा गया है। जुलाई के मध्य में भी रामेश्वरम के सात मछुआरों को इसी तरह गिरफ्तार किया गया था। उन्हें ववुनिया की अदालत में न्यायिक हिरासत में भेजा गया और उनकी नाव भी जब्त की गई थी।

समाजवादी ने हमेशा देश की सरकारों को चेताया कि हमारा खतरा पाकिस्तान नहीं, बल्कि चीन है

हमें पाकिस्तान से खतरा है, तो चीन राक्षस है : अखिलेश यादव

नई दिल्ली(आईएएनएस)। समाजवादी पार्टी के प्रमुख और लोकसभा सांसद अखिलेश यादव ने चीन के विषय पर सरकार को सावधान किया है। लोकसभा में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा के दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि हमें चीन से उतना ही खतरा है जितना हमारे देश को आतंकवाद से खतरा है।

लोकसभा में अखिलेश यादव ने कहा कि पाकिस्तान से आतंकवाद आ रहा है, लेकिन इस मुल्क के पीछे चीन खड़ा है, जिससे हमें सावधान रहना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी ने हमेशा देश की सरकारों को चेताया है कि हमारा खतरा पाकिस्तान नहीं है, बल्कि चीन है। न सिर्फ वह (चीन) समय-समय पर हमारी जमीन छीन रहा है, बल्कि हमारे बाजार को भी छीनने का काम कर रहा है। सपा प्रमुख ने मांग उठाई कि सरकार को चीन और पाकिस्तान पर लगाम लगाने के लिए 10 या 15 साल के लिए ऐसा फैसला लेना चाहिए, जिससे वहां से हमारा कारोबार कम होता चला जाए। उन्होंने कहा कि अगर चीन से हमारा कारोबार कम नहीं हुआ तो हम भारत को आत्मनिर्भर नहीं बना पाएंगे। अखिलेश यादव ने सदन में फिर दोहराया कि अगर हमें पाकिस्तान से खतरा है, तो चीन राक्षस है। वह हमारी जमीन और हमारा बाजार दोनों छीन लेगा। उन्होंने सदन में सरकार से सवाल करते हुए कहा, क्या भारत सीमा पर चीन से बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर बना रहा है? इसका जवाब सरकार को देना चाहिए। समाजवादी पार्टी के प्रमुख ने यह भी मांग की कि सरकार को डिफेंस बजट को भी बढ़ाना चाहिए और यह जीडीपी का कम से कम 3 प्रतिशत होना चाहिए।

आतंकवादियों का एनकाउंटर कल ही क्यों हुआ?

लोकसभा में सपा प्रमुख ने 'ऑपरेशन महादेव' की टाइमलाइन पर सवाल उठाए। उन्होंने सवाल किया कि 'पहलगाम के आतंकवादियों का एनकाउंटर कल (28 जुलाई) ही क्यों हुआ?

'विश्वगुरु' ने हमें और देश के लोगों को निराश किया

नई दिल्ली। डीएमके सांसद ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान का पर्दाफाश करने के लिए विदेश भेजे गए प्रतिनिधिमंडल में शामिल करने के लिए सरकार का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि पहली बार भाजपा ने विपक्ष पर कुछ भरोसा दिखाया है और हमें देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए नेताओं या प्रतिनिधिमंडलों के हिस्से के रूप में भेजा है। मैं सरकार को धन्यवाद देना चाहती हूं, लेकिन मैं यह भी कहना चाहूंगी कि अगर इन प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व करने का अवसर नहीं मिला होता तो हम अधिक खुश और आभारी होते। कनिमोझी ने कहा कि इन प्रतिनिधिमंडलों को क्यों जाना पड़ा, हमले क्यों हुए? कुछ अवसर जश्न मनाने के नहीं बल्कि शोक मनाने के होते हैं। ये अवसर इसलिए आए क्योंकि शांति नहीं हो पाई और यह गहरे दर्द से उपजा है। हमें जाना पड़ा क्योंकि आपने भारत के लोगों को निराश किया है। विश्वगुरु ने हमें निराश किया है। आज यह आरोप-प्रत्यारोप का खेल बन गया है। आज भी गृह मंत्री ने अपने भाषण में केवल विपक्ष पर दोष मढ़ने पर ध्यान दिया।

राष्ट्रपति रेफरेंस मामला : 19 अगस्त से दलीलें सुनेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली(आईएएनएस)। राज्यपाल और राष्ट्रपति के पास विचाराधीन विधेयकों पर फैसले के लिए समयसीमा तय करने के मुद्दे में दायर राष्ट्रपति रेफ्रेंस मामले पर सुप्रीम कोर्ट 19 अगस्त से 10 सितंबर के बीच सुनवाई करेगा।

यह मामला संविधान के अनुच्छेद 200 और 201 के तहत राज्यपालों और राष्ट्रपति की विधायी शक्तियों से जुड़ा है। सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने यह सुनवाई संवैधानिक रेफ्रेंस पर तय की है। इसमें यह पूछा गया है कि राज्यपाल और राष्ट्रपति की ओर से राज्य विधानसभा से पारित विधेयकों पर कितने समय में फैसला लिया जाना चाहिए।

लाइव लॉ के मुताबिक केरल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता केके वेणुगोपाल ने अदालत में कहा कि तमिलनाडु के राज्यपाल से जुड़े मामलों में रेफ्रेंस में उठाए गए 14 में से 11 प्रश्नों के जवाब पहले ही दिए जा चुके हैं। वहीं तमिलनाडु राज्य की ओर से सीनियर एडवोकेट डॉ. एएम सिंघवी और पी. विल्सन ने भी रेफ्रेंस की वैधता पर सवाल उठाए।

कोर्ट ने सभी पक्षों से 12 अगस्त तक अपनी लिखित दलीलें दाखिल करने को कहा है। नोडल वकीलों के रूप में केंद्र की ओर से एडवोकेट अमन मेहता और विरोधी पक्ष की ओर से एडवोकेट मीशा रोहतगी को नियुक्त किया गया है, जो दोनों पक्षों की दलीलों का संकलन तैयार करेंगे।

कोर्ट के आदेश के अनुसार, जो पक्ष राष्ट्रपति की ओर से भेजे गए इस मामले का समर्थन कर रहे हैं, उन्हें 19, 20, 21, और 26 अगस्त को सुना जाएगा। जो पक्ष इसके विरोध में हैं, उन्हें 28 अगस्त और 3, 4, और 9 सितंबर को सुना जाएगा। केंद्र सरकार की ओर से जवाब देने का मौका 10 सितंबर को मिलेगा।

भारत को 'प्रलय' मिसाइल के परीक्षण में मिली सफलता

■ भारत की स्वदेशी मिसाइल 'प्रलय'

नई दिल्ली। भारत को रक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी कामयाबी मिली है। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीरडीओ) ने जानकारी दी है कि भारत की स्वदेशी मिसाइल 'प्रलय' का 28 और 29 जुलाई 2025 को लगातार दो बार सफल परीक्षण किया गया। ये परीक्षण सेना की जरूरतों के मुताबिक किए गए थे ताकि यह देखा जा सके कि मिसाइल कम और ज्यादा दूरी तक कितनी सटीकता से मार कर सकती है।

दोनों दिनों में मिसाइल ने तय दिशा में उड़ान भरी और अपने लक्ष्य को बिल्कुल सही तरीके से भेदा। डीआरडीओ ने बताया कि यह परीक्षण सभी तय मानकों और उद्देश्यों पर खरा उतरा है। यानी मिसाइल ने जैसा उससे उम्मीद की गई थी, ठीक वैसा ही प्रदर्शन किया। वहीं बात अगर इस मिसाइल की ताकत की करें तो 'प्रलय' मिसाइल 150 किलोमीटर से लेकर 500 किलोमीटर तक के लक्ष्य को सटीकता से निशाना बना सकती है। यानी यह कम दूरी पर दुश्मन के बंकर, रडार या हथियारों को तबाह कर सकती है। यह मिसाइल सुपरसोनिक गति से उड़ान भरती है, यानी यह आवाज की गति से भी तेज चलती है। इसका वजन लगभग 5 टन (5000 किलो) है, जिसमें इसका फ्यूल और वॉरहेड शामिल होता है। गौरतलब है कि 'प्रलय' जीपीएस और इनर्शियल नेविगेशन सिस्टम का इस्तेमाल करती है, जिससे यह अपने लक्ष्य को बिल्कुल सही जगह पर मार सकती है। इसे इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह दुश्मन के एयर डिफेंस सिस्टम को चकमा दे सके। 'प्रलय' मिसाइल चीन और पाकिस्तान जैसी चुनौतियों को ध्यान में रखकर बनाई गई है।

'प्रलय' एक आधुनिक बैलिस्टिक मिसाइ

बता दें कि भारत की रक्षा ताकत को और मजबूत करने के लिए बनाई गई 'प्रलय' एक स्वदेशी बैलिस्टिक मिसाइल है, जिसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने विकसित किया है। यह जमीन से जमीन पर मार करने वाली मिसाइल है, जो बेहद तेज और सटीक निशाना लगाने में सक्षम है। 'प्रलय' एक क्विक रिएक्शन बैलिस्टिक मिसाइल है, जिसका मतलब है कि यह बहुत कम समय में लॉन्च की जा सकती है और दुश्मन के ठिकानों को तबाह कर सकती है। यह मिसाइल भारतीय सेना की शॉर्ट-रेंज स्ट्राइक कैपेबिलिटी को और ज्यादा ताकत देती है।

कनाडा के न्यूफाउंडलैंड में विमान दुर्घटना, एक भारतीय की मौत

कनाडा(आईएएनएस)। टोरंटो स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि कनाडा के न्यूफाउंडलैंड में एक वाणिज्यिक सर्वेक्षण विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, 26 जुलाई की शाम को कनाडा के न्यूफाउंडलैंड स्थित डियर लेक हवाई अड्डे के पास एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

टोरंटो स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने मंगलवार को बताया कि इस दुर्घटना में एक भारतीय नागरिक गौतम संतोष की मौत हो गई। भारतीय दूतावास ने भी अपनी संवेदना व्यक्त की और मृतक के परिवार को हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। 'एक्स' पर लिखे पत्र में, महावाणिज्य दूतावास ने लिखा, ÷हम इस कठिन समय में उनके परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। वाणिज्य दूतावास कनाडा में शोक संतप्त परिवार और स्थानीय अधिकारियों के साथ सभी आवश्यक सहायता और सहयोग प्रदान करने के लिए निरंतर संपर्क में है।

मूल रूप से केरल के रहने वाले संतोष डेल्टा, ब्रिटिश कोलंबिया स्थित किसिक एरियल सर्वे इंक. में कार्यरत थे, जो पाइपर पीए-31 नवाजो विमान का संचालन करती थी। इससे पहले, रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने पुष्टि की थी कि दुर्घटना के समय विमान में दो लोग सवार थे, और दोनों को घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया था। ब्रिटिश कोलंबिया स्थित कंपनी किसिक जियोस्पेशियल एंड एरियल सर्वे के मालिक एंड्र्यू नेस्मिथ ने दुर्घटना के बाद कहा, "हम इस क्षति से स्तब्ध और शोकाकुल हैं।"

बिहार कैबिनेट की बैठक में 41 प्रस्तावों की मिली स्वीकृति

पटना(आईएएनएस)। बिहार मंत्रिमंडल की मंगलवार को हुई बैठक में पत्रकारों की पेंशन राशि बढ़ाने के सरकार के फैसले को मंजूरी दे दी गई। पत्रकारों की पेंशन राशि 6,000 रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 15,000 रुपये कर दी गई है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में कुल 41 प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई है। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ ने बैठक के बाद मीडियाकर्मियों को विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि मंत्रिमंडल की बैठक में खेलकूद को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा फैसला लिया गया है। राजगीर स्थित खेल अकादमी के लिए 1131 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इससे राज्य में खेल सुविधाओं का विस्तार होगा और युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण के अवसर मिलेंगे।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा बैठक में सीतामढ़ी जिलान्तर्गत पुनौराधाम मंदिर के पास पर्यटकीय विकास एवं आधारभूत संरचनाओं के निर्माण के लिए 50.50 एकड़ भूमि अधिग्रहण के लिए 120.58 करोड़ रुपये की योजना की प्रदत्त प्रशासनिक स्वीकृति को संशोधित करते हुए 50 एकड़ भूमि अधिग्रहण के निमित राशि 165.57 करोड़ रुपये की पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।

बैठक में संस्कृति और परंपरा को बढ़ावा देने की दिशा में एक और अहम निर्णय लिया गया। मुंगेर के प्रसिद्ध सीता कुंड मेले को अब राजकीय मेला का दर्जा मिल गया है। इससे मेला आयोजन में सरकारी सहयोग बढ़ेगा और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य सरकार ने बिहार राज्य युवा आयोग के लिए छह नए पदों के सृजन को मंजूरी दे दी है। इससे युवाओं की समस्याओं के समाधान और नीति निर्माण में उनकी भागीदारी बढ़ेगी। बैठक में पटना शहर के नेहरू पथ पर डॉ. राम मनोहर लोहिया पथ चक्र निर्माण कार्य करने के प्रस्ताव को स्वीकृत करते हुए 675.50 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।

न्यायिक प्राधिकरण ... सुप्रीम कोर्ट ने आधार को भी दस्तावेजों की सूची में शामिल करने पर विचार करने के लिए कहा

बड़ी संख्या में लोगों को मतदाता सूची से बाहर रखा तो तुरंत हस्तक्षेप करेंगे : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट बिहार मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण मामले पर सुनवाई 12-13 अगस्त तक टाल दी है। सुप्रीम कोर्ट एसआईआर के खिलाफ याचिका दायर करने वाली राजनीतिक पार्टियों से 8 अगस्त तक जवाब दाखिल करने को कहा है। याचिकाकर्ताओं ने आशंका जताई है कि 1 अगस्त को ड्राफ्ट सूची का प्रकाशन हो जाएगा और उसमें कई लोगों को मतदाता सूची से बाहर रखा गया है। इस पर जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि 'हम एक न्यायिक प्राधिकरण के रूप में इस मामले की समीक्षा कर रहे हैं और अगर बड़े पैमाने पर लोगों को मतदाता सूची से बाहर किया गया तो हम तुरंत हस्तक्षेप करेंगे।'

इसके बाद पीठ ने ये भी कहा कि जिन लोगों के मृत होने का दावा किया जा रहा है, उनमें से लोग जिंदा है तो 15 लोगों को लेकर आइए, जो कहें कि वो जिंदा हैं।

इस पर याचिकाकर्ता राजद सांसद मनोज झा के वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि चुनाव आयोग उनके नाम जानता है, अगर वे ही उनके नाम का जिक्र कर दें तो हमें कोई आपत्ति नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को इस मामले पर सुनवाई के दौरान बिहार में मसौदा मतदाता सूची के प्रकाशन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने आयोग से आधार को भी दस्तावेजों की सूची में शामिल करने पर विचार करने के लिए फिर से कहा।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा- हम याचिकाकर्ताओं की चिंता पर ध्यान देंगे

चुनाव सुधार संगठन एडीआर की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण ने अदालत को बताया कि चुनाव आयोग के बयान के अनुसार, करीब 65 लाख लोगों ने मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के दौरान अपने गणना प्रपत्र दाखिल नहीं किए हैं। चुनाव आयोग का मानना है कि या तो ये लोग मर चुके हैं या फिर दूसरे स्थानों पर बस गए हैं। प्रशांत भूषण ने इन लोगों को भी मतदाता सूची में शामिल करने की मांग की। इस पर जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि 'चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है और यह कानून के तहत काम करेगी। हम सुनिश्चित करते हैं कि हमारा इन चिंताओं पर ध्यान है। हम आपकी बात सुनेंगे।'

ड्राफ्ट से छूटे लोगों की सूची तैयार करें याचिकाकर्ता

याचिकाकर्ताओं से सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वे 1 अगस्त को प्रकाशित होने के बाद ड्राफ्ट सूची से छूटे हुए लोगों को चिह्नित करें. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सूची में नाम जोड़ने और सुधार के लिए 30 दिन की प्रक्रिया है. अगर बड़े पैमाने पर नाम बाहर किए गए तो हम हस्तक्षेप करेंगे। सुनवाई के दौरान जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने कहा, 'चुनाव आयोग ड्राफ्ट सूची प्रकाशित करेगा. आपकी आशंका है कि लगभग 65 लाख मतदाता सूची में शामिल नहीं होंगे. वे (चुनाव आयोग) 2025 की प्रविष्टि के संबंध में सुधार की मांग कर रहे हैं. हम एक न्यायिक प्राधिकरण के रूप में इस मामले की समीक्षा कर रहे हैं. अगर बड़े पैमाने पर नाम बाहर किए गए हैं, तो हम तुरंत हस्तक्षेप करेंगे.' कोर्ट ने कहा कि जीवित लोगों को शामिल किया जाना चाहिए।

बाघों की आबादी वाला दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उद्यान काजीरंगा

■ हर 100 वर्ग किमी में पाए गए 18 बाघ

गुवाहाटी। असम के काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और टाइगर रिजर्व ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अब यह दुनिया में बाघों की तीसरी सबसे ज्यादा आबादी वाला इलाका बन गया है। यह जानकारी काजीरंगा पार्क की नई रिपोर्ट स्टेटस ऑफ टाइगर्स इन काजीरंगा 2024 में दी गई है। रिपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय टाइगर दिवस के मौके पर जारी किया गया है। अब इस पार्क में हर 100 वर्ग किलोमीटर पर 18 बाघ की होने की पुष्टि की गई है।

बता दें कि बाघों की गिनती के लिए दिसंबर 2023 से अप्रैल 2024 तक पूरे रिजर्व में 1,300 वर्ग किमी क्षेत्र में कैमरा ट्रैप लगाए गए। इन कैमरों की मदद से 148 वयस्क बाघों की पहचान हुई, जिसमें 83 मादा, 55 नर और 10 की पहचान स्पष्ट नहीं हुई। यह सर्वे नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी के गाइडलाइन के अनुसार किया गया।पार्क की फील्ड डायरेक्टर सोनाली घोष ने इस उपलब्धि को संरक्षण संदेश बताया। उन्होंने कहा कि यह आंकड़ा सिर्फ संख्या नहीं है, यह काजीरंगा की स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र और सफल संरक्षण का प्रतीक है।

टाटा एस वाहन में रखे रुपयों से भरा बैग पार

रायपुर/नवप्रदेश। टाटा एस वाहन में रखे रूपयों से भरे बैग को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मनोज कुमार दीवान 42 वर्ष ग्राम कुरूद का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपने टाटा एस क्रमांक सीजी 04 एलव्ही 6490 के कंडक्टर सीट में एक बैग रखा था, जिसमें 2 लाख 70 हजार रुपए था। जिसे अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा देकर 17 लाख की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। शेयर मार्केट में अधिक मुनाफा कमाने का झांसा देकर 17 लाख से अधिक की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सूरज कुमार घोष 42 वर्ष आदर्श नगर मठपारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी के पास अज्ञात मोबाइल नंबर 84015-20396 से कॉल आया। उक्त व्यक्ति ने शेयर मार्केट में पैसा लगाने पर ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा देकर अपने एकाउंट में 17 लाख 5 हजार रुपए जमा करवा लिया। जब प्रार्थी को ठगे जाने से एहसास हुआ, तो उसने इसकी शिकायत टिकरापारा थाना में की। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

नौकरी दिलाने का झांसा देकर साढ़े 20 लाख की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। छात्रावास अधीक्षक के पद पर नौकरी लगाने का झांसा देकर 20 लाख 50 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी जनक कुमार साहू 27 वर्ष भाठागांव पुरानी बस्ती का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी डेविड तिग्गा 51 वर्ष ने प्रार्थी को शासकीय छात्रावास अधीक्षक के पद पर नौकरी लगाने का झांसा देकर 20 लाख 50 हजार रुपए ठग लिए। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। तेज रफ्तार बाइक सवार ने एक बुजुर्ग को टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में आरंग पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक रामबिहावन भारती 74 वर्ष आरंग का रहने वाला था। बताया जाता है कि रामबिहावन सड़क किनारे खड़ा था, तभी बाइक क्रमांक सीजी 04 क्यूडी 8270 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए रामबिहावन को टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में आरंग पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

हास्टल से लपेटाप व मोबाइल पार

रायपुर/नवप्रदेश। पंडरी स्थित संध्या ब्वाय हास्टल से अज्ञात चोर ने 2 नग लेपटाप और 4 नग मोबाइल पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी शिवनाथ सिन्हा 25 वर्ष जनता क्वाटर सेक्टर 1 शंकरनगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि पंडरी स्थित संध्या रेसीडेसी ब्वाय हास्टल से अज्ञात चोर ने 2 नग लेपटाप व 4 नग मोबाइल पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 98 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

मोटरसाइकिल चोरी का कथित आरोपी गिरफ्तार

कोरबा/नवप्रदेश। जिले की दीपका थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्यवाही करते हुए मोटरसाइकिल चोरी गिरोह के एक कथित आरोपी को गिरफ्तार किया है। कथित आरोपी के कब्जे से 4 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। पुलिस ने उसको न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी किरण कुमार यादव ने 26 जुलाई को थाना दीपका में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी मोटरसाइकिल चोरी हो गई है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर दीपका पुलिस ने एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर मोटरसाइकिल चोरी करता था। पुलिस ने कथित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

रक्षाबंधन एवं तीजा के पहले प्रमुख मार्गों में ठेला, गुमटी वालों को हटाने से रोष

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम द्वारा इस समय मालवीय रोड सहित अन्य प्रमुख मार्गों पर अवैध कब्जा हटाया जा रहा है, जिससे गरीब ठेला चालक एवं गुमटी वाले परेशान हैं। निगम कर्मियों ने चेतावनी दी है कि 15 अगस्त के बाद यह अभियान और तेज किय जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार राजधानी के मालवीय रोड में रक्षाबंधन तथा तिजा सहित अन्य त्योहारों के कारण भीड़ उमड़ी रही है। लेकिन आए दिन टीम प्रहरी के सदस्य परेशान करते हैं। जयस्तभ चौक, ड्राईफूड फल एवं कपड़े जूता बेचने वाले परेशान हैं।

नवीन तकनीक के उपयोग से किसान समृद्धि की ओर अग्रसर

- **आधुनिकतम पैडी ट्रांसप्लांटर मशीन से रोपाई कर बचा रहे अपना धन व समय**
- **किसान हितैषी योजनाओं के संचालन के लिए किसानों ने जताया आभार**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में बालोद जिले में किसानों के जीवन में एक नया परिवर्तन देखने को मिल रहा है, यह परिवर्तन कृषि कार्य में नवीन तकनीकों के प्रयोग से आया है। जिले में कृषि कार्य में नवीन तकनीकों के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे किसान कम लागत और कम समय में बेहतर उत्पादन हासिल कर रहे हैं और वे समृद्धि की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। यह बदलाव न केवल किसानों की मेहनत को आसान बना रहा है, बल्कि उनके चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास भी ला रहा है।

बालोद जिले के गुण्डरदेही विकासखंड के ग्राम खल्लारी के किसान श्री डिकेश्वर साहू इस परिवर्तन के बेहतर मिसाल बन चुके हैं। श्री साहू ने बताया कि वे अपने खेतों में अब धान की रोपाई के लिए पैडी ट्रांसप्लांटर मशीन का उपयोग कर रहे हैं, जो उनके लिए एक क्रांतिकारी कदम साबित हो रहा है। पहले वे इस कार्य के लिए मजदूरों पर निर्भर रहते थे, जिसमें न केवल समय की अधिकता लगती थी, बल्कि लागत भी काफी बढ़ जाती थी। लेकिन अब पैडी ट्रांसप्लांटर मशीन के उपयोग से वे कम समय में ही अपने खेतों में रोपाई का कार्य सुचारू रूप से पूरा कर लेते हैं। श्री साहू ने कहा कि शासन की नीतियों और कृषि विभाग के मार्गदर्शन ने हमें नई तकनीकों से जोड़ा है। पहले बहुत सारे मजदूरों की व्यवस्था करने और उनसे काम लेने काफी ज्यादा पैसे लगते थे, इससे उनके खेती कार्य लागत बढ़ जाती थी, लेकिन अब नई तकनीक के उपयोग से समय और पैसे दोनों की बचत हो रही है और कृषि कार्य में काफी मुनाफा हो रहा है। किसान श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सुशासन ने हमारे जीवन को आसान बनाया है। उनके किसान हितैषी निर्णयों और योजनाओं के संचालन से अब हम कृषि विभाग द्वारा निरंतर मार्गदर्शन मिल रहा है, जिससे किसानों को खेती कार्य में काफी मुनाफा हुआ है। इसी ग्राम के एक अन्य किसान श्री बिसाली राम ने भी इस बदलाव की कहानी को साझा किया। उन्होंने बताया कि पहले वे मजदूरों के माध्यम से खेत में रोपाई का कार्य करते थे, लेकिन अब पैडी ट्रांसप्लांटर मशीन के प्रयोग से उनका कार्य न केवल तेज हुआ है, बल्कि लागत में भी कमी आई है।

रीपा योजना में गड़बड़ी 3 पंचायत सचिव निलंबित

3 जनपद सीईओ को संभागायुक्त कावरे ने जारी किया शोकॉज नोटिस

रायपुर/नवप्रदेश। रीपा योजना का पंचायत एवं ग्रामीण विकास ने शासन स्तर पर जांच की थी जिसके प्रतिवेदन के आधार पर कार्यवाही की गई। जांच में विभिन्न स्तर पर गड़बड़ी एवं नियम प्रक्रिया का पालन नहीं करना पाया गया। जांच के आधार पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। रायपुर संभाग के 3 पंचायत सचिव पर निलंबन कार्यवाही की गई है। साथ ही तत्कालीन जनपद पंचायत सीईओ को कारण बताओ नोटिस दिया गया है।

संभागायुक्त कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार महासमुंद जिला पंचायत सीईओ ने जनपत पंचायत महासमुंद के ग्राम पंचायत बिरकोनी के सचिव शंकर साहु, बलौदाबाजार-भाटापारा के जिला पंचायत सीईओ ने जनपद पंचायत पलारी के गिर्रा के ग्राम पंचायत सचिव खिलेश्वर ध्रुव और जनपद पंचायत बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत लटुआ के सचिव टीकाराम निराला को निलंबित किया है। इन्हें भण्डार क्रय नियम का पालन न करने, बगैर तकनीकी परीक्षण किये मशीन क्रय करना एवं मशीन के देय का खण्ड खण्ड भुगतान के साथ कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही बरतने के कारण यह कार्यवाही की गई है।

रीपा की जांच के संबंध में संभागायुक्त श्री महादेव कावरे द्वारा तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पलारी श्री रोहित नायक जिला बलौदाबाजार-भाटापारा को, तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बलौदाबाजार श्री रवि कुमार जिला बलौदाबाजार भाटापारा एवं तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत महासमुंद, लिखत सुल्ताना जिला महासमुंद को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। आयुक्त रायपुर संभाग द्वारा उक्त अधिकारियों को नियत अवधि में जवाब देने के निर्देश दिए हैं।

आधुनिक खेती व मेहनत में केतकी बाई को बनाया लखपति दीदी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के माध्यम से आत्मनिर्भरता की मिसाल बनी श्रीमती केतकी बाई पटेल आज ÷लखपति दीदी÷ के नाम से जानी जाती हैं। जनपद पंचायत दुर्ग के आमटी ग्राम की निवासी और प्रगति महिला स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष केतकी दीदी ने सब्जी उत्पादन और विक्रय से अपनी मेहनत और निश्चय के बल पर आर्थिक समृद्धि हासिल की है। शुरुआत में संघर्ष करना पड़ा, फिर समूह से उनको सहारा मिला। समूह से जुडने़ से पहले दीदी के पास संसाधनों की कमी थी। सब्जी उत्पादन की इच्छा होते हुए भी आर्थिक तंगी के कारण वे इसे बड़े स्तर पर नहीं कर पा रही थीं। जब उन्हें बिहान योजना की जानकारी मिली, तो उन्होंने स्वयं पहल कर महिला साथियों के साथ स्व-सहायता समूह का गठन किया। छोटी-छोटी बचत करके अपने समूह को सशक्त बनाई। उसके उपरांत उन्होंने बैंक लिंकेज के माध्यम से 30 हजार का लोन लिया और सब्जी उत्पादन का कार्य प्रारंभ किया। बिहान योजना से सामुदायिक निवेश कोष से 20 हजार का लोन प्राप्त कर अपना व्यवसाय को आगे बढ़ाया।

केतकी दीदी ने एक एकड़ निजी भूमि में सब्जी उत्पादन शुरू किया और धीरे-धीरे आधुनिक तकनीक अपनाते हुए, जैसे कि मचान विधि, उत्पादन की गुणवत्ता और मात्रा दोनों बढ़ाई। आज उनके खेत में भिंडी, बरबटी, करेला, मक्का, बैगन, भाजी जैसी कई मौसमी सब्जियां उगाई जाती हैं। वे सप्ताह में चार दिन बाजार में विक्रय कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रही है। दो दिन निकुम बाजार और दो दिन आलबरस बाजार में सब्जियों की बिक्री करती हैं।

प्रदेश में अब तक 603.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 603.6 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक बलरामपुर जिले में सर्वाधिक 936.3 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 315.7 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। रायपुर संभाग में रायपुर जिले मे 559.2 मि.मी., बलौदाबाजार में 545.0 मि.मी., गरियाबंद में 464.2 मि.मी., महासमुंद में 519.8 मि.मी. और धमतरी में 476.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। बिलासपुर संभाग में बिलासपुर जिले में 650.8 मि.मी., मुंगेली में 657.1 मि.मी., रायगढ़ में 762.0 मि.मी., जांजगीर-चांपा में 836.0 मि.मी., कोरबा में 661.9 मि.मी., गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 617.3 मि.मी., सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 578.1 मि.मी वर्षा दर्ज हुई है।

रायपुर में जनसुरक्षा शिविर का आयोजन

- **बैंक ऑफबड़ौदा के सहायक महाप्रबंधक मनोज कुमार का छत्तीसगढ़ दौरे पर**

रायपुर/नवप्रदेश। भारत सरकार के वित्तीय सेवा विभाग निर्देशानुसार वित्तीय समावेशन सैचुरेशन ड्राइव (दिनांक 01.07.2025 से 30.09.2025 तक) के तहत छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में बैंक ऑफ़बड़ौदा, रायपुर क्षेत्र ने 28 जुलाई 2025 को एक दिवसीय जनसुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों तक वित्तीय सुरक्षा योजनाओं जैसे जीवन बीमा, दुर्घटना बीमा और पेंशन का लाभ पहुँचाना था।

शिविर के मुख्य अतिथि श्री मनोज कुमार, सहायक महाप्रबंधक, वित्तीय समावेशन एवं कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व, बैंक ऑफबड़ौदा, प्रधान कार्यालय, बड़ौदा थे । वे 28 जुलाई से 30 जुलाई 2025 तक तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर हैं, जिसके तहत उन्होंने रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और धमतरी क्षेत्रों में बैंक शाखाओं, बीसी केंद्रों और समावेशन शिविरों का निरीक्षण करेंगे । इस आयोजन में उनके साथ किसलय प्रसाद , क्षेत्रीय प्रमुख एवं उप महाप्रबंधक तथा प्रदीप कुमार यादव, सहायक महाप्रबंधक एवं उप क्षेत्रीय प्रमुख उपस्थित रहे। इस शिविर में नागरिकों को निम्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

आबकारी भर्ती परीक्षा छात्राओं के बाली, दुपट्टे, स्कार्फ उतरवाना शर्मनाक : आप

रायपुर/नवप्रदेश। व्यापम द्वारा 27 जुलाई 2025 को आयोजित आबकारी भर्ती परीक्षा में महिला अभ्याथियों से कान की बाली, दुपट्टा, स्कार्फ टी शर्ट और काले कपड़े उतरवाने पर आम आदमी पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष दुर्गा झा ने विभाग की शर्मनाक हरकत का घोर विरोध किया है, उनका कहना है कि छात्राओं से इस तरह का व्यवहार दुर्भाग्यजनक है। एक तो सरकार युवाओं को नौकरी नहीं दे पा रही है और किसी तरह भर्ती निकली और हजारों बेरोजगार युवाओं द्वारा तैयारी करने के बाद शासन की अनियमितता के कारण हजारों अभ्यर्थी परीक्षा देने से वंचित रह जाना साय सरकार का कुशासन दर्शाता है। प्रदेश महिला विंग अध्यक्ष मिथिलेश बघेल और प्रदेश उपाध्यक्ष प्रियंका शुक्ला ने कहा कि व्यापम की लापरवाही से सिर्फरायपुर में ही लगभग 1000 छात्र परीक्षा नहीं दे पाए। एग्जाम सेंटर पर पहुंची छात्राओं से दुपट्टा, स्कार्फ और काले रंग के कपड़े उतरवाये गए। कुछ छात्रों से टी-शर्ट बदलने के लिए भी कहा गया जब वे कपड़े बदलकर पहुंची तो देर हो चुकी थी। पुरुष अभ्यर्थियों को भी जूते उतारने के लिए भी कहा गया। कुछ पुरुष अभ्यर्थी तो कपड़े की गाइड लाइन की वजह से बनियान पहनकर परीक्षा में शामिल हुए, ये वाकई शर्मनाक है।

महाराष्ट्र मंडल ने मनाया दिव्यांग संजना का जन्मदिन

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल के दिव्यांग बालिका विकास गृह में रहने वाली सिलियारी वासी संजना टंडन का जन्मदिन चौबे कालोनी महिला केंद्र की सभासदों ने धूमधाम से मनाया। इससे पहले भी महाराष्ट्र मंडल की जंबो टीम ने दिव्यांग बालिकाओं की छोटी- छोटी खुशियों में शामिल होकर उसे भव्य बनाया है ।

चौबे कॉलोनी केंद्र के संयोजिका अक्षता पंडित ने बताया कि यहां रहने वाली दिव्यांग बालिकाएं अपने घर से दूर महाराष्ट्र मंडल के आत्मीय व पारिवारिक वातावरण में बेहतरीन सेहत के साथ शिक्षित होने, स्वावलंबी होने के लिए यहां आतीं हैं। ऐसे में हमारी नैतिक जिम्मेदारी होती है कि उनकी छोटी- छोटी खुशियों में भी हम सब शामिल हों और उन्हें घर की कमी महसूस न होने दें। इन्हीं भावनाओं के साथ हमने महाराष्ट्र मंडल में ही संजना का जन्मदिन धूमधाम से साथी दिव्यांग बच्चियों व बीसियों सभासदों के साथ मनाया।

टीबी मुक्त छत्तीसगढ़ की ओर कदम

- **मरीजों को मुफ्त इलाज और पोषण सहायता**
- **खरोरा की पूजा को सरकारी योजनाओं से टीबी इलाज में मिली राहत**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार टीबी (तपेदिक) के मरीजों के लिए मुफ्त इलाज, जांच और पोषण संबंधी सहायता प्रदान करती है। शासन ने वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, इसी कड़ी में ज़िले की खरोरा निवासी सुश्री पूजा धीवर ने बताया मैं टीबी मरीज हूं और मेरा इलाज सरकारी दवाई के माध्यम से हो रहा है साथ ही दवाई लेने के बाद मेरे सेहत में सुधार हो रहा है। इस लाभकारी योजना के लिए मैं मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त करती हूँ।

टीबी मरीजों को सरकार द्वारा 6 माह में 6,000 रुपये की वित्तीय सहायता DBT (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) के माध्यम से दी जाती है एवं 6 माह का प्रोटीनयुक्त पोषण आहार भी प्रदान किया जाता है। टीबी के यह लक्षण हो सकते है :- खांसी, बुखार, पसीने आना, सीने में दर्द, बलगम में खून और शरीर में गांठे आदि। रायपुर में जिला क्षय रोग केंद्र कालीबाड़ी में स्थित है, यहाँ मरीज अधिक जानकारी के लिए संपर्क कर सकते है।

आत्मनिर्भरता ... *उपकेन्द्र व लाइन की लागत 176 करोड़ रू, समग्र बिजली प्रणाली की सुदृढ़ता में बड़ा योगदान*

धरदेही में प्रदेश का पांचवां 400 केवी ग्रिड उपकेंद्र ऊर्जीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड द्वारा धरदेही में प्रदेश के पांचवे 400 केवी विद्युत उपकेंद्र की स्थापना का कार्य पूर्ण कर, प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला के हाथों ऊर्जीकृत कर दिया गया। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिये मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, प्रमुख सचिव तथा पारेषण कंपनी के अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह तथा ऊर्जा सचिव डॉ. रोहित यादव ने ट्रांसमिशन कंपनी को बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि राज्य गठन के समय 400 केवी का सिर्फएक उपकेंद्र था, अब इनकी संख्या 5 हो गई है ।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड द्वारा 400 केवी क्षमता के अत्याधुनिक एवं उच्च तकनीक से सुसज्जित स्वचालित उपकेंद्र संचालन प्रणाली पर आधारित ग्रिड सबस्टेशन, धरदेही (बिलासपुर) जिला मुंगेली, में 26 जुलाई 2025 को ऊर्जीकृत किया गया। इस उपकेंद्र में स्थापित 400/220 केवी ट्रांसफॉर्मर की क्षमता 2म315 (630) एमवीए, 220/132 केवी ट्रांसफॉर्मर की क्षमता 2म160 (320) एमवीए तथा वोल्टेज नियंत्रक 400 केवी लाइन रिएक्टर की क्षमता 2म50 एमवीएआर है। प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि यह परियोजना छत्तीसगढ़ राज्य की विद्युत क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और सशक्तीकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगी।

यह उपकेंद्र प्रदेश के बिजली ढांचे को और अधिक सुदृढ़ एवं विश्वसनीय बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इसके चार्ज होने से बिलासपुर, भाटापारा, मुंगेली, कोरबा, जांजगीर-चांपा, अंबिकापुर, बलौदा बाज़ार एवं आसपास के क्षेत्रों को उच्च गुणवत्ता एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। साथ ही औद्योगिक इकाइयों, कृषि क्षेत्र एवं घरेलू उपभोक्ताओं को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा।

धरदेही ग्रिड सबस्टेशन का संचालन न केवल क्षेत्रीय ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करेगा, बल्कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड की 2म660 मेगावाट क्षमता वाली सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट परियोजना से उत्पादित विद्युत के सुरक्षित और कुशल ट्रांसमिशन हेतु एक केंद्रीय कड़ी के रूप में भी कार्य करेगा, साथ ही इस उपकेंद्र की सीधी कनेक्टिविटी पावरग्रिड के बिलासपुर स्थित 765 केवी सबस्टेशन से भी हो जाएगी। 400 केवी सबस्टेशन धरदेही राज्य के भविष्य की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु केंद्रीय प्रणाली से आयातित करने की क्षमता (इम्पोर्ट एटीसी) में पर्याप्त वृद्धि सुनिश्चित करेगा। इस सबस्टेशन के माध्यम से विद्युत उत्पादन को प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में सुचारु रूप से प्रवाहित किया जाएगा, जिससे ग्रिड स्थिरता और ऊर्जा उपलब्धता दोनों को मजबूती मिलेगी।

इस उपकेंद्र का निर्माण निविदा प्रक्रिया से चयनित मेसर्स टेक्नो इलेक्ट्रिक कंपनी लिमिटेड कोलकाता के माध्यम से कराया गया।

सुविचार

प्रेम तो बगैर एक शब्द बोले भी किया जा सकता है। शब्दों की जरूरत तो झगड़ा करने के लिए पड़ती है। - अज्ञात

आपरेशन सिंदूर पर गृह मंत्री की खरी खरी

संसद के मानसून सत्र में आपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान विपक्ष ने सरकार को कटघरे में खड़ा करने की कोशिश की लोकसभा में उपनेता प्रतिपक्ष गौरव गोगोई ने सरकार पर निशाना साधते हुए सवाल किया कि सरकार यह क्यों नहीं बता रही है कि आतंकवादी पहलगाम में कैसे आये। कैसे पाकिस्तान से आतंकवादी पहलगाम में पहुंचे और 26 लोगों की हत्या कर कहां चले गये। विपक्ष के अन्य नेताओं ने भी इस मुद्दे को लेकर सरकार पर सवालों की बौछार कर दी। इसके जवाब में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने विपक्ष को आड़े हाथों लिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर तंज कसा की उन्होंने एक बार भी यह नहीं पूछा है कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान के कितने विमानों को मार गिराया और पाकिस्तान को कितनी क्षति पहुंचाई। इसी तरह विपक्ष के नेताओं द्वारा बार बार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सीजफायर कराने संबंधी दावे को लेकर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी और डोनाल्ड ट्रंप की कोई बातचीत नहीं हुई थी। पाकिस्तान के गिड़गिड़ाने पर ही अस्थाई संघर्ष विराम हुआ है। जरूरत पड़ने पर पाकिस्तान के खिलाफ फिर से आपरेशन सिंदूर चलाया जाएगा। इसके बावजूद अखिलेश यादव सहित अन्य विपक्षी नेताओं आपरेशन सिंदूर को लेकर जब सरकार से सवाल पूछना जारी रखा तब गृह मंत्री अमित शाह ने मोर्चा संभाला और उन्होंने विपक्ष को खरी खरी सुना दी। अमित शाह ने कहा कि आज ही यह खबर आई है कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले का मुख्य आरोपी हासिम मूशा सहित तीन आतंकवादी आपरेशन महादेव के तहत ढेर कर दिये गये हैं। अमित शाह ने कहा कि उन्हें यह उम्मीद थी कि इस समाचार के मिलने पर सत्ता पक्ष के साथ ही विपक्ष भी हर्ष व्यक्त करेगा लेकिन विपक्ष ने तो मायूसी देखी जा रही है। अमित शाह ने अखिलेश यादव पर व्यंग्य किया कि आप आतंकवादियों का धर्म देखकर परेशान न हों। अपने वक्तव्य के दौरान अमित शाह ने कांग्रेस को आईना दिखाते हुए गड़े मुर्दे उखाड दिये उन्होंने कहा कि जब बाटला हाउस में आतंकवादियों को मारा गया था तात्कालीन यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी रातभर रोती रही थी और इस बात का खुलासा कांग्रेस के ही नेता सलमान खुर्शीद ने किया था उनके पास अभी वह वीडियो हैं यदि विपक्ष चाहता तो वे इसे सोशल मीडिया पर जारी कर देंगे। अमित शाह के बयान पर विपक्ष तिलमिला गया और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी तो सदन से उठकर ही चले गये। गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के आरोपों का सिलसिलेवार जवाब देते हुए कहा कि जब केन्द्र में मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार थी। तब आतंकी हमलों के बाद सरकार सिर्फ डोजियर भेजा करती थी और चुप बैठ जाती थी लेकिन अब स्थिति बदल गई है केन्द्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार है जो पाकिस्तान को डोजियर नहीं देती बल्कि गोली का जवाब गोले से देती है जब पाकिस्तान ने ऊरी में आतंकी हमला किया तो भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक कर उसे सबक सिखाया। इसी तरह पुलवामा हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ ऐयरस्ट्राइक करने का साहस दिखाया। इस तरह जब पाकिस्तान ने पहलगाम में आतंकी हमला कराया तो भारत ने उसके खिलाफ आपरेशन सिंदूर चलाकर वहां के आतंकी प्रशिक्षणों और ऐयरबेसों को मिट्टी में मिला दिया। साथ ही सौ से ज्यादा आतंकवादियों को भी खत्म कर दिया। अब पहलगाम में आतंकी हमले को अंजाम देने वाले पाकिस्तानी आतंकवादी भी ढेर किये जा रहे हैं। तीन लोग जहन्नूम रसीद किये जा चुके हैं और बाकी लोग भी जल्द ही मारे जाएंगे। कुल मिलाकर गृह मंत्री अमित शाह ने अपने धाराप्रवाह वक्तव्य से विपक्ष की बोलती बंद कर दी। उन्होंने कांग्रेस नेता गौरव गोगोई की भी जमकर क्लास लगाई और उनके सवाल पूछा कि क्या आप कभी बार्डर पर गये हो आप तो पाकिस्तान आते जाते रहते हो लेकिन बार्डर पर भारतीय सेना और सुरक्षाबल कैसी विषम स्थिति में अपना काम करती है इसका आप अनुमान भी नहीं लगा सकते। अमित शाह ने कांग्रेस पर यह कहकर भी तंज कसा की जिनका विदेश प्रेम जग जाहिर है इसीलिए ये अपने देश के चुने हुए विदेश मंत्री की बात पर यकीन नहीं करते।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆ जो साथ दे उसे गले लगाओ, जो न दे उसकी निंदा मत करो। न निंदा न जय-जयकार, क्योंकि एक ही जगह सब वर्शत्त जमा है-गुरु चरणों में!

◆ काहे की निंदा ? किसकी निंदा करें ? जिसकी निंदा करेंगे फिर वो तुम्हारे लिए प्रमुख हो जाएगा।

◆ अज्ञान तिमिर के कारण दुख में मत रहो और दुख बाँटो भी मत; ज्ञानवान बनो! प्रकाशवान बनो! विवेकवान बनो!

◆ अरे शरीर को मिटना है तो मिटने दो गुरु के कार्य में, ज्ञान प्राप्ति की दिशा में, पापमोचन की दिशा में मिटने दो; यह शरीर है ही नश्वर। तो क्यों ना शरीर के मिटने का कारण सर्वश्रेष्ठ कारण हो।

◆ प्रेम 'देने' का नाम है, काम 'लेने' का नाम है!

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1733 पहला अमेरिकी लॉज बोस्टन के फ़्रीमेसिस की सोसाइटी में बनाया गया। 1756 बर्तोलोमेओ रास्ट्रेलि नव निर्मित कैथरीन पैलेस को महारानी एलिज़ाबेथ और उसके दरबारियों को प्रस्तुत किया गया। 1811 मिगुएल हिडाल्गो वाई कोस्टिला, जो मैक्सिकन वारोफ इंडिपेंडेंस के शुरुआती नेता थे, को स्पेनिश अधिकारियों ने मार डाला था। 1824 जीयोचिनो रॉसीनी थिएटर इटालियन, पेरिस के नए प्रबंधक बने। 1825 माल्दन द्वीप की खोज हुई। 1836 अमेरिका के हवाई में अंग्रेजी भाषा का पहला अखबार प्रकाशित हुआ।1864 क्रेटर की लड़ाईः जनरल बर्न्सइड्स पीटर्सबर्ग के हमले में विफल रहे।1877 पीलेन की घेराबंदी में दूसरी लड़ाई शुरू हुई। 1909 राइट बंधुओं ने सेना के लिए पहला विमान बनाया। 1914 ऑस्ट्रिया की आर्टिलरीर बेलग्रेड शहर सर्बिया की राजधानी बना। 1930 एनबीसी रेडियो पर देथ वैली डेज का पहला प्रसारण हुआ। 1932 अमेरिका के लास एंजिल्स में दसवें आधुनिक ओलंपिक खेल की शुरुआत हुई।

निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण- विधिक एवं संवैधानिक पहलू

चंद्र शेखर गंगराड़े
पूर्व प्रमुख सचिव
छत्तीसगढ़ विधानसभा

और यदि किसी का नाम निर्वाचक नामावली में शामिल नही किया गया है, तो ऐसे व्?यक्ति निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के नियम 27 और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 24 (क) के तहत जिला मजिस्ट्रेट के पास अपील करने का भी अवसर दिया गया है और यदि जिला मजिस्ट्रेट के निर्णय से भी वह संतुष्ट नहीं है तो उस आदेश के 30 दिनों के भीतर राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष भी अपील की जा सकती है। इस विशेष गहन पुनरीक्षण के साथ-साथ चुनाव आयोग द्वारा इस बात का भी ध्?यान रखा गया है कि एक पोलिंग बूथ पर 1200 से अधिक मतदाता न हों और निर्वाचक को दो किलोमीटर से अधिक दूरी न तय करना पड़े और मतदाताओं को परेशान न होना पड़े, इसलिए एक ही घर में रहने वाले सभी सदस्?यों का नाम मतदाता सूची के एक ही खण्?ड और एक ही हिस्?से में रखा जाये और एक भवन और एक गली में रहने वाले मतदाताओं को भी मतदाता सूची के एक ही भाग पर रखा जाएगा। दिनांक 25 जुलाई 2025 तक प्राप्त आवेदनों के आधार पर तैयार निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशित कर दावा आपत्तियां प्राप्?त की जायेंगी और उनकी जांच, सुनवाई के पश्चात् अंतिम निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 30 सितंबर, 2025 को किया जायेगा।

भारत के संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत भारत में लोकसभा, राज्यसभा, विधान सभाओं, राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति के पदों के निर्वाचन के लिए चुनाव आयोग का प्रावधान किया गया है और इस जिम्मेदारी के निर्वहन की दिशा में चुनाव आयोग का मुख्य कार्य उक्त पदों के निर्वाचनों के लिए निर्वाचक नामावली तैयार कराने का है और इसके साथ ही सभी निर्वाचनों के संचालन का अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण का दायित्व चुनाव आयोग में निहित है और इसी जिम्मेदारी के निर्वहन के लिए चुनाव आयोग वह सभी कार्य करता है जो निर्वाचन को संपन्न कराने के लिए आवश्यक है।

संविधान के अनुच्छेद 325 के तहत लोकसभा, राज्?यसभा, विधान सभा और विधान परिषद के सदस्?यों के निर्वाचन के लिए एक निर्वाचक नामावली होगी, जिसमें धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग के आधार पर कोई व्?यक्ति ऐसी किसी नामावली में सम्मिलित किये जाने के लिए अपात्र नहीं होगा।

लोकसभा एवं विधान सभा के लिए निर्वाचन संबंध में संविधान के अनुच्छेद 326 में यह प्रावधान किया गया है कि निर्वाचन व्यस्क मताधिकार के आधार पर होगा अर्थात् प्रत्येक व्यक्ति जो भारत का नागरिक है, और जिसकी उम्र अर्हता दिनांक को 18 वर्ष या उससे अधिक हो, ऐसे किसी निर्वाचन में मतदाता के रूप में अपना नाम दर्ज करवाने के लिए पात्र होगा। संविधान के उक्त अनुच्छेद से यह स्पष्ट है कि निर्वाचक नामावली में केवल उसी व्यक्ति का नाम दर्ज होगा जो भारत का नागरिक हो और जिसकी उम्र 18 वर्ष या 18 वर्ष से अधिक हो, इसलिए चुनाव आयोग लोकसभा एवं राज्यों की विधान सभा के निर्वाचन के पूर्व निर्वाचक नामावली तैयार करता है जो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 21 के तहत विहित रीति में तैयार की जाती है और उक्त अधिनियम के तहत बनाये गये निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के अनुसार निर्वाचक नामावली उसके अंतिम प्रकाशन पर प्रभावी हो जाती है। सामान्य तौर पर चुनाव आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली का पुनरीक्षण समय-समय पर उक्त अधिनियम की धारा 21 (2) (क) (i) (ii) के तहत किया जाता रहता है, लेकिन उसके साथ ही यदि चुनाव आयोग को ऐसा प्रतीत होता है कि निर्वाचक नामावली का विशेष पुनरीक्षण किया जाना आवश्यक है तो

वह मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण किये जाने का निर्देश दे सकेगा और संविधान के अनुच्छेद 324 और उक्त अधिनियम की धारा 21 के तहत प्राप्त शक्तियों के परिप्रेक्ष्य में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस वर्ष बिहार राज्य की विधान सभा के लिए होने वाले आम निर्वाचन के पूर्व बिहार राज्य की मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण का निर्देश 24 जून, 2025 को जारी किया गया है, और इस हेतु अर्हक तिथि 1 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। यहां यह उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व बिहार राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण वर्ष 2003 में किया गया था। इसलिए अब होने वाले विशेष गहन पुनरीक्षण में उन मतदाताओं को जिनके नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची में शामिल थे इसलिए विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान केवल उस मतदाता सूची के अंश के अलावा अन्य कोई दस्तावेज दिखाने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन वर्ष 2003 के बाद जिन लोगों के नाम मतदाता सूची में शामिल किये गये हैं, या जिन पात्र नागरिकों के नाम अभी तक मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाये हैं, उनको चुनाव आयोग द्वारा जारी सूची में से कोई एक दस्तावेज प्रमाण स्वरूप प्रस्तुत करना होगा तभी उनका नाम मतदाता सूची में शामिल हो सकेगा अन्यथा उनका नाम काट दिया जायेगा। इसके साथ ही निर्वाचक नामावली में नाम शामिल कराने के इच्छुक पात्र व्यक्तियों को एक घोषणा-पत्र भी भरना होगा, जिसमें उन्हें यह घोषणा करनी होगी कि उनकी उम्र 1 जुलाई2025 की स्थिति में 18 वर्ष या उससे अधिक है साथ ही यह घोषणा भी करनी होगी कि वह भारत का नागरिक है और संभवतः इसी कारण भारत के कुछ विपक्षी दलों द्वारा चुनाव आयोग के इस विशेष गहन पुनरीक्षण का विरोध किया जा रहा है लेकिन यह समझ से परे है कि जब संविधान में ही प्रावधान है कि निर्वाचक नामावली में नाम शामिल करवाने के लिए वही व्यक्ति पात्र होगा जो भारत का नागरिक होगा तो फिर इस विशेष गहन पुनरीक्षण का विरोध समझ से परे है।

क्योंकि यदि ऐसे लोग जो इस देश के नागरिक नहीं हैं और अनावश्यक रूप से जिनका नाम निर्वाचक नामावली में शामिल हो गया हैतो उसका नाम काटने में किसी राजनैतिक दल या व्यक्ति को देशहित में आपत्ति नहीं करनी चाहिए. उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व जब-जब भी निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण किया गया, तब कभी उसका विरोध किसी के द्वारा नहीं किया गया और यह विशेष गहन पुनरीक्षण संविधान के अनुच्छेद 324 और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 एवं उसके तहत बनाये गए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960 के नियमों के अनुसार ही किया जा रहा है।

चुनाव आयोग ने इस बात के लिए विशेष निर्देश जारी किया है कि इस प्रक्रिया में कोई पात्र नागरिक छूट न जाये और किसी अपात्र व्यक्ति का नाम निर्वाचक नामावली में शामिल न हो. बावजूद इसके कुछ व्यक्तियों द्वारा इस विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय में याचिकायें भी दायर की गई, लेकिन माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा उक्त प्रक्रिया को संवैधानिक मानते हुए प्रक्रिया को स्थगित करने का कोई निर्देश जारी नहीं किया गया। चूंकि निर्वाचक नामावली की सत्यता और शुद्धता बनाये रखना स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए मूलभूत आवश्यकता है, इसलिए सभी निवासियों को एक निर्धारित प्रपत्र में आवश्यक जानकारी 25 जुलाई 2025 तक भरकर प्रस्तुत करना होगा और जांच तथा सुनवाई का अवसर दिये बिना किसी का नाम निर्वाचक नामावली से नहीं हटाया जाएगा।

रैगिंग का लाइलाज मर्ज,नियंत्रण पर सख्ती क्यों नहीं

डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी
चिकित्सक एवं लेखक

अब जब देश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में नये छात्रों के प्रवेश का सिलसिला आरंभ होने वाला है, यूजीसी ने एक बार फिर सख्ती दिखाई है। उसने रैगिंग के नये तौर-तरीकों से कड़ाई से निपटने का निर्देश दिया है। दरअसल, विभिन्न प्रसंगों में देखा गया है कि सीनियर छात्र नये छात्रों को परेशान करने के लिये नये तौर-तरीके इस्तेमाल कर रहे हैं। यूजीसी के मुताबिक, ऐसे मामले प्रकाश में आये हैं कि सीनियर छात्र अनौपचारिक व्हाट्सएप्प समूह बनाकर नये छात्रों को उससे जुड़ने के लिये बाध्य करते हैं। फिर छात्रों के मानसिक उत्पीड़न का सिलसिला आरंभ हो जाता है।यहां तक कि भयाक्रांत होने से कई छात्र विश्वविद्यालय या कॉलेज छोड़ने तक के लिए बाध्य हो जाते हैं। यही वजह है कि यूजीसी ने नये छात्रों को परेशान करने के इस नये तरीके के प्रति शिक्षा संस्थानों के अधिकारियों को चेताया है कि ऐसे मामले भी रैगिंग विरोधी नियमों के दायरे में आते हैं। इन मामलों में भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

रैगिंग एक ऐसा शब्द है जो हर साल कॉलेज शुरू होते ही सुनाई देने लगता है। दुनियाभर में हर साल लाखों स्टूडेंट्स को इसका सामना करना पड़ता है और यह भयावह रूप ले चुका। अब कॉलेजों में रैगिंग को रोकने के लिए कई कठोर कदम उठाए गए हैं। हालांकि रैगिंग के खिलाफ कठोर कानून बनने पर अब इस धीरे–धीरे लगाम कर कर रही है लेकिन पूरी तरह नहीं। रैगिंग को दुनिया में अलग-अलग नामों से पहचाना जाता है। इसको हेजिंग, फेगिंग, बुलिंग, प्लेजिंग और हॉर्स प्लेइंग के नामों से जाना जाता है। यहां हम आपको बता रहे है कि यह सामाजिक बुराई ने कब से जानलेवा रूप धारण किया और कैसे भारत तक पहुंच गई।

माना जाता है कि 7 से 8वीं शताब्दी में ग्रीस के खेल समुदायों में नए खिलाड़ियों में स्पोर्ट्स स्प्रिट जगाने के उद्देश्य से रैगिंग की शुरुआत हुई। इसमें जूनियर खिलाड़ियों को चिढ़ाया और अपमानित किया जाता था। यह कार्य समय के साथ–साथ बढ़ता गया और रैगिंग में बदलता गया। इसके बाद सेना में भी इसको अपनाया गया। खेल और सेना के बाद रैगिंग से शिक्षण संस्थान भी नहीं बचे और छात्रों इसको अपनाकर भयावह रूप दे दिया।

किसी भी तरह का शारीरिक या मानसिक उत्पीड़न, मानवीय गरिमा को भंग करने वाला कोई काम, लिख-बोलकर किसी का अपमान करना या चिढ़ाना, डराना या धमकी देना, घर में बंद करना आदि कार्य को रैगिंग माना जाता है। सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन, हर कॉलेज में एंटी रैगिंग कमेटी, विश्वविद्यालय स्तर पर निगरानी और यूजीसी की हेल्पलाइन.. इन सबके बावजूद रैगिंग की घटनाओं पर रोक नहीं लग पा रही है। यूजीसी हेल्पलाइन पर पिछले एक दशक में रैगिंग की 8,000 से अधिक शिकायतें दर्ज की गई हैं, और रैगिंग से जुड़ी मौतों का आंकड़ा भी भयावह है। 2012 से 2022 के बीच रैगिंग की शिकायतों में 208 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। 2022 में कुल 1,103 शिकायतें आईं और अक्टूबर 2023 तक 756 शिकायतें दर्ज की गईं। इन घटनाओं से यह साफ हो रहा है कि रैगिंग के कारण छात्रों की मानसिक और शारीरिक स्थिति पर गहरा असर पड़ता है।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि नियामक संस्था की सख्ती और शिक्षण संस्थाओं की सक्रियता के बावजूद रैगिंग

का रोग काबू में नहीं आ रहा है। जब-तब कुछ छात्रों के आत्महत्या करने और कई मामलों में दोषी छात्रों के निलंबन व पुलिस कार्रवाई के मामले भी अक्सर उजागर होते हैं, मगर मर्ज है कि लाइलाज होता जा रहा है। सीनियर छात्र नये छात्रों को परेशान करने के लिये नये-नये तौर-तरीके तलाश लेते हैं। उल्लेखनीय है कि कुछ समय पहले यूजीसी ने देश के 89 उच्च शिक्षा संस्थानों को कारण बताओ नोटिस जारी करके सख्त हिदायत दी है कि रैगिंग पर नियंत्रण करने वाले नियमों को सख्ती से क्यों लागू नहीं किया गया।

देशभर के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में वर्ष 2020 से 2024 के दौरान रैगिंग के कारण से 51 छात्रों की मौत हो गई। सोसाइटी अगेंस्ट वायलेंस इन एजुकेशन नामक संस्था द्वारा प्रकाशित 'स्टेट ऑफ रैगिंग इन इंडिया 2022-24' रिपोर्ट में इस तथ्य को उजागर किया गया है। रिपोर्ट में मेडिकल कॉलेजों को भी रैगिंग की शिकायतों के लिए हॉटस्पॉट के रूप में पहचाना गया है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'मेडिकल कॉलेज चिंता का एक विशेष क्षेत्र हैं, क्योंकि 2022-24 के दौरान कुल शिकायतों का 38.6 प्रतिशत मेडिकल कॉलेज से ही संबंधित है, जबकि गंभीर शिकायतों का 35.4 प्रतिशत और रैगिंग से संबंधित मौतों का 45.1 प्रतिशत हिस्सा है। कुल छात्रों का केवल 1.1 प्रतिशत ही रैगिंग से संबंधित है।

आंकड़ों से यह भी पता चला है कि इस अवधि के दौरान रैगिंग के कारण 51 छात्रों की जान चली गई, जो कोटा में दर्ज 57 छात्रों की आत्महत्याओं से लगभग बराबर है।' लेखकों ने दावा किया कि शिकायतों की संख्या रिपोर्ट में दी गई संख्या से कहीं अधिक थी। रिपोर्ट में कहा गया है, 'ऐसा नहीं है कि पूरे भारत में तीन वर्षों में केवल 3,156 रैगिंग की शिकायतें दर्ज की गईं। ये केवल राष्ट्रीय एंटी-रैगिंग हेल्पलाइन पर दर्ज की गई शिकायतें हैं। बड़ी संख्या में शिकायतें सीधे कॉलेजों में दर्ज की जाती हैं, और अगर मामला गंभीर है तो सीधे पुलिस में भी दर्ज की जाती हैं।'

रैगिंग के खिलाफ देश में कई बड़े अभियान छेड़े जा चुके हैं मगर ये रुकने का नाम नहीं ले रही है। बीते मार्च में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्यसभा को यह जानकारी दी थी कि 2024 में मेडिकल कॉलेजों में रैगिंग की सबसे अधिक 33 शिकायतें उत्तर प्रदेश में आयीं जबकि बिहार में इस तरह की 17, राजस्थान में 15 और मध्यप्रदेश में 12 शिकायतें मिलीं।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मीठे रिश्ते, खट्टे

मीठे रिश्ते, खट्टे रिश्ते, सच्चे रिश्ते, झूठे रिश्ते, पत्थर रिश्ते, गुलशन रिस्ते, बूढ़े रिश्ते, बच्चे रिस्ते, जीवन देकर हमने चाहा जिन रिश्तों को जीवन भर, जिनको समझा पक्के रिश्ते वो ही निकले कच्चे रिश्ते, क़त्ल हुआ है इस दुनिया में हर रिश्ता ही जब भी देखो, दुनिया में बस सच होते हैं केवल केवल मन के रिश्ते, काश हमेशा बचपन रहता और बड़े हम होते ही क्यूँ, क्यूं होते अपने जीवन में फिर ये टुच्च टुच्चे रिश्ते, सबने हमसे झूठ कहा था सच्चे रिश्ते जीवन भर के, चंद क्षणों भी निभ कब पाये 'मित्र' किसी से अच्छे रिश्ते। - **मित्र ग़ाज़ियाबादी**

बिहार के नेता, बिहार

बिहार के नेता , बिहारी जनता से वोट मांगने से पहले यह बताये कि उनके बेटे /बेटी कहां पढते है और बिहार के स्कूल/कालेज/विश्वविद्यालय मे पढे है या नही यह भी बतायें कि बिहार के आलावा भारत मे किस देश मे मकान और व्यापार है। यह भी बतायें कि पिछले पांच साल मे बिहार से बाहर कितने साल बिताये हैं। - **एडीवी अरूण कुमार गुप्ता**

जीवन है नश्वर यहाँ, सभी काल के ग्रास

जीवन है नश्वर यहाँ , सभी काल के ग्रास ! पर हित तुम जीवन जियो,रचो एक इतिहास !! निश दिन तुम सुमिरन करो, जिव्हा पर हों राम ! रघुवर के आशीष से ,बनते बिगड़े काम !! - **कविता सिंह**

अब आपसे गिला न कर पायेंग

अब आपसे गिला न कर पायेंगे, नजदीकियां बढीं, तो तर जायेंगे.. तूम हकीकत हो मेरी, जान लो, लाख पहरों से तुम्हें हर लायेंगे.. बेड़ियाँ हर तोड़ देंगें साथ मिलके, इश्क के नये रंग से वो डर जायेंगे.. मेरे हुजुर बस जाओगे तुम जहाँ, हो जहन्नुम चाहे वो दर भायेंगे.. सरहद कोई ना रोक पायेगा मुझे, प्रभु राम का ले नाम घर आयेंगे..। **-गजेन्द्र द्विवेदी गिरीश**

डिम्पल यादव के लिए इतने भद्दे शब्दों का

डिम्पल यादव के लिए इतने भद्दे शब्दों का इस्तेमाल हुआ लेकिन मजाल है अखिलेश यादव को बुरा लगा हो।ऐसी भी क्या मजबूरी राजनीति की जिसमें अपनी धर्मपत्नी के अपमान से ज्यादा वोट की चिंता हो। वैसे इन लोगों को कुछ बुरा लगा होगा और न ही कोई असर नहीं होगा क्योंकि इनके आदर्श प्रभु श्रीराम नहीं रावण हैं। लेकिन हमें बुरा लग रहा है क्योंकि हम सनातनी हैं। - **दिव्या राकेश शर्मा**

वेदनाओं को देना चाहती हूँ

वेदनाओं को देना चाहती हूँ अन्तिम विदाई श्लोकों को मन वेदी पर आहुति के सँग मोक्ष की तरफ बढ़ना चाहती हूँ उन हिमशिखरों कीतरफ उन्मुक्त जहाँ पायदानों की जगह वर्जित होती है मौत से ख़ौफ़ नही हाँजी जिंदा मास के लोथड़े व्यथित करते है मुझें..!! सूक्ष्म जीवाणुओं से जो क़भी भी कहीं भी बेवज़ह बोल देते हैं धावा जो मानते ही नही की वे भी एक दिन इस पथ के आख़री सफ़र के पथिक होंगे...!! - **सुरेखा अग्रवाल**

राहें तक रही दहलीज से छम छम

राहें तक रही दहलीज से छम छम कर रही छनकार तेरे एक दीदार पाने को पिया मन में भी हो रहा उथल-पुथल कहने को रह गई सारी बतीया तुझ संग बीती न रतिया सफ़र इत ऊत सा हो रहा है अधुरी सी रह गई कसक ए मेरे हमसफ़र - **सोनू कुमार आकाश**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन मिला जुला रहेगा। थोड़ी बहुत पेट सम्बंधित समस्याओं एवं खासी जुकाम को छोड़ सेहत भी लगभग सामान्य ही रहेगी।

वृषः आज के दिन संकट के बादल छटने से मानसिक रूप से शांति अनुभव करेंगे। घर में कुछ परिवर्तन अथवा तोड़ फोड़ करवा सकते है।

मिथुन : आज का दिन बीते कल की अपेक्षा एकदम विपरीत रहेगा। आज आर्थिक विषय सर्वोपरि रहेंगे स्वभाव में भी स्वार्थ अधिक रहेगा।

कर्कः आपका आज का दिन थोड़ा परेशानी वाला रह सकता है। सोची हुई योजनाओं में विलम्ब अथवा असफलता मिलने से निराशा रहेगी।

सिंहः आपका आज का दिन भी प्रतिकूल रहने वाला है। सामाजिक अथवा पारिवारिक मामलो में आपकी गलत छवि बनेगी।

कन्याः आज का दिन मिला जुला रहने से पल में हानि अगले ही पल लाभ वाली स्थिति रहेगी। प्रेम प्रसंगों में थोड़े रूठने मनाने के बाद भावनात्मक सम्बन्ध बनेंगे।

तुलाः आज दिन आपकी आशाओ के विपरीत फल देगा। प्रातः काल से ही शरीर में अकड़न सुस्ती रहने से कार्यो के प्रति गंभीरता नहीं रखेंगे।

वृश्चिकः आज का दिन लगभग हर क्षेत्र पर सम्मान एवं सफलता दिलाएगा परन्तु स्वास्थ्य में नरमी एवं आलस्य की वृति इसमें व्यवधान भी डाल सकती है।

धनुः कल की अपेक्षा आज का दिन अच्छा बीतेगा। दिन के पहले भाग में थोड़ी परेशानियों के बाद स्थिति सामान्य बनने लगेगी।

मकरः आज के दिन आपको पहले की अपेक्षा थोड़ी राहत मिलेगी। सेहत उत्तम रहने से कार्यो को गम्भीर होकर कर सकेंगे।

कुंभः आज के दिन लाभ की स्थिति आपके हाथ से निकलती नजर आएगी। थोड़ी लापरवाही एवं थोड़ा गलत मार्गदर्शन मिलने से सहज बनने वाले भी कार्य बिगाड़ लेंगे।

मीनः आज परिस्थिति आपके अनुकूल रहने से मन चाहा कार्य निर्विघ्न पूर्ण कर सकेंगे। कार्य क्षेत्र पर उधार के व्यवहार के कारण थोड़ी तना-तनी रह सकती है।

सूर्योदय : 05:53, सूर्यास्त : 07:13, चन्द्रोदय : 09:46,चन्द्रास्त : 21:56, अयन : दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु : वर्षा, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वत : 2082 (सिद्धार्थी), मास : श्रावण, पक्ष : शुक्ल,तिथि : षष्ठी, नक्षत्र : हस्त,योग : सिद्ध, प्रथम करण : बव (12:00 तक), द्वितीय करण : बालव (24:46 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : कर्क, चंद्र : कन्या, मंगल : कन्या (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : कर्क (अस्त, पश्चिम, वक्री), गुरुः मिथुन (उदित, पूर्व, मार्गी),शुक्र : मिथुन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, वक्री), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME

1) थिरुकुरुंगुडी मंदिर किस राज्य में स्थित हैं?

2) साहित्य अकादमी पुरस्कार कितनी भाषाओं में दिया जाता हैं?

3) ई -दाखिल पोर्टल, जो खबरों में देखा गया था, किस क्षेत्र से संबंधित है?

4) हैंडिगोडु किस प्रकार की बीमारी है?

5) कौन से भारतीय खिलाड़ी ने बर्मिंघम में ब्रिटिश जूनियर स्क्वैश ओपन 2025 में अंडर-17 का खिताब जीता?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) तमिलनाडु (2) 24 भारतीय भाषाओं (3) उपभोक्ता शिकायतें (4) हड्डी और जोड़ रोग (5) अनाहत सिंह

शब्द सागर

सरगुजा से बस्तर तक विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संवर रहा छत्तीसगढ़: जय हिंदूजा

■ जनआकांक्षाओं पर खरा उतरते प्रदेश को निरंतर विकास के पथ पर आगे बढ़ा रही विष्णु देव साय सरकार: जय हिंदूजा

धमतरी/नवप्रदेश। भारतीय जानता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री जय हिंदूजा ने प्रदेश की भाजपा सरकार की तारीफ करते हुए सरकार को विकास के प्रति सजग और जनता के लिए ईमानदार बताया,प्रेस नोट जारी करते हुए श्री हिंदूजा ने कहा देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी के सपनों का छत्तीसगढ़ विकसित और समृद्ध छत्तीसगढ़ बनाने प्रदेश की विष्णु देव साय सरकार काम कर रही है,इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट से लेकर प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत प्रदेश में लगभग तीन हज़ार किलोमीटर तक सड़क निर्माण की स्वीकृति दिलाकर सुदूर अंचलों में सुविधाओं का विस्तार कर हर तरह से विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता, समर्पण और जानता के विकास हेतु काम करने के स्पष्ट नियत को दर्शा रही भाजपा सरकार। नक्सलवाद की जड़ों को उखाड़ने में विष्णु देव साय सरकार लगातार कार्य कर रही है और बस्तर के कई अंचल अब विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं, वहीं चरण पादुका योजना मोदी की गारंटी का महत्वपूर्ण वादा था, जिसे विष्णु सरकार ने पूरी प्रतिबद्धता के साथ पूरा किया है। यह योजना केवल चरण पादुका वितरण भर नहीं, बल्कि तेंदूपत्ता संग्राहकों के श्रम और स्वाभिमान का सम्मान है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था को बूस्ट करने के लिए वर्तमान में केन्द्र सरकार की मदद से प्रदेश में 47 हजार करोड़ रूपए की लागत से रेल विकास परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर है। प्रदेश में नई और प्रगतिरत रेल परियोजना के पूर्ण होने से राज्य में रेल सुविधाओं में बढ़ोत्तरी के साथ ही यहां पर्यटन, व्यापार, उद्योग के साथ-साथ रोजगार की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। इन रेल परियोजनाओं से सामाजिक-आर्थिक विकास को गति मिलेगी। महतारी वंदन योजना से आज माताएँ स्वावलंबी और समृद्ध हो रही है। आज प्रदेश विकास की उड़ान भर रहा है और भाजपा के सुशासन में पुन: समृद्धि की ओर अग्रसर हो रहा है।

लेखापाल को भारमुक्त करने की मांग को लेकर जिला वनोपज संघ ने कलेक्टर जनदर्शन में सौंपा आवेदन

■ कार्यवाही नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित गरियाबंद के प्रबंध संचालक द्वारा आदेश के बावजूद लेखापाल लक्ष्मण नेताम को भारमुक्त नहीं किए जाने से नाराज संघ के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द से जल्द आदेश का पालन नहीं हुआ तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

वनधन भवन सेक्टर, अटल नगर नवा रायपुर द्वारा 16 जुलाई 2025 को जारी आदेश में श्री लक्ष्मण नेताम का प्रशासनिक आधार पर बलरामपुर स्थानांतरण किया गया है। आदेश में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि उन्हें तत्काल प्रभाव से भारमुक्त कर पालन प्रतिवेदन भेजा जाए, किंतु संघ के प्रबंध संचालक द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

इस संबंध में संघ के पदाधिकारियों ने कलेक्टर से हस्तक्षेप कर तत्काल लेखापाल को स्थानांतरित इकाई के लिए मुक्त करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि आदेश की अवहेलना प्रशासनिक अनुशासनहीनता का उदाहरण है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया, तो संघ आंदोलन करेगा।

टॉउन हॉल में महिलाओं का कार्यक्रम आज

महासमुंद/नवप्रदेश। 'आओ सखी सावन में' कार्यक्रम 30 जुलाई की दोपहर 2 बजे स्थानीय टाउन हॉल में आयोजित किया गया है। मुख्य अतिथि महिला आयोग सदस्य सरला कोसरिया, नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, प्रिया सिन्हा, महिला नागरिक बैंक के अध्यक्ष अरुणा शुक्ला, डॉ ज्योति चोपडा, डॉ रश्मि चंद्राकर, सभी समाज के अध्यक्षगण, वी अपराजिता क्लब की ममता जायसवाल व सदस्यगण मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में एकल, ग्रुप डांस, गेम्स प्रतियोगिता होगी। जानकारी देते हुए साधना सिंह नैनी ने सभी महिलाओं से हरी एवं पीली साड़ी में शामिल होने का अनुरोध किया है।

सामुदायिक भवन के लिए भूमिपूजन

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम नांदगांव पटेलबाहरा दुर्गा मंच में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण मद से रंगमंच सह सामुदायिक भवन निर्माण के लिए सोमवार को भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर सरपंच व ग्रामीणों ने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सरपंच भारत गेंड्रे, योगेश कुमार पटेल, मनमोहन पटेल, ओंकार पटेल, मैकूलाल पटेल, व्यास धीवर, ठाकुर राम धीवर, धनेश्वर तारक मुकेश पटेल, मुकेश चंद्राकर, टोमन धीवर, अजीत पटेल, विजय पटेल, शंकर पटेल, हसदेव धीवर आदि उपस्थित रहे।

हेलमेट नहीं तो एंट्री नहीं: ट्रैफिक जवानों की सख्त समझाइश, आज चेतावनी, कल चालान

■ गरियाबंद कलेक्टोरेट में नियम तोड़ने पर सीधे 1000 का जुर्माना तय

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद में आज तेज बारिश के बीच कलेक्टोरेट परिसर के मुख्य गेट पर एक अलग ही नज़ारा देखने को मिला। ट्रैफिक पुलिस के जवान भीगते हुए वहां डटे रहे और आने-जाने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को एक-एक कर रोककर हेलमेट और सीट बेल्ट की अनिवार्यता को लेकर समझाइश देते नज़र आए।

पुलिसकर्मियों ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देश पर यह अभियान शुरू किया गया है, जिसमें सभी सरकारी व अर्ध-सरकारी कार्यालयों में प्रवेश के लिए अब दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट और चारपहिया चालकों को सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। आज समझाइश का दिन था, लेकिन कल से बिना हेलमेट आने पर सीधे ?1000 का चालान किया जाएगा।

कर्मचारियों को देना होगा आदर्श उदाहरण

सरकारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि शासन के अधिकारी-कर्मचारी स्वयं, अपने परिजनों और आम जनता की सुरक्षा के लिए ट्रैफिक नियमों के पालन में आदर्श प्रस्तुत करें। मोटरयान संशोधन अधिनियम 2019 के तहत यह पालन अनिवार्य है।

पुलिस के अनुसार, अब बाइक पर पीछे बैठने वाले व्यक्ति को भी हेलमेट पहनना अनिवार्य होगा। वहीं, कार से आने वाले सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को सीट बेल्ट लगाकर आना होगा – केवल चालक ही नहीं, सभी सहयात्रियों के लिए भी यह नियम लागू रहेगा।

प्रदेश के लगभग 4.25 लाख सरकारी कर्मचारियों को अब यह नियम मानना ही होगा। यह केवल चालान से बचने का मामला नहीं, बल्कि स्वयं की सुरक्षा और दूसरों के लिए मिसाल बनने का विषय है।

कार्यालय परिसर में 'नो हेलमेट, नो एंट्री' का फरमान

प्रदेश में बढ़ते सड़क हादसों और सरकारी कर्मचारियों की दुर्घटनाओं में मृत्यु को देखते हुए सरकार ने यह सख्त निर्णय लिया है। आदेश के मुताबिक, अब कोई भी सरकारी सेवक बिना सुरक्षा उपकरणों के कार्यालय में प्रवेश नहीं कर सकेगा।

दोपहिया वाहन चालक हेलमेट लगाए बिना, और चारपहिया वाहन चालक व यात्री सीट बेल्ट लगाए बिना कार्यालय गेट से भीतर नहीं जा पाएंगे। सुरक्षा गार्ड द्वारा गेट पर ही जांच की जाएगी, और नियमों के उल्लंघन पर उन्हें वापस कर दिया जाएगा।

मां अन्नपूर्णा महाकाली पीठ की मांगों को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने विधायक से की मुलाकात

बागबाहरा/नवप्रदेश। माँ अन्नपूर्णा महाकाली सिद्ध शक्ति ज्योर्तिमय पीठ के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव से मुलाकात कर पीठ की विकास से जुड़ी तीन प्रमुख मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधियों ने बताया कि यह मातृधाम क्षेत्र 27 से अधिक ग्रामों की श्रद्धा का केंद्र है, जहां हर पूर्णिमा-अमावस्या को पाक्षिक यज्ञ-भंडारा और नवरात्रि में हजारों श्रद्धालु एकत्र होते हैं।

ज्ञापन में मुख्य रूप से दुर्गा प्रतिमा स्थल से काली घाट तक सीढ़ियों के निर्माण, साधु-संतों के ठहराव हेतु सामुदायिक भवन, तथा मनोकामना ज्योति प्रज्वलन हेतु ज्योति कक्ष की मांग की गई।

विधायक यादव ने इन मांगों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र शासन-प्रशासन को अवगत कराकर समुचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

प्रतिनिधिमंडल में जनहित समिति अध्यक्ष शेषनारायण गुप्ता, अमेठी धाम समिति अध्यक्ष सुशील कुमार ध्रुव, आचार्य विमल दुबे, सरपंचगण सहित कई प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे।

दो शातिर चोर 2 बाइकों के साथ पकड़ाया

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में चोरी की वारदात रूकने का नाम नहीं ले रही है। इस बीच सिंघोड़ा पुलिस ने बाइक चोरी के दो आरोपियों को पकड़ा है।

उनके पास से पुलिस ने दो बाइक बरामद की है। जानकारी के मुताबिक सिंघोड़ा थाना क्षेत्र के परसकोल निवासी महादेव सिदार (45) ने सिंघोड़ा थाने में 24 जुलाई को अपनी एचएफडीलक्स बाइक घर से चोरी होने की रिपोर्ट लिखाई थी। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। बाइक चोरी की जांच के सिलसिले में साइबर सेल व सिंघोड़ा पुलिस की टीम ने आसपास के लोगों से पूछताछ की। सीसीटीवी फुटेज खंगाले। पतेरापाली निवासी जीवर्धन सेठ (23) और नयन यादव (24) के पास होने की सूचना पर दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने बाइक चोरी करना स्वीकार लिया। उनके कब्जे से डीलक्स बाइक के साथ ही बजाज पल्सर बाइक भी बरामद की गई है। जब्त दोनों बाइक की कीमत 50 हजार रुपए आंकी गई है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

अग्रवाल समाज ने सीएम साय से की मुलाकात

■ अग्रकुल प्रवर्तक 'महाराजा अग्रसेन की जीवनी को पाठ्यक्रम में शामिल करने सौंपा ज्ञापन

रायपुर/नवप्रदेश। अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ इकाई के प्रतिनिधिमंडल ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को ज्ञापन सौंपते हुए राज्य स्कूल शिक्षा बोर्ड के पाठयक्रम में महाराजा अग्रसेन के जीवन एवं सिद्धांतों को शामिल करने की मांग की। जिस पर मुख्यमंत्री ने हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल कृष्ण गर्ग के नेतृत्व में सोंपे गए अनुरोध पत्र के माध्यम से बताया गया है कि महाराजा अग्रसेन महाभारत कालीन सूर्यवंशी थे, जिन्होंने हरियाणा के अग्रोहा से शासन करते हुए मानव समाज में अहिंसा, आर्थिक समानता और जनतंत्र की आधारशिला रखी।समाजवाद के प्रणेता महाराजा अग्रसेन द्वारा शुरू की गई एक ईंट और एक मुद्रा की परंपरा आज भी समाज सेवा और समानता की मिसाल है। भारत सरकार ने भी महाराजा अग्रसेन द्वारा समाज उत्थान के लिए किए गए अनुकरणीय और ऐतिहासिक योगदान तथा उनकी सशक्त राष्ट्र प्रेम की भूमिका को मान्यता देते हुए महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डा हिसार हरियाणा महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय बद्दी हिमाचल प्रदेश महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज अग्रोहा हरियाणा सहित कई राष्ट्रीय राजमार्ग, जलपोत, डाक टिकट का नामकरण उनके नाम पर किया है इसके साथ-साथ कई राज्यों ने महाराजा अग्रसेन के नाम पर छात्रवृत्ति एवं अग्रसेन जयंती पर सार्वजनिक अवकाश भी घोषित कर रखा है मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को सौंपे गए पत्र में महाराजा अग्रसेन के द्वारा समाजिक कुरीतियों को दूर करने समाज हित में किए गए विभिन्न प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि अभी तक मध्यप्रदेश , हरियाणा, पंजाब एवं उत्तरप्रदेश राज्य की सरकार द्वारा वर्तमान परिदृष्य में महाराजा अग्रसेन द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों को प्रासंगिक बताते हुए महाराजा अग्रसेन के जीवनवृत्त को स्कूल शिक्षा के पाठ्यक्रम में शामिल किया जा चुका है।

स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल सपत्निक पहुंचे रामानुजगंज

बाबा बैजनाथ धाम कांवरिया सेवा समिति के सेवा कार्य में हुए सम्मिलित

रामानुजगंज/नवप्रदेश। बाबा बैजनाथ धाम कांवरिया सेवा समिति के द्वारा श्रावण महीने में भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक करने झारखंड के बाबा बैजनाथ धाम जाने वाले कावड़ यात्रियों के रूकने एवं भोजन की निशुल्क व्यवस्था नगर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय मांगलिक भवन में की गई है जहां आज बाबा बैजनाथ धाम की यात्रा के दौरान छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सपत्नीक लगभग 50 परिवार जनों के साथ पहुंचे। उन्होंने कांवरिया सेवा समिति के सेवा कार्यों की जमकर सराहना की।

इस दौरान नगर के मांगलिक भवन में बाबा बैजनाथ धाम कांवरिया सेवा समिति के प्रमुख एवं नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल के नेतृत्व में नगर वासियों के द्वारा आतिशबाजी फुल माला के साथ स्वास्थ्य मंत्री का स्वागत किया गया। नगर के पुजारीयो के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच शंख ध्वनि के साथ स्वास्थ्य मंत्री के हाथों विधि विधान से भगवान भोलेनाथ की मांगलिक भवन में पूजा अर्चना कराई गई। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सीमा पर कन्हर नदी के तट पर स्थित रामानुजगंज में कांवरिया सेवा समिति द्वारा सेवा, श्रद्धा, समर्पण भाव से श्रावण मास में बाबा वैद्यनाथ धाम की यात्रा में जा रहे कावड़ यात्रियों की सेवा की जा रही है ईसकी जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के दूर दराज गांव एवं शहर से 200 से 500 किलोमीटर दूरी तय करके कांवड़ यात्री रामानुजगंज तक पहुंचते है।

देश के अच्छे भविष्य के लिए अच्छी शिक्षा जरूरी: योगेश्वर

महासमुंद/नवप्रदेश। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा मंगलवार को स्थानीय शासकीय डीएमएस हायर सेकंडरी स्कूल में छात्र-छात्राओं के बीच पहुंचे। उन्होंने छात्र छात्राओं को पुस्तक वितरण किया। साथ ही उनको उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि पूरे देश में शिक्षा प्राप्त करना प्रत्येक बच्चे का अधिकार है। इससे उन्हें कोई वंचित नहीं कर सकता है। बच्चें देश का भविष्य है, अगर वे अच्छी शिक्षा प्राप्त करते हैं

तो देश का भविष्य उज्वल होगा। आगे कहा कि शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर उत्तरोत्तर प्रगति के नए सोपान स्थापित करें। देश के भविष्य के लिए यह जरूरी है कि युवाओं में शिक्षा का प्रसार हो। इसके लिए उनकी शिक्षा की नीव मजबूत होनी जरूरी है। इससे हमारे देश का भविष्य मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा प्राप्त कर आपको अलग अलग क्षेत्र में उपलब्धि हासिल कर अपने माता पिता, गुरुजनों, अपने शहर, राज्य एवं देश का मान बढ़ाना है। इस दौरान शाला विकास समिति के अध्यक्ष रमेश साहू, मंडल महामंत्री अग्रज शर्मा, आकाश, अभिषेक पांडे, रामेश्वर सहित अधिकारी उपस्थित थें।

जिले में अब तक 519.7 मिलीमीटर औसत वर्षा

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में चालू मानसून के दौरान 01 जून 2025 से अब तक 519.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा पिथौरा तहसील में 715.9 मिमी, सरायपाली में 544.7 मिमी, बसना में 530.7 मिमी, महासमुंद में 462.3 मिमी, बागबाहरा में 460.9 मिमी और सबसे कम वर्षा 404.1 मिलीमीटर कोमाखान तहसील में दर्ज की गई।

अपना जीवन सुधारों | विधायक रोहित साहू ने कहा मोदी सरकार में हर हाथ को काम और हर युवा को सम्मान

कौशल तिहार में शामिल हुए राजिम विधायक रोहित साहू और बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक

युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का लिया संकल्प

गरियाबंद/नवप्रदेश। मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित लाईवलीहुड कॉलेज परिसर में कौशल विकास विभाग गरियाबंद द्वारा कौशल तिहार का आयोजन किया गया। यह आयोजन युवाओं को कौशल प्रशिक्षण से जोड़ने, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को अनुभव प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधायक रोहित साहू शामिल हुए। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा–

कौशल विकास का मुख्य उद्देश्य युवाओं को रोजगार से जोड़ना है। सरकार चाहती है कि युवा नया व्यवसाय शुरू करें, आत्मनिर्भर बनें और अपने जीवन को बेहतर बनाएं। वर्तमान सरकार हर मोर्चे पर युवाओं को सहयोग दे रही है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से न केवल युवाओं को प्रशिक्षण के अवसर मिलते हैं, बल्कि उन्हें सरकारी योजनाओं और स्वरोजगार के साधनों की जानकारी भी प्राप्त होती है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने की। उन्होंने कहा कि कई बार आर्थिक या पारिवारिक कारणों से छात्र 12वीं के बाद आगे की पढ़ाई नहीं कर पाते, ऐसे में यह कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम उनके समुचित विकास का माध्यम बन सकता है। इससे उन्हें रोजगार मिलेगा, आय बढ़ेगी और जीवन का स्तर सुधरेगा।

जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम ने कहा कि प्रधानमंत्री का उद्देश्य है कि युवाओं को प्रशिक्षण देकर आर्थिक रूप से सबल बनाना है। इसके पहले कौशल विकास विभाग की संचालक सृष्टि मिश्रा ने कहा कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर हुनरमंद युवाओं को पहचानकर उन्हें रोज़गार और आत्मनिर्भरता से जोड़ना रहा।

कार्यक्रम में विशेष रूप से जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप, उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, उपाध्यक्ष आसिफमेमन, छुरा जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर, जनपद सदस्य मुकेश कुमार सूर्यवंशी, ग्राम पंचायत डोंगरगांव की सरपंच नगिता दीवान, वरिष्ठ नागरिक चंद्रशेखर साहू, आशीष शर्मा, अजय रोहरा, प्रतीक तिवारी, सूरज सिन्हा, अमित वखारिया, तरुण ठाकुर, प्रतीक सिंह, यश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वामी आत्मानंद स्कूल में गुणवत्ताहीन शिक्षा, पालक चिंतित

छुरा / नवप्रदेश। आत्मानंद स्कूल में प्रवेश के लिए पालकगणों मे इस कदर पागल पन सवार रहता है कि अपने नौनिहालों को शासकीय स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्रवेश के लिए शिक्षकों, नेताओं से सिफारिश करवाने में लगे रहते हैं जब एडमिशन हो जाता है तो ऐसा महसूस करते हैं जैसा कि देश के जाने-माने विश्वविद्यालय में उनके जिगर का टुकड़ा का दाखिला हो गया । स्वामी आत्मानंद स्कूल का हाल जब जानेंगे तो उन पालकों का पागल पन दूर हो जायेगा । उच्च शिक्षित शिक्षको का गुणवत्ताहीन शिक्षा परोसना बहुत ही चिंताजनक है । आज शिक्षक क्लास रूम में फेसबुक, इंस्टाग्राम , ट्विटर, में व्यस्त हैं बच्चों को पढ़ाने लिखाने में कोई रुचि नहीं रखते , पैसा के लिए नौकरी करने वाले बच्चों के भाग्य विधाता कभी नहीं





बन सकते ।

छुरा नगर में स्वामी आत्मानंद प्राथमिक विद्यालय अंग्रेजी माध्यम में पदस्थ शिक्षक अंग्रेजी में एम ए तक शिक्षा प्राप्त कर प्राथमिक विद्यालय के छात्रों को ऐसा शिक्षा दें रहे हैं। छात्र अंग्रेजी में छब्बीस अक्षर भी सही से लिख नहीं पाया है, लेकिन मास्टर जी ने कापी जांचा ओर राईट लगाकर बहुत अच्छा लिखा है। इसी तरह हिन्दी विषय के शिक्षक ने भी हिंदी का बावन अक्षर नहीं लिख पाया छात्र ने उसे भी राईट बताया है ये सब स्वामी आत्मानंद स्कूल का गुणवत्ताहीन शिक्षा का जिता जागता उदाहरण है पालकों को एक बार सोचने को मजबूर करेगा। गुणवत्ताहीन शिक्षा, शिक्षा प्रणाली की वह स्थिति है जहां छात्रों को आवश्यक ज्ञान, कौशल, और क्षमताओं का विकास नहीं हो पाता है, जो उन्हें एक सफल और सार्थक जीवन जीने के लिए आवश्यक हैं। यह स्थिति विभिन्न कारकों के कारण उत्पन्न हो सकती है, जैसे कि अपर्याप्त शिक्षण सामग्री, अयोग्य शिक्षक, और सीखने के लिए प्रतिकूल वातावरण।

न्यूज गैलरी

शिवालयों में गूंजा हर-हर महादेव

राजनांदगांव। सावन माह तीसरे सोमवार को शहर के सभी शिवालयों में बड़ी संख्या में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना विधि-विधान से की गई। भक्तों द्वारा भगवान भोलेशंकर का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, बेलपत्र, कनेर , पुड्हर धतूरा पुष्प श्रीफल आदि भेंट कर कपूर दीप से आरती किये है। रानी मंदिर समिति छुईखदान के संरक्षक लतारानी लाल जे के वैष्णव ने जानकारी दी कि सावन माह 2025 में चार सोमवार पड़ने पर भोलेशंकर की पूजा होगी। पं प्रदीप मिश्रा के कथन एक लोटा जल सभी समस्या का हल एवं सावन शिवरात्रि पूजा का भक्त जन अनुसरण कर श्री शिवाय नमस्तुभ्यं पाठ उद्घोष से मंदिर परिसर गुंजित रहा है । प्रतिवर्ष अनुसार महिला रामायण मंडली बाईसाहब मंदिर एवं जय मां काली बजरंग रामायण मंडली जस समिति एवं शक्ति मंदिर रामायण भजन मंडली छुईखदान द्वारा सभी मंदिरों में जाकर भजन कीर्तन किया जाता है । राजपरिवार के लतारानी लाल जे के वैष्णव ने शिव मंदिर में विधि विधान से पूजा किये । शिवालयों सहित शहर में भक्त जन द्वारा ऊं नमः शिवाय , हर हर महादेव की भक्ति भाव से गूंजित रहा। भक्त जनों द्वारा द्वादश ज्योतिर्लिंगों की कथा , महामृत्युंजय मंत्र जाप , श्री शिव चालीसा पाठ एवं शिव तांडव स्तोत्र पाठ किया जाता है । सावन माह में अच्छी बारिश से भक्त गण भोलेनाथ की पूजा प्रसन्नता से किये।

अगस्त में श्रमिकों के लिए पंजीयन, नवीनीकरण शिविर

खैरागढ़। श्रमिकों की सुविधा के लिये अगस्त माह में जिले के चयनित ग्राम पंचायतों में मोबाइल कैम्प के माध्यम से शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविरों में निर्माण कार्य से जुड़े, स्थापनाओं में कार्यरत और अन्य पात्र श्रमिक अपना नया पंजीयन करवा सकेंगे। पहले से पंजीकृत श्रमिक अपने पंजीयन का नवीनीकरण करा सकते हैं। विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में आवेदन कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। विकासखंड खैरागढ़ क्षेत्र के अंतर्गत 5 अगस्त को ग्राम पंचायत नवागांव कंवर, 7 अगस्त को मरकामटोला, 13 अगस्त को घोघेडबरी और 21 अगस्त को गर्रापार में व विकासखंड छुईखदान के अंतर्गत 12 अगस्त को ग्राम पंचायत गातापार, 19 अगस्त को चोरलाडीह, 23 अगस्त को गोकना और 29 अगस्त को चकनार में शिविर लगाए जाएंगे।

शासकीय पीजी कॉलेज में 1.22 करोड़ के गबन का आरोपी प्रमोद गिरफ्तार

कवर्धा/नवप्रदेश। शासकीय आचार्य पंथ गंध मुनि नाम साहेब स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में करोड़ों रुपये के गबन के प्रकरण में आज एक अहम कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी प्रमोद कुमार वर्मा, सहायक ग्रेड-2 को गिरफ्तार किया है। आरोपी को विधिसम्मत न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है। यह संपूर्ण कार्रवाई पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कृष्णा चंद्राकर के नेतृत्व में की गई। उल्लेखनीय है कि महाविद्यालय प्रबंधन और जनभागीदारी समिति अध्यक्ष रिंकेश वैष्णव की शिकायत पर कॉलेज संचालन में गंभीर वित्तीय अनियमितता पाए जाने पर दिनांक 21 मई 2024 को थाना कवर्धा में अपराध क्रमांक 728/2024, धारा 316(5) भादवि के तहत प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

प्रारंभिक जांच में जनभागीदारी मद से संबंधित ?28,32,407 की राशि का गबन सामने आया था। इसके पश्चात उच्च शिक्षा विभाग द्वारा गठित जांच समिति की रिपोर्ट प्राप्त होने पर संपूर्ण गबन की राशि बढ़कर ?1,22,59,125 प्रमाणित हुई। रिपोर्ट के आधार पर प्राथमिकी में संशोधन कर आगे की विवेचना विस्तृत रूप से की गई।

प्रशासनिक जांच के दौरान यह भी पाया गया कि कई महत्वपूर्ण लेखा दस्तावेज जानबूझकर छिपाए गए, जिनमें से कुछ कॉलेज की अलमारी से और कुछ आरोपी के निवास स्थान से जब्त किए गए। आरोपी प्रमोद वर्मा ने स्वयं यह स्वीकार किया कि कॉलेज से संबंधित कुछ मूल रिकॉर्ड उसके पास घर पर सुरक्षित रखे थे, जिन्हें बाद में लौटाया गया। पूर्व में आरोपी को शासन द्वारा निलंबित किया जा चुका है। अब अपराध प्रमाणित होने और दस्तावेजों के संकलन के बाद, विधिसम्मत गिरफ्तारी कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से आरोपी को जेल भेजा गया है।

इस कार्रवाई में थाना कवर्धा के प्रभारी निरीक्षक श्री लालजी सिन्हा, साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा, उप निरीक्षक त्रिलोक प्रधान, रजनीकांत दीवान, सहायक उप निरीक्षक शसंजीव तिवारी, राजकुमार चंद्रवंशी, बंदे सिंह मरावी, प्रधान आरक्षक वैभव कलचुरी, आरक्षक पवन राजपुर तथा सैनिक अनिल पांडे का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने संपूर्ण दस्तावेजी विश्लेषण, पूछताछ एवं साक्ष्य संकलन में सतर्कता व पेशेवर दक्षता का परिचय दिया। प्रकरण की विवेचना जारी है तथा अन्य संबंधित व्यक्तियों की भूमिका एवं गबन की शेष राशि के संबंध में भी जांच की जा रही है।

जांच के दौरान जिन प्रमुख वित्तीय गड़बड़ियों की पुष्टि हुई

1,13,28,570 की राशि बैंक और खजाने में जमा नहीं की गई। 2481805 स्ववित्तीय मद से संबंधित राशि कम जमा की गई। 220000 बिजली बिल के नाम पर निकाले गए, लेकिन भुगतान नहीं किया। 940555 की राशि मोबाइल बिल, ऑडिटोरियम किराया एवं अन्य मदों में अनियमित ढंग से उपयोग की।

दाढ़ी में विकास कार्यों का भूमिपूजन, लोकार्पण कल्पना ने सीएम साय का किया स्वागत

बेमेतरा/नवप्रदेश। नगर पंचायत दाढ़ी जिला बेमेतरा में आज विकास कार्यों के लोकार्पण और भूमिपूजन को लेकर एक भव्य और ऐतिहासिक कार्यक्रम का जिला प्रशासन के द्वारा आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। हेलीपेड पर मुख्यमंत्री के आगमन पर कल्पना तिवारी ने उन्हें पारंपरिक छत्तीसगढ़ी अंदाज़ में तिलक लगाकर और फूल-माला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। क्षेत्रीय विकास को लेकर दृढ़ संकल्पित कल्पना तिवारी ने अपने मा मुख्यमंत्री को बहुत

बेमेतरा जिले के विकास के विभिन्न कार्यों शिलान्यास करने के लिये दिल से आभार प्रकट किया और कहा आज का दिन बेमेतरा जिले के लिए गौरव का क्षण है। मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में प्रदेश एक नए युग की ओर अग्रसर है। हम सभी प्रतिनिधियों का दायित्व है कि हम जनता की अपेक्षाओं और ज़रूरतों को प्राथमिकता देते हुए सतत विकास की दिशा में काम करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मा मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जिला पंचायत बेमेतरा क्षेत्र के हर गांव, हर मोहल्ले तक विकास की रोशनी पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान मंच पर विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयालदास बघेल, विधायक दीपेश साहू, साजा विधायक ईश्वर साहू एवं भाजपा प्रदेश मंत्री अवधेश चंदेल प्रमुख रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम में नगर पंचायत दाढ़ी सहित पूरे क्षेत्र से भारी संख्या में लोग उपस्थित हुए। महिलाओं, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों और किसानों का उत्साह देखने लायक था। कार्यक्रम स्थल पर जनसैलाब उमड़ पड़ा, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि सरकार और जनप्रतिनिधियों के कार्यों को जनता का पूरा समर्थन प्राप्त है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। यह दिन बेमेतरा जिले के विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में याद रखा जाएगा।

भगवान चंद्रमौलेश्वर पालकी शोभायात्रा का स्वागत

राजनांदगांव/नवप्रदेश। हर वर्ष की तहर इस वर्ष में शहर में सावन माह में उज्जैन की तर्ज पर महाकाल प्रभु चंद्रमौलेश्वर स्वरूप में पटरीपार क्षेत्र में प्रजा का हाल-चाल जानने एवं दर्शन देने पालकी में सवार होकर निकले पालकी शोभायात्रा के सूत्रधार पवन डागा, राजू के मार्गदर्शन में शोभायात्रा का प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शाहिद भाई के अगुवाई में स्वागत कर शामिल समस्त भक्त जनों को शीतल पेय का वितरण कर स्वागत किया एवं भगवान चंद्रमौलेश्वर की पालकी में सवार का अभिषेक कर क्षेत्र की खुशहाली की प्रार्थना की पालकी शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में भक्तजन शामिल थे। शोभायात्रा के स्वागत के दौरान प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे, समाज सेवी भावेश अग्रवाल, चंद्रशेखर वैष्णव, हरिहारनो सहित बड़ी संख्या में भक्तजन मौजूद थे।

प्रदेश में निजी अस्पतालों का 'लूटतंत्र' सरकारी अफसर दे रहे खुली छूट, पिस रही है जनता

छुरिया/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाओं का हाल बेहाल है। एक तरफ जहां सरकारी अस्पतालों में सुविधाओं का विस्तार हुआ है और वे पहले से कहीं बेहतर स्थिति में हैं, वहीं दूसरी ओर आम जनता के मन में यह गहरी धारणा बैठ गई है कि सरकारी अस्पताल यानी परेशानी, अंतहीन देरी और घोर लापरवाही का दूसरा नाम। इस कड़वी सच्चाई के पीछे का मुख्य कारण है ङ्क सरकारी तंत्र की घोर उदासीनता और निजी अस्पतालों के साथ उनकी सांठगागांठ, जिसने गरीबों और मध्यम वर्ग को इलाज के नाम पर आर्थिक दलदल में धकेल दिया है। यह विडंबना ही है कि सरकारी अस्पतालों में अब आधुनिक दवाइयां, अत्याधुनिक जांच मशीनें और अनुभवी स्टाफ उपलब्ध हैं, लेकिन इन सुविधाओं के बारे में आम जनता को जागरूक करने में कोई रुचि नहीं ली जा रही। आरोप सीधा है: निजी अस्पतालों से मिलने वाले भारी-भरकम कमीशन के कारण सरकारी तंत्र खुद नहीं चाहता कि आम जनता सरकारी इलाज की ओर रुख करे। यह एक ऐसा 'खेल' है, जिसमें मरीज सिर्फएक मोहरा बनकर रह जाता है।

सरकार स्वच्छता अभियान जैसे कार्यक्रमों पर करोड़ों रुपये पानी की तरह बहाती है, उनके प्रचार-प्रसार में कोई कसर नहीं छोड़ती। लेकिन जब बात सरकारी अस्पतालों की उन्नत सुविधाओं को जन-जन तक पहुंचाने की आती है, तो जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि रहस्यमय चुप्पी साध लेते हैं। यह चुप्पी सवालों के घेरे में है ङ्क क्या यह कमीशन का खेल नहीं तो और क्या है, जिसमें गरीब और मध्यम वर्ग के मरीज इलाज के नाम पर फंसाए जाते हैं और आर्थिक रूप से पूरी तरह तबाह हो जाते हैं?

गौ तस्करी को लेकर पुलिस अलर्ट, अर्जुंदा में पकड़ाया तस्कर गिरोह

- **गौवंश की तस्करी करने वाले गिरोह का खुलासा, 2 आरोपियो को महाराष्ट्र से किया गिरफ्तार**
- **कुल 6 आरोपियो को भेजा गया ज्युडिशियल रिमाण्ड पर**

बालोद/नवप्रदेश। हाल ही में नारायणपुर पुलिस द्वारा पकड़े गए गिरोह से पता चला था कि बालोद जिले के मवेशी बाजार करहीभदर से लगभग 6 साल से तस्करी हो रही है। तो वही जिले में तस्करी की घटनाएं लगातार सामने आ रही है। इस संबंध में नवप्रदेश ने प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए बताया था कि कैसे तस्करी का

रैकेट फैला हुआ है। बालोद पुलिस अलग-अलग थाना क्षेत्र में हो रही गौ तस्करी को लेकर अलर्ट हुई। जिसके मद्देनजर अब अर्जुंदा पुलिस द्वारा भी कार्रवाई करते हुए महाराष्ट्र के दो और स्थानीय चार, कुल छह आरोपियों को तस्करी के आरोप में गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेजा है। जानकारी अनुसार मुखबिर से सूचना मिला था कि ग्राम डुडिया के पास रोड किनारे एक मारूति सुजुकी कार रिट्ज क्रमांक एमएच 02 बीआर 4917 मे दो नग गाय को ठुंसकर भरा गया है, जिसे देखने से प्रतीत हो रहा है कि किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा गौवंश को कत्लखाना ले जाया जा रहा था। सूचना पर थाना अर्जुन्दा पुलिस द्वारा तस्दिक हेतु घटना स्थल डुडिया जाकर देखा तो 2 नग गाय कार के अंदर ठुंसकर,पैरो को बांधकर भरा गया था। वाहन चालक मौके से कार खराब होने के कारण फरार हो गया था।

प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर के निर्देशन व पुलिस अनुविभागीय अधीकारी गुण्डरदेही राजेश बागडे के पर्यवेक्षण में उप निरीक्षक जोगेन्द्र साहू थाना प्रभारी अर्जुन्दा के नेतृत्व में आरोपी पतासाजी हेतु सायबर एवं थाने की संयुक्त टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्रिनयन एप की सहायता से जिले के सीसीटीव्ही फुटेज को खंगालने से आरोपियो का सुराग मिला। जिसका पिछा करते हुए राजनांदगांव, नागपुर मार्ग में लगे करीब 50 सीसीटीव्ही कैमरा के फुटेज का अवलोकन किया गया। साकोली नागपुर टोल प्लाजा में आरोपी वाहन को घटना दिनांक के दिन राजनांदगांव मार्ग मे आने का फुटेज प्राप्त हुआ। साकोली टोल प्लाजा से भी उक्त रिट्ज वाहन के क्रास करने के फुटेज मिले। पुलिस टीम के द्वारा महाराष्ट्र नागपुर में थाना कलमना पुलिस की मदद से आरोपियो की पहचान आबिद अंसारी एवं विकास सिक्रेट डिसोजा दोनो निवासी बेलेनगर थाना कलमना जिला नागपुर के रूप मे हुई।

तीजा तिहार | **विधायक कार्यालय कवर्धा में संपन्न, छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक देखने को मिला**

छग की लोक परंपराएं हमारी पहचान हैं, सहेजना हम सभी की जिम्मेदारी : रश्मि शर्मा

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की परंपराओं और नारी गौरव के प्रतीक पर्व तीजा तिहार के उपलक्ष्य में विधायक कार्यालय कवर्धा में तीजा तिहार तीज मिलन समारोह बड़े उत्साह और पारंपरिक गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा की धर्मपत्नी रश्मि विजय शर्मा उपस्थित रहीं। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि तीजा तिहार छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति और नारी परंपरा का प्रतीक पर्व है। यह केवल पर्व नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक एकता, सांस्कृतिक विरासत और मातृ शक्ति के

सम्मान का उत्सव है। उन्होंने दूर-दराज से आई सैकड़ों महिलाओं, माताओं और बहनों को तीजा तिहार की शुभकामनाएं दीं और कहा कि छत्तीसगढ़ की लोक परंपराएं, रीति-रिवाज और कला-संस्कृति हमारी पहचान हैं, जिन्हें सहेजना हम सबकी जिम्मेदारी है। हमें इन परंपराओं को अगली पीढ़ियों तक भावनात्मक जुड़ाव के साथ पहुंचाना है। इस मिलन समारोह में भाजपा की महिला पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवकुमारी चंद्रवंशी, महिला मोर्चा जिला महामंत्री सविता ठाकुर, जिला मंत्री नीतू शर्मा, शहर मंडल अध्यक्ष सतविंदर पाहुजा, ग्रामीण महिला मोर्चा अध्यक्ष दसारी ठाकुर, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष वीर सिंह पटेल, जिला सभापति सदस्य सुमित्रा विजय पटेल, जनपद अध्यक्ष सुषमा गणपत बघेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

कार्यक्रम में पारंपरिक खेलों की श्रृंखला के तहत खो-खो, कबड्डी, खुर्सी दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। गायन और नृत्य की छत्तीसगढ़ी प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। महिलाएं छत्तीसगढ़ी लोकधुनों पर झूम उठीं और पूरे वातावरण को पारंपरिक उत्सव के रंगों में रंग दिया।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं के लिए चाय-नाश्ते की व्यवस्था के साथ-साथ रश्मि विजय शर्मा के सौजन्य से साड़ी और उपहार भी वितरित किए गए। यह आयोजन न केवल महिला सशक्तिकरण का प्रतीक बना, बल्कि छग की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में भी एक प्रेरणास्पद पहल रही। महिलाओं ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे पारंपरिक मिलन समारोह नारी शक्ति को सामाजिक मंच प्रदान करने के साथ-साथ लोक परंपराओं को भी जीवित रखते हैं।

संक्रामक से बचने सावधानी बरतने एवं स्वच्छता अपनाने महापौर ने की अपील

राजनांदगांव/नवप्रदेश। मौसमी बिमारी डेंगू, मलेरिया एवं अन्य संक्रामक बिमारियो को फैलने रोकथाम व बचाव हेतु सावधानी बरतने, घरो एंव आसपास साफ सफाई रखने महापौर मधुसूदन यादव ने नागरिकों से अपील की है। बरसात में मौसमी बिमारी डेंगू मलेरिया तथा अन्य संक्रामक बिमारी फैलने की संभावना बनी रहती है। जिसे ध्यान में रखते हुये महापौर यादव ने नागरिको से कहा है कि साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये, पानी छानकर व उबालकर पीये, खाद्य पदार्थो को ढककर रखे, ताजे फल सब्जी का उपयोग करे। सर्दी बुखार होने की स्थिति में नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में सम्पर्क कर तुरंत ईलाज करावे, उन्होंने कहा कि सावधानी बरतकर ही हम स्वस्थ्य रह सकते है। महापौर ने कहा कि बारिश में कुलर को अच्छी तरह से साफकर खस वाली शीट को कडक धुप में सुखाना है क्याकि डेंगू के मच्छर एंडीस के अण्डे कूलर के खस की शीट में चिपके रहते है और नमी मिलते ही जीवित हो जाते है। इसलिये धूप में सुखाना अत्यंत आवश्यक है। इसी प्रकार आंगन एवं छत की खुली हुई पानी टंकियों को ढक कर रखना है व टूटे फुटे मटके, टायर-ट्यूब, प्लास्टिक के बाटल, डब्बे को नष्ट करना है। फ्रिज के पानी जमा होने वाले ट्रे के पानी को एवं मंदिर में रखे कलश के पानी को प्रति

सप्ताह बदलना है। घरों के आस पास पानी जमा नहीं होने देना है। मच्छरदानी लगाकर सोना है। इस प्रकार की सावधानी बरतकर हम डेंगू, मलेरिया एवं मौसमी संक्रामक बिमारी से बच सकते है। महापौर ने निगम के स्वास्थ्य अमला से भी कहा है कि प्रतिदिन नाली नालो की सफाई कर नियमित रूप से कचरा उठावे तथा दवाई का छिडकाव करे। नलो, हैण्ड पंपों के आस पास व गड्ढों में भरे पानी को कच्ची नाली खोद कर निकासी की व्यवस्था करें।

प्रथम पेज का शेष

चिदंबरम और गोगई के बयान ...

पाकिस्तान को क्लीन चिट देने जैसा है। इसके साथ ही शाह ने कहा कि हमारे पास सबूत हैं और हम संसद के पटल पर उसे रखने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि मारे गए तीन आतंकियों में से दो के वोटर नंबर तक हमारे पास हैं। उनकी जेब में पाकिस्तान निर्मित चॉकलेट भी मिले हैं।

भारत को दुनिया का ...

होगी। वे ऐसे ही नहीं जा सकते। 'ऑपरेशन सिंदूर' से स्पष्ट होता है कि भारत ने तीन सूत्र तय किए हैं। पहला- अगर भारत पर आतंकी हमला हुआ तो हम अपने तरीके, अपनी शर्तों और अपने समय पर जवाब देकर रहेंगे। दूसरा- कोई भी न्यूक्लियर ब्लैकमेल नहीं चलेगा, और तीसरी बात यह है कि हम आतंकी सरपरस्त सरकार और आतंकी आकाओं को अलग-अलग नहीं देखेंगे।

हम फ्रंट फुट पर थे फिर अचानक ...

आर्मी के समर्थन में पूरा देश एकजुट खड़ा रहा। पूरे विपक्ष ने समर्थन दिया। कांग्रेस पार्टी ने देश हित में सरकार को समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि सिर्फ चार दिनों में पाकिस्तानी की फायरिंग से जम्मू के पुंछ और राजौरी में 27 भारतीय नागरिक मारे गए, इनमें 5 बच्चे भी शामिल थे। 70 लोग घायल हुए। इन लोगों को बचाने के लिए सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा सकता था, लेकिन सरकार ने देर की और उन्हें सुरक्षित स्थानों पर नहीं पहुंचाया जा सका।

खड़गे पर जेपी नड्डा का ...

तरह से उन्होंने प्रधानमंत्री पर टिप्पणी की, मैं उनका दर्द समझ सकता हूं। वह (प्रधानमंत्री मोदी) 11 साल से वहां हैं। वह दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। पार्टी को गर्व भी है और गौरव भी। पार्टी के साथ देश के लिए भी गौरव का विषय है।

हम जानते हैं कि 'ऑपरेशन...

को शह देने वाली ताकतों को भी संदेश दे दिया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान एक जिद्दी बच्चे की तरह मानता ही नहीं है। इसलिए पूरी दुनिया के लिए यह जरूरी है कि पाकिस्तान पर आतंकवाद को लेकर हर तरह का रणनीतिक, कूटनीतिक और आर्थिक दबाव बनाया जाए।

शोध में खुलासा: चिप्स...

जो इन खाने की चीजों की तलब को कम करती हैं, वही दवाएं नशे की लत कम करने में भी मदद करती हैं। यानी इन दोनों का असर हमारे दिमाग पर एक जैसा होता है। गियरहार्ट की टीम ने बताया कि नाइट्रस ऑक्साइड और कैफीन की लत को मानसिक बीमारियों की किताब में शामिल कर लिया गया है, जबकि प्रोसेस्ड फूड की लत को अभी तक गंभीरता से नहीं लिया गया है, जबकि इसके लिए कई वैज्ञानिक सबूत मौजूद हैं।

36 देशों में हुई करीब 300...

करते हैं, जो हमें खुशी का अनुभव कराता है। यही वजह है कि इंसान का मन बार-बार इन्हें खाने का करता है, फिर चाहे इससे सेहत को नुकसान ही क्यों न हो। ये सब लक्षण किसी नशे की लत जैसे ही हैं। न्यूरोइमेजिंग, यानी दिमाग की स्कैनिंग, से भी पता चला कि जो लोग इन चीज़ों को बहुत ज़्यादा खाते हैं, उनके दिमाग में वैसे ही बदलाव देखे जाते हैं, जैसे शराब या कोकीन की लत वाले लोगों में।

बांग्लादेश में हिंदुओं ...

भय और विस्थापन की भावना से प्रेरित था। स्थानीय लोगों के अनुसार, हिंसा के दौरान 14 से 21 घरों पर हमला हुआ। पीड़ितों ने बताया कि पुलिस या तो देर से पहुंची या फिर हालात को संभालने में असमर्थ रही

देशभर के 4,566 शहरों ...

उन्होंने सीधे थ्री स्टार श्रेणी में प्रवेश किया है। स्वच्छता और सौंदर्यीकरण के क्षेत्र में विशेष प्रयासों के चलते राज्य के 52 नगरीय निकायों ने नो स्टार से उन्नत होकर अब सिंगल स्टार दर्जा प्राप्त कर लिया है।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक/दानप्राप्तकर्ता विवेक योना अन्य आ. स्व. ओंकार योना साकिन मैत्रीकुंज रिसाली द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.नं. 49 रा.नि.मं. रिसाली तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 96/2 रकबा 0.020 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से दानकर्ता मनोरमा पति स्व. ओंकार योना से क्रय किया गया है कि नामांतरण किए के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के अधार पर नामांतरण किए जाने पर जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 28.07.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03.07.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता सन्नी कुमार गोंड (SUNNY KUMAR GOND) पिता वृंदवासिनी प्रसाद गोंड, आयु 25 वर्ष निवासी म.नं. 268, वार्ड नं.-21, केम्प-1, अम्बेडकर नगर, सुपेला भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) का हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ :-यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मैं पूर्व में हिन्दू धर्म को मानते आ रहा था, तथा इस्लाम धर्म में भी मेरी आस्था थी। यह कि मैने विवाह दिनांक 02/01/2025 को आयेशा खानम पिता अब्दुल गफ्फार के साथ विवाह कर लिया है। जिसके पश्चात् मैगे हिन्दू धर्म का पूर्ण रूप से परित्याग कर इस्लाम धर्म को पूर्ण रूप से ग्रहण कर लिया है। यह कि उपरोक्त धर्म परिवर्तन मैनें स्वेच्छा पूर्वक किया हैं, इस पर मुझ पर किसी प्रकार का दबाव व प्रलोभन नही दिया गया हैं। यह कि मेरे समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रो, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, ड्रायविंग लायसेंस, बैंक पासबुक व अन्य समस्त दस्तावेजो में मेरा नाम सन्नी कुमार गोंड (SUNNY KUMAR GOND) दर्ज है। यह कि मैने आयेशा खानम के साथ विवाह पश्चात् अपना नाम मोहम्मद सन्नी (MOHAMMAD SUNNY) रख लिया हैं। भविष्य में मुझे मोहम्मद सन्नी (MOHAMMAD SUNNY) के नाम से जाना व पहचाना जावे। यह कि भविष्य में मैं अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, ड्रायविंग लायसेंस, बैंक पासबुक एवं अन्य समस्त शासकीय, अशासकीय, अर्द्धशासकीय दस्तावेजो में मेरा विवाहोपरान्त परिवर्तित नया नाम मोहम्मद सन्नी (MOHAMMAD SUNNY) दर्ज करवाना चाहता हूं, जिसके संबंध में यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
सन्नी कुमार गोंड

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता विश्वनाथ सिन्हा आत्मज सीताराम सिन्हा, उम्र 59 वर्ष, निवासी सैमनगर मुक्तिधाम, सुपेला, भिलाई, थाना-वैशालीनगर, तहसील व जिला-ग का होकर निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं- यह कि, मैं उक्त पते पर स्थायी रूप से निवास करता हूं मेरा जन्मतिथि 01.05.1966 आधार कार्ड नंबर- 4600 0903 5540 है जो कि सत्य व सहीं है। यह कि, मेरे नाम हक स्वामित्त्व में मौजा ग्राम भैंसबोड़, प.ह.नं. 23, रा.नि.मं. मण्डल पाटन, तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ0ग0) में कृषि भूमि है जिसके राजस्व अभिलेख /ऋण पुस्तिका में मेरा नाम त्रुटिवश बिसनाथ सिन्हा आ. सीताराम दर्ज जबकि आधार कार्ड, पेन कार्ड में मेरा नाम विश्वनाथ सिन्हा आत्मज सीताराम सिन्हा है। यह कि, राजस्व अभिलेख / ऋण पुस्तिका में दर्ज नाम बिसनाथ सिन्हा आ. सीताराम एवं आधार कार्ड, पेन कार्ड में दर्ज नाम विश्वनाथ सिन्हा आत्मज सीताराम सिन्हा दोनों एक ही व्यक्ति अर्थात मेरा नाम है। यह कि, मैं राजस्व अभिलेख / ऋण पुस्तिका दस्तावेजों में दर्ज नाम बिसनाथ सिन्हा आ. सीताराम के स्थान पर आगे भविष्य में राजस्व अभिलेख / ऋण पुस्तिका में अपना परिवर्तित / संशोधित नाम विश्वनाथ सिन्हा आत्मज सीताराम सिन्हा लिखवाने, पढ़े जाने एवं पुकारे जाने हेतु परिवर्तित / संशोधित नाम को शासकीय गजट राजपत्र में प्रकाशित किये जाने बाबत सक्षम प्राधिकारी के मांग पर यह शपथपत्र सादर प्रस्तुत किया जा रहा है।

शपथकर्ता
विश्वनाथ सिन्हा

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202507104700023 /अ-06/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सीताराम पिता- स्व0 दशरथ, जाति-ठेठवार उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम भटगांव तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा स्थित भूमि मौजा-भटगांव प.ह.नं. 09 रा.नि.मं. दुर्ग 01 तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 13,22 एवं 622 रकबा क्रमशः 0.5400, 2.0300 एवं 0.1600 हे0 भूमि अवेदक की माता एवं अन्य सहखातेदारों के नाम से वर्तमान भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी आवेदक की माता श्रीमती श्यामबती का स्वर्गवास दिनांक 17.01.2017 को हो जाने मृतक का नाम विलोपित कर शेष खातेदारों का नाम यथावत् रखे जाने हेतु फौती नामांतरण आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.07.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 12.07.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

अब तक 495.0 मिमी वर्षा दर्ज

दुर्ग। जिले में 1 जून 2025 से 29 जुलाई 2025 तक 495.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सर्वाधिक वर्षा 605.1 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 390.7 मिमी. तहसील धमधा में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील बोरी में 461.6 मिमी, तहसील अहिवारा में 599.6 मिमी, भिलाई-3 में 422.6 मिमी और दुर्ग में 490.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 29 जुलाई 2025 को दुर्ग में 17.8 मिमी, धमधा में 3.4 मिमी, पाटन में 8.4 मिमी, बोरी में 16.0 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 7.4 मिमी और तहसील अहिवारा में 15.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

बघेरा-कोटनी रोड की अधूरी नाली बनी किसानों की मुसीबत

दुर्ग। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं का समुचित समाधान और निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव भी मौजूद थे। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 107 आवेदन प्राप्त हुए। बघेरा-कोटनी के किसानों ने बताया कि बघेरा रेलवे फाटक से कोटनी मार्ग तक लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई गई नवीन नाली अधूरी व गलत लेवल पर बनी है, जिससे पानी निकासी रुक गई है। पहले कच्ची नाली से पानी निकल जाता था, लेकिन अब नाली खेत से ऊँची बन गई है, जिससे खेतों में पानी भरकर फसलें डूब रही हैं। करीब 100 एकड़ क्षेत्र की फसलें जलभराव से खराब हो चुकी हैं, जिससे बघेरा, कोटनी और मोहलाई खार के किसानों को भारी नुकसान हुआ है। किसानों ने मांग की है कि नाली का लेवल ठीक कर, उसे एसटीएफ बाईपास छोर व शनि मंदिर सरार तक पूरा किया जाए ताकि खेतों से पानी निकासी हो सके। इस पर कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

4 लाख की आर्थिक सहायता

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने दुर्घटना में मृतक के परिजन को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम करेला डीही तहसील पाटन जिला दुर्ग निवासी खेमलाल कश्यप की विगत 5 सितंबर 2024 को तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व. खेमलाल कश्यप की पत्नि विजयलक्ष्मी कश्यप को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

पावरग्रिड प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि का कराएं जल्द भुगतान : कलेक्टर

- **विभागों में कंडम गाड़ी को कराएं अपलेखन**
- **कलेक्टर ने समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा किया**

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर समय-सीमा लंबित प्रकरणों की विभागवार गहन समीक्षा किया। उन्होंने अधिकारियों को विभागों को प्राप्त आवेदनों का निराकरण समय-सीमा के भीतर करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने पावरग्रिड प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि के संबंध में सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को 400 केव्ही डबल सर्किट पावरग्रिड रायपुर पुल-धमतरी संचरण लाइन निर्माण कार्य अंतर्गत टावर स्थापना व तार के नीचे प्रभावित भूमि का मुआवजा भुगतान कराने और अद्यतन भुगतान राशि की जानकारी देने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि संबंधित अनुभाग अंतर्गत आरबीसी 6-4 के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी भी उपलब्ध कराये जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आर्थिक सहायता राशि के प्रकरण लंबित न हो यह सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने निर्वाचन के दौरान प्राप्त शिकायतों के निराकरण की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के दौरान प्राप्त शिकायतों का भी निराकरण कर अवगत कराएं।

कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप 15 वर्ष से अधिक चली शासकीय वाहनों का अपलेखन किया जाना है। उन्होंने जिले के विभिन्न विभागों में अभी भी अपलेखन होने से 12 लंबित वाहनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को जिला परिवहन कार्यालय के माध्यम से अपलेखन कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि विभाग में अपलेखन हेतु कंडम वाहन शेष न रहे। उन्होंने समीक्षा के दौरान एसडीएम एवं जनपद सीईओ को संबंधित क्षेत्र में कृषि मजदूर कल्याण योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों का परीक्षण करा लेने के निर्देश दिये। राशन कार्ड केवायसी के संबंध में कहा कि ऐसे राशन कार्ड जिनका केवायसी नहीं हुआ है, सत्यापन कराएं और शासन के मार्गदर्शी निर्देशों के तहत कार्यवाही सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन, हितग्राहियों का आधार सीडिंग कराये। साथ ही फिंगरप्रिंट के कारण लंबित हितग्राहियों की जानकारी शासन को प्रेषित की जाए। आगामी माह प्रस्तावित संभाग से रामलला दर्शन तीर्थयात्रा हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिये। बैठक में स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त हेतु अधिकारियों को कार्यभार दायित्व सौंपे गये। राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती कार्यक्रम आयोजन के संबंध में अवगत कराया गया। साथ ही अधिकारियों को विभागीय कार्य गतिविधियों की रूपरेखा शीघ्र कलेक्टोरेट में जमा कराने कहा गया। सुशासन तिहार के लंबित आवेदनों के निराकरण की जानकारी देने कहा।

सांसदों ने जेल में बंद ननों से की मुलाकात केंद्र पर अल्पसंख्यकों को टारगेट करने का आरोप

दुर्ग/नवप्रदेश। रेलवे स्टेशन पर 25 जुलाई को मानव तस्करी के आरोप में केरल की दो कैथोलिक ननों वंदना फ्रांसिस और प्रीति मेरी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। अब इस मामले को लेकर विपक्षी इंडिया गठबंधन के सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को दुर्ग जेल पहुंचा।

इस मामले को पार्टी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। इसके अलावा लोकसभा में भी इस मामले को उठाया। केरल से सांसद और विधायकों के प्रतिनिधिमंडल मिलने आए थे। उनको लगभग 1 बजे का समय दिया गया था। लेकिन केरल से भाजपा का डेलिगेशन रायपुर आ चुका है इसलिए आज इनको नहीं मिलने देना चाह रहे थे। कल का समय दे रहे थे। इसलिए मुझे मौके आना पहुंचना पड़ा, क्योंकि यह मेरे जिले का मामला है। यहां पहुंच कर जेल डीजी से बात करके कहा कि यह प्रतिनिधिमंडल संसद सत्र को छोड़कर मिलने आए थे। इनको मिलने दिया जाए। यदि नहीं मिलने दिया गया तो यहीं पर धरने पर बैठेंगे। तब जाकर मिलने की अनुमति दी गई। भूपेश बघेल ने कहा कि यह बीजेपी की रणनीति है कि अल्पसंख्यकों को टारगेट करो ताकि वह संख्या वोट को केंद्रीकरण किया जा सके।

प्रतिनिधिमंडल में शामिल सांसद बेनी बेहनन ने मीडिया से चर्चा में कहा कि दोनों नन से हमने विस्तार से चर्चा की। जेल में बंद दोनों सिस्टर ने बताया कि वे तीन युवतियों को नौकरी के लिए आगरा, शहडोल और एक अन्य स्थान पर ले जा रही थीं। लेकिन गलतफहमी पैदाकर धर्मांतरण और मानव तस्करी का आरोप लगाते हुए बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने दबाव बनाया। यह सब किसने किया ? यह सब क्या है? यह पुलिस ने नहीं किया, बल्कि बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने किया। क्या यही ला एंड आर्डर है। पुलिस के संरक्षण में बजरंग दल ने ही यह सब किया है। हम सब यह मुद्दा कल संसद में उठाने जा रहे हैं।

सांसद सप्तगिरि उल्का ने चर्चा में बताया कि मुझे लगता है कि गलतफहमी में सरकार ने इन्हें आरोपी बनाया है। हम दोनों सिस्टर से मिलकर आ रहे हैं। दोनों नर्स हैं। एसमें एक नर्स का काम करती हैं, तो एक फार्मासिस्ट हैं। यह दोनों मिशनरीज हॉस्पिटल में काम करती हैं। यह सिस्टम तीन युवतियों को काम दिलाने के लिए बात करके ले जा रहे थे। पुलिस ने उनकी वेशभूषा देखकर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को फोन कर दिया। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने रेलवे स्टेशन में आकर बेवजह हंगामा मचाया। इसके बाद जबरदस्ती धर्मांतरण और मानव तस्करी का आरोप लगाकर इनको फंसाने की कोशिश की जा रही है। जो कानूनी प्रक्रिया है, उसका पालन करते हुए इस मामले को हम कोर्ट में लड़ेंगे।

जेल में नहीं दी गई थी मिलने की अनुमति

सांसद जब दुर्ग जेल पहुंचे तो उन्हें पहले ननों से मिलने की अनुमति नहीं दी गई। इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी मौके पर पहुंचे। मौके से बघेल ने जेल डीजी को फोन लगाया तब सांसदों के प्रतिनिधिमंडल को जेल के अंदर मुलाकात करने के लिए जाने की अनुमति मिली। बघेल ने राज्य सरकार की कार्रवाई पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि लोकसभा छोड़कर आए हुए सांसदों को जेल में बंद महिला बंदियों से मुलाकात करने से क्यों रोका जा रहा है। बघेल ने कहा कि यह असंवैधानिक तरीके से गिरफ्तारी का मामला है।

सांसदों ने सरकार पर लगाए आरोप

जेल के बाहर मीडिया से बात करते हुए सांसदों ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार अल्पसंख्यकों को टारगेट कर रही है और बिना वजह जेल भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि दोनों नन निर्दोष हैं और उनके साथ अन्याय हो रहा है। प्रतिनिधिमंडल में सांसद के. फ्रांसिस जॉर्ज, बेनी बेहनन, सप्तगिरी उल्का, एन. के. प्रेमचंद्रन, इंग्रिड मैकलोड, अनिल थॉमस के साथ कांग्रेस की महासचिव जरिता लेफलॉन्ग और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल थीं।

वृक्षारोपण के साथ स्व-सहायता समूह को रोजगार के अवसर

- **कार्य के संचालन हेतु एक अगस्त तक स्पीड/ पंजीकृत डाक/ व्यक्तिगत हाथों-हाथ आमंत्रित होगा।**

भिलाईनगर/नवप्रदेश। भारत सरकार आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा अमृत मित्र योजना अंतर्गत वुमेन फार ट्री अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें अमृत 2.0 मिशन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप, वृक्षारोपण, रखरखाव, जागरूकता एवं पर्यावरणीय अभियान से संबंधित कार्यो हेतु डे-एन यू एल एम मिशन अंतर्गत पंजीकृत इच्छुक महिला स्व-सहायता समूहों से नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में उक्त कार्य के संचालन हेतु रुचि की अभिव्यक्ति ऑफर दिनांक 01 अगस्त 2025 को सायं 5:30 बजे तक स्पीड/ पंजीकृत डाक/व्यक्तिगत हाथों-हाथ आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित रूचि की अभिव्यक्ति में चयनित स्थलों पर वृक्षारोपण, पौधों की देखरेख/सिंचाई एवं संधारणीय निगरानी, पौधो की जियो टैगिंग और नियमित प्रगति रिपोर्टिंग, वृक्षारोपण एवं पर्यावरणीय संरक्षण हेतु सामुदायिक सहभागिता को सम्मिलित किया गया है।

रूचि की अभिव्यक्ति में भाग लेने के लिए आवश्यक दस्तावेज 100 रूपये का डिमांड ड्राफ्ट, शपथपत्र, स्व सहायता समूह के विवरण, स्व सहायता समूह के द्वारा अद्यतन कृत कार्यो का विवरण, पदाधिकारियों का विवरण, आवेदन पत्र के साथ समूह का पंजीयन प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, बैंक खाता विवरण, समूह की हालिया बैठक की कार्यवाही विवरण प्रस्तुत करना अनिवार्य है। आवेदन कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 01 अगस्त 2025 निर्धारित है।

इच्छुक स्व सहायता समूह निर्धारित अंतिम तिथि के पूर्व मुख्य कार्यालय के उद्यान विभाग से जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दस्तावेज सहित आवेदन कर सकते हैं।

आज मुरमुन्दा में विशेष शिविर का आयोजन

दुर्ग/नवप्रदेश। सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत प्राप्त आवेदनों/विषयों के निराकरण की जानकारी हेतु ग्राम मुरमुन्दा में 30 जुलाई 2025 को क्लस्टर स्तरीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उक्त शिविर में संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को निर्धारित समय से पूर्व उपस्थित सुनिश्चित करने कहा गया।

चिंगरी ग्रापं में फर्जीवाड़ा : दो साल बीतने के बाद भी नहीं हुई कोई कार्रवाई

दुर्ग (अंजोरा)/ नवप्रदेश। चिंगरी ग्राम पंचायत के लेटर पैड में फर्जीवाड़ा करने वाले व्यक्ति संजय कुमार के खिलाफ आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इस मामले में पंचायत सचिव कुलेश्वर साहू का बयान भी भ्रमित करने वाला है। सचिव का कहना है कि अंडा खदान के खोदाई के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र दिया गया था। क्या चिंगरी पंचायत को दूसरे गांव का काम के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र देने का अधिकार है,लेकिन पंचायत में इस संबंध में कोई प्रस्ताव नहीं हुआ है और न ही अनापत्ति प्रमाणपत्र की द्वितीय प्रतिलिपि पंचायत में उपलब्ध है। इससे साफजाहिर होता है, पंचायत सचिव कुलेश्वर साहू भी फर्जीवाड़ा में शामिल है। तहसील कार्यालय द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट रूप से लिखा गया है कि पंचायत लेटर में फर्जीवाड़ा किया गया है, जो एक अलग तरह का अपराध है।एक तरफ जिला पंचायत सचिव व अन्य के विरुद्ध थाने में कार्रवाई के लिए लिखती है, दूसरे तरफ जिला पंचायत के मातहत अधिकारी सचिव द्वारा एनओसी की द्वितीय प्रति सम्भाल नहीं पाने और तहसील न्यायलय के आदेश पर कार्रवाई नहीं किए जाने पर भी पंचायत सचिव पर कार्रवाई नहीं कर सके इससे स्पष्ट है कि सभी प्रकार के फर्जीवाड़ा में उच्च अधिकारियों की भी मिलीभगत की पूरी संभावना है।इसके बावजूद, अभी तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई है। आवेदक खोमेंद्र साहू ने जनपद पंचायत और जिला पंचायत, जिला कलेक्टर के पास कई बार शिकायत की है, लेकिन दो साल बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जिला, जनपद पंचायत और थाना एक दूसरे के हवाले कर मामले को गुमराह कर रहे हैं।

इससे साफसाबित होता है कि अपराधी को बचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है और अपराध को बढ़ावा दिया जा रहा है। आवेदक ने आरोप लगाया है कि अधिकारी और जनप्रतिनिधि जानबूझकर मामले को दबाने की कोशिश कर रहे हैं।

इस मामले में जल्द से जल्द कार्रवाई करने की आवश्यकता है ताकि अपराधी को सजा मिल सके और भविष्य में इस तरह के अपराधों को रोका जा सके। आवेदक और ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस मामले में तुरंत कार्रवाई की जाए और दोषियों को सजा दिलाई जाए, और इस मामले को उजागर करने वाले खोमेंद्र साहू ने कहा कि अब हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे।

रूदा में एकल ग्राम योजना स्वीकृत

दुर्ग। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड दुर्ग अंतर्गत ग्राम रूदा विकासखंड दुर्ग में जल जीवन मिशन अंतर्गत एकल ग्राम योजना का कार्य स्वीकृत है, जिसका अनुबंध एजेन्सी मेसर्स कमल कुमार अग्रवाल रायपुर के साथ किया गया है। अनुबंध में दो ग्राम रूदा और मासाभाट शामिल है। पीएचई कार्यपालन अभियंता उत्कर्ष पाण्डेय ने बताया कि अनुबंध की कुल राशि 123.74 लाख है, जिसमें ग्राम रूदा हेतु अनुबंधित राशि 65.389 लाख है। वर्तमान में उपरोक्त अनुबंध में कार्य हेतु कोई भुगतान नही किया गया है। ठेकेदार को पूर्ण भुगतान तभी किया जायेगा, जब योजना से शत-प्रतिशत घरों में पेयजल सप्लाई होगी। ग्राम में 35 कि.ली. क्षमता, 12 मी. स्टेजिंग की जिंक एल्यूमिनियम एलॉय टैंक का निर्माण किया जाना है। टंकी निर्माण कार्य की लागत 10.98 लाख रूपए है तथा ग्राम में योजना का कार्य प्रगतिरत है।

दस मीटर ऊंचाई वाले डोम शेड की नींव मात्र 2 फीट गहरी, आयुक्त ने बेस कॉलम को उखड़वाया

- **कॉलम का सरिया भी मिक्स**

रिसाली/नवप्रदेश। आयुक्त मोनिका वर्मा ने इंटरनेशनल कॉलोनी बी ब्लाक तालपुरी में निर्माणाधीन डोम शेड के कॉलम को न केवल उखड़वाया बल्कि नए सिरे से कॉलम व बेस बनाने के निर्देश दिए है। दरअसल 10 मीटर ऊंचाई वाले डोम शेड के पिल्हर को खड़ी करने 2 फीट गहराई में बेस तैयार कर कॉलम खड़ी किया जा रहा था। इस घोर लापरवाही पर निर्माण एजेंसी दीवान कंस्ट्रक्शन को कड़ी फटकार लगाते मानक अनुरूप काम करने नोटिस जारी किया है। कॉलम को उखाड़ने से पहले निगम के अभियंताओं ने पहले कार्य की गुणवत्ता की जांच की। जांच में घोर लापरवाही होने में निर्माण एजेंसी दीवान कंस्ट्रक्शन के संदीप साहू के सामने जेसीबी की मदद से डोम शेड निर्माण के लिए खड़े किए 10 कॉलम को उखाड़ कर नए सिरे से कॉलम तैयार करने के निर्देश दिए। इस दौरान मौके पर सहायक अभियंता अखिलेश गुप्ता, जयंत शर्मा, रेवती रमन समेत लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी व सुपरवाइजर उपस्थित थे।

कॉलम के सरिया में भी खेला

कॉलम एवं बेस के लिए सरिया नियमतः 12 एम.एम. का होना चाहिए किन्तु ठेकेदार ने 8 एम.एम. और 10 एम.एम. के मिक्स सरिया का उपयोग किया था। ठेकेदार की इस मनमानी पर भी अभियंताओं ने जमकर फटकार लगाई।

20 लाख का कार्य आदेश

निगम ने दीवान कंस्ट्रक्शन को इंटरनेशनल कॉलोनी क्लब हाऊस के पास कार्य करने 20 लाख का कार्य आदेश जारी किया है। इस कार्य आदेश में हाई मास्क लाइट लगाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। वहीं क्लब हाऊस के पास डोम शेड निर्माण कार्य को दीवान कंस्ट्रक्शन के संदीप साहू ने कुछ दिन पूर्व शुरू किया है। डोम शेड की लागत लगभग 8 लाख होना बताया गया। आयुक्त ने प्रत्येक निर्माण कार्य को सूक्ष्मता से जांच के निर्देश दिए है।

ऐसे हुआ खुलासा

आयुक्त निर्माण कार्यो को समय अवधी में पूरा करने अभियंताओं की बैठक ली। बैठक में प्रस्तुत सूची के आधार पर ही आयुक्त मौके पर पहुंची। तालपुरी बी ब्लाक में डोम शेड के लिए तैयार किए जा रहे कॉलम को देखने के बाद आयुक्त ने तत्काल सहायक अभियंता समेत उप अभियंता को मौके पर उपस्थित होकर जांच के निर्देश दिए।

5 फीट गहराई का दावा, जांच में 2 फीट

तालपुरी बी ब्लाक में स्थित क्लब हाउस के पास 15 मीटर बाई 10 मीटर डोम शेड का निर्माण कार्य करने कार्य आदेश जारी किया गया है। इस कार्य के लिए निर्माण एजेंसी ने डोम शेड के लिए लोहे का पिल्हर खड़ी करने बेस तैयार किया था। बेस की गहराई 5 फीट से अधिक होना था, किन्तु जांच में गहराई दो फीट निकली।

बोल बम कांवर यात्रा समिति का आयोजन

एक मुट्ठी दान भगवान शंकर के नाम से तैयार किया गया महाप्रसादी

टोलाघाट में 31 हजार से ज्यादा भक्तों ने ग्रहण किया महाप्रसादी

भिलाई/नवप्रदेश। सावन माह के पावन अवसर पर बोल बम कांवर यात्रा समिति, पाटन क्षेत्र के तत्वाधान में आज भव्य कांवर यात्रा का आयोजन किया गया। इस विशाल धार्मिक आयोजन में संयोजक जितेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में हजारों की संख्या में शिवभक्तों ने पाटन से कांवर यात्रा प्रारंभ कर टोलाघाट पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। हजारों की संख्या में भक्तों ने महाप्रसादी ग्रहण किया। एक मुट्ठी दान भगवान शंकर के नाम से बने महाप्रसादी तैयार करने के लिये धर धर से लोगों ने एक मुट्ठी अनाज दान किया। यात्रा के दौरान भक्तगण डीजे की सुमधुर धुनों पर ÷बोल बम÷, ÷हर हर महादेव÷ के जयघोष करते हुए श्रद्धा और भक्ति से सराबोर नजर आए। संपूर्ण यात्रा मार्ग भक्तिमय वातावरण में गूंजता रहा और क्षेत्र में धार्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। बोल बम कांवर यात्रा समिति द्वारा यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए जलपान, चिकित्सा, व सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की गई। समापन के बाद सभी श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि व शांति की कामना की।

इस अवसर पर टोलाघाट के मंचीय कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित राज्य योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने कहा कि भगवान शिव के भक्तिभाव मे किया गया कार्य कभी निष्फल नहीं जाता। कावड़ यात्रा के माध्यम से शिवभक्ति की अविरल धारा पाटन क्षेत्र में बहती है। इसमें शामिल होने वाले शिवभक्त प्रशंसा के पात्र हैं। जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि लगातार 14 वर्षों से जितेंद्र वर्मा के संयोजकत्व में निकलने वाली कांवड़ यात्रा से उमड़ता भक्ति का सैलाब गांव से गांव को और जन से जन को जोड़ता है। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि भगवान शिव से कुछ मांगने की आवश्यकता नहीं है। वे अंतर्यामी है। उनके लिए कावड़ लेकर जिस कामना से भक्त आते हैं, उन्हें बिना मांगे ही सब मिल जाता है। समाजसेवी चतुर्भुज राठी ने कहा कि टोला घाट में प्रत्येक वर्ष होने वाली कावड़ यात्रा भक्ति और अध्यात्म का अद्भुत उदाहरण है। 200 से ज्यादा गांव से लोग कावड़ में जल लेकर निकलते हैं और टोला घाट के प्राचीन शिवालय पहुंचते हैं। भगवान शिव के प्रति अंचल के लोगों की अगाध श्रद्धा इसमें दिखती है। बोल बम कावड़ यात्रा समिति के संयोजक जितेंद्र वर्मा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष होने वाला यह आयोजन अब एक परंपरा बन चुका है। कोई व्यक्ति विशेष इसका आयोजनकर्ता नहीं है, बल्कि कावड़ यात्रा का आव्हान होते ही गांव-गांव में फैले भक्तजन स्वस्फूर्त होकर निकलते हैं, यह भगवान शिव के प्रति लोगों की भक्ति और समर्पण की भावना के चलते ही हो रहा है। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी व ललित चन्द्राकर विधायक ग्रामीण, रमशिला साहू पूर्व केबिनेट मंत्री, डा. दयाराम साहू, छग राइस मिल एसोशिएसन अध्यक्ष कांतिलाल बोथरा, जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र पाध्ये, दिलीप साहू, पाटन नपं अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, मनोज तिवारी, विनोद साहू, केशव बन्छोर, प्रमोद वाघ, प्रमोद नेमा, गिरधर वर्मा आदि उपस्थित रहे।

कन्या महाविद्यालय में छात्रों का विधायक गजेन्द्र ने तिलक लगाकर किया सम्मान

दुर्ग/नवप्रदेश। शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह का आयोजन नव-प्रवेशित छात्राओं एवं उनके अभिभावकों का स्वागत करने हेतु किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गजेन्द्र यादव विधायक दुर्ग ने नव-प्रवेशित छात्राओं का सम्मान तिलक लगाकर एवं पुष्पवर्षा करके किया। इस अवसर पर छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज मेरा सौभाग्य है कि मैं बेटियों के दीक्षारंभ संस्कार में उपस्थित हुआ हूं। महाविद्यालयों में गुरु शिष्य के मध्य शिक्षा का आदान-प्रदान, मनोयोग से प्रारंभ होता है। उसे दीक्षारंभ संस्कार के रूप में प्रारंभ किया गया है। वर्तमान में नई शिक्षा नीति 2024 के अंतर्गत नवाचार अन्वेषण व्यक्ति के अंदर की क्षमता को सशक्त बनाने एवं निखारने की कोशिश करता है। अतः छात्राऐं अपने व्यक्तित्व के विकास में निरंतर अग्रसर रहे। उन्होंने छात्राओं के हित को ध्यान में रखते हुए पूर्ण सुविधाऐं प्रदान करने घोषणा की। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि यह महाविद्यालय इस जिले का एकमात्र प्रतिष्ठित कन्या महाविद्यालय है, लेकिन इसके अनुरूप संसाधन नहीं है। सीमित संसाधन के बावजूद भी छात्राऐं निरंतर सर्वोच्च विकास की ओर बढ़ते हुए नवीन कीर्तिमान स्थापित कर रही है।

सावन के तीसरे सोमवार को कर्णेश्वर मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

नगरी/नवप्रदेश। नगरी सिहावा क्षेत्र शिव मंदिरों पर सावन माह के तीसरे सोमवार को महानदी के उद्गम स्थल और सिहावा के देऊर पारा में स्थित प्राचीन कर्णेश्वर मंदिर में बोल बम कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। हजारों श्रद्धालु पवित्र महानदी में सुबह से आस्था की डुबकी लगाकर भगवान शिव को जल अर्पित करने मंदिर पहुंचे।

इन दिनों पूरा नगरी-सिहावा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा हुआ है। विशेष रूप से छत्तीसगढ़, बस्तर और ओड़िशा के विभिन्न क्षेत्रों से भक्तों का लगातार आगमन हो रहा है।

कांवड़ियों की सुविधा हेतु कर्णेश्वर मंदिर ट्रस्ट द्वारा ठहरने एवं प्रसाद वितरण की समुचित व्यवस्था की गई है। ट्रस्ट के अध्यक्ष

विकल गुप्ता ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता दी जा रही है, और दानदाताओं के सहयोग से प्रसादी एवं अन्य व्यवस्थाएं लगातार संचालित की जा रही हैं।

उन्होंने कहा, यह भोलेनाथ की कृपा है कि हर साल हजारों श्रद्धालु यहां आकर मनोकामना पूर्ण करते हैं।

ट्रस्ट की ओर से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की वही श्रद्धालुओ के लिए बोल बम समितियों द्वारा भंडारा का भी व्यवस्था किया गया है। नगरी के बजरंग चौक पर श्रद्धालु 'हर हर महादेव' और 'बोल बम' के जयकारों के साथ डीजे की धुन और पानी के फुहारों के बीच झूमते-नाचते देखे गए। पूरे क्षेत्र में शिवभक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला।

महेंद्र गिरि पर्वत और वहां स्थित श्रृंगी ऋषि आश्रम भी श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र बना हुआ है।लोग पहाड़ों की गोद में बसे इस दिव्य स्थान में शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव कर रहे हैं।

महानदी उदगम स्थल बना आकर्षण का केन्द्र

सिहावा स्थित महानदी के उदगम स्थल पर इन दिनों चित्रकारी दृश्य लोगों के लिए खास आकर्षण बन गया है। श्रद्धालु दूर-दूर से आकर गंगा मइया के दर्शन कर रहे हैं और प्रकृति की गोद में बसे इस पावन स्थल की सुंदरता का आनंद ले रहे हैं।

बाल संसद यूथ एवं इको क्लब सदस्य का लोकतांत्रिक प्रणाली से हुआ चुनाव

बालोद/नवप्रदेश। डौण्डी लोहारा विकास खण्ड आदिवासी वनांचल ग्राम शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मड़ियाकट्टा में बाल संसद यूथ एवं इको क्लब सदस्य का लोकतांत्रिक प्रणाली से चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमें प्रधानमंत्री भानेश्वरी कक्षा आठवीं, अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार कक्षा आठवीं, गृहमंत्री हिमांशी कक्षा आठवीं, शिक्षामंत्री प्रीति आठवीं, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री ईशु आठवीं, मध्यान्ह भोजन मंत्री गीताजंली आठवीं, पुस्तकालय मंत्री केशरी सातवीं, खेल मंत्री तनमय आठवीं, कृषि एवं बागवानी मंत्री ओमप्रकाश आठवीं, सांस्कृतिक मंत्री मिनाक्षी सिन्हा सातवीं, कक्षा नायक छठवीं जानवीं, उपकक्षा नायक भावेश, कक्षा नायक सातवीं चंचल नेताम, उपकक्षा नायक धनंजय, कक्षा नायक आठवीं संध्या, उपकक्षा नायक मंयक आदि हैं। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का राज्यपाल पुरुस्कृत प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने नेमप्लेट बैच लगाकर स्वागत सम्मान कर उनके दायित्व जिम्मेदारी को बखूबी निभाने के लिए शपथ दिलाया। इस अवसर प्रधानपाठक दयालूराम पिकेश्वर ने बाल संसद यूथ क्लब और इको क्लब के उद्देश्य गतिविधियों जानकारी देते हुए बताया कि यूथ क्लब और इको क्लब के जरिए छात्रों में जीवन कौशल नेतृत्व क्षमता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित की जाती है। इन क्लबों की गतिविधियों से छात्रों में आत्मविश्वास और आत्मसम्मान भी बढ़ता है। बच्चों को बताया गया कि यूथ क्लब के माध्यम से क्विज, डिबेट,सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद, खेल सामग्री का इस्तेमाल,पुस्तकालय और प्रयोग शाला का इस्तेमाल होता है। इसी तरह इको क्लब की गतिविधियों में जल संरक्षण, पौधा संरक्षण, कचरा प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम, वृक्ष रोपण, पर्यावरण और स्वास्थ्य पर आधारित फिल्मों का प्रदर्शन, अभिभावकों और पर्यावरण के लिए काम करने वाले लोगों से बातचीत, स्वच्छता कार्यक्रम होते हैं।

अटल जी के विचारों व योगदान को स्मरण किया

उपमुख्यमंत्री ने किया बागबाहरा में 141.97 लाख रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण

बागबाहरा/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद बागबाहरा के मंडी परिसर में कुल 141.97 लाख रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव थे। उन्होंने भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और अटल जी के विचारों व योगदान को स्मरण किया।

इस अवसर पर कुल 3 कार्यों का लोकार्पण एवं 1 कार्य का भूमिपूजन संपन्न हुआ। लोकार्पण किए गए कार्यों की कुल लागत 98 लाख रुपए रही, जिसमें प्रमुख रूप से अटल परिसर निर्माण एवं भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा स्थापना (लागत 28.16 लाख रुपए), वार्ड क्रमांक 12 में ग्राम तेंदुलोथा से चंडी मंदिर तक विद्युत विस्तारीकरण कार्य (लागत 59.30 लाख रुपए), तथा वार्ड क्रमांक 9 में पुष्प वाटिका निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य (लागत 10.54 लाख रुपए) शामिल हैं।इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 3 में आरसीसी ओवरहेड वॉटर टैंक निर्माण कार्य का

अटल जी भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष थे

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु सतत् रूप से विकास कार्यों को गति दे रही है। उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि, अटल बिहारी बाजपेयी भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष थे, जिनका संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित रहा। वे विचारों के धनी, ओजस्वी वक्ता और दूरदृष्टा राजनेता थे। अटल जी ने न सिर्फ भारतीय राजनीति को नई दिशा दी, बल्कि आमजन की आशाओं को नीति में परिवर्तित कर दिखाया।

भूमिपूजन किया गया, जिसकी लागत 43.88 लाख रुपए है।

इस अवसर पर सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि बागबाहरा नगर के वासियों के लिए ये सौभाग्य की बात है कि हमारी सरकार आने के बाद लगातार विकास कार्यों का क्रियान्वयन हो रहा है। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी जो छत्तीसगढ़ के निर्माता हैं, ये उनकी विकास की सोच का परिणाम है कि यह कार्य आज संभव हुआ है।

प्रस्ताव लाओ, विकास कार्य ले जाओ- कृषि उपज मंडी परिसर में नपाध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव से नगर में जल के लिए आधुनिक फिल्ट्रेशन और ट्रीटमेंट प्लांट, नगर में ई-लाइब्रेरी, एक आधुनिक आडिटोरियम, गांडा समाज के लिए सांस्कृतिक भवन सहित पत्रकार साथियों के लिए पत्रकार भवन की मांग की । जिस पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नगर पालिका के लिए दो करोड़ के विकास कार्य की सौगात देते हुए कहा कि हम विकास कार्यों के लिए राजनीति करते है, विकास कार्यो का प्रस्ताव लाइए, और राशि ले जाइए।

स्वच्छता के लिए आगे आएं- उप मुख्यमंत्री साव ने लोकार्पण-भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह गौरव की बात है कि अब प्रदेश के नगरीय निकायों को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार प्राप्त होने लगा है। बागबाहरा को भी स्वच्छता के लिए पुरस्कार मिलना चाहिए। उन्होंने नगरवासी को स्वच्छता संकल्प दिलाते हुए नगर पालिका परिषद बागबाहरा में तेज गति से स्वच्छता के काम हो जिससे आने वाले समय में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बने, इसके लिए आमजनों का सहयोग जरूरी है।साव ने कहा कि जिस तरह हर व्यक्ति अपने घर को स्वच्छ रखता है, उसी तरह शहर को भी अपना घर समझें और स्वच्छ रखें।

गोरेगांव में उमड़ा शिवभक्ति का सैलाब प्रसादी भंडारा का किया गया आयोजन

नगरी/नवप्रदेश। श्रावण मास की पावन बेला में ग्राम गोरेगांव में तीसरे सोमवार को शिवभक्ति और सेवा का अनुपम संगम देखने को मिला। ग्राम के शिवभक्तों द्वारा श्रावण मास के अवसर पर खीर-पूड़ी प्रसादी वितरण किया गया

कार्यक्रम स्थल यात्री प्रतीक्षालय के पास बनाए गए विशेष रूप से सुसज्जित पंडाल में श्रद्धालु बड़ी संख्या में एकत्र हुए। कांवड़ यात्रियों और शिवभक्तों के लिए गरमागरम खीर और पुड़ी की प्रसादी श्रद्धापूर्वक लेते बड़ी संख्या में जयकारों से गूंजता वातावरण श्रद्धा और उत्साह से सराबोर हो उठा।

इस पुण्य अवसर पर सैकड़ों कांवड़ यात्री छत्तीसगढ़ की पुण्य सलिला महानदी के उद्गम स्थल महामाया फरसियां से पवित्र जल भरकर निकले। श्रद्धालु जल कलश लेकर कर्णेश्वर महादेव मंदिर एवं भूतेश्वर महादेव मंदिर (गरियाबंद) की ओर कांवड़ यात्रा करते हुए रवाना हुए। मंदिरों में भगवान शिव का विधिवत जलाभिषेक कर सभी ने गांव-समाज की सुख-शांति एवं समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

बोल बम एवं शिव नाम के जयघोषों, भक्ति संगीत, और प्रसादी वितरण के इस आयोजन ने गोरेगांव को एक दिन के लिए भक्ति तीर्थ में बदल दिया। श्रद्धालुओं की सेवा में युवा उत्सव समिति के साथ-साथ ग्रामवासियों ने भी तन-मन-धन से सहयोग कर एक सुंदर मिसाल पेश की।

इस आयोजन को सफल बनाने में ग्राम के युवाओं तुलेश्वर सोन, जयदेव यदुराज, यशवंत साहू, जीवन यादव, दुष्यंत साहू, जातेश सोन, कबीर हिरवानी, ओमेश अटलखाम, गीतेश अटलखाम, श्याम लाल साहू, सुभाष बंजारे, दिनेश साहू, मुकेश, ग्रामवासियों ने भी निःस्वार्थ सेवा भाव से इस आयोजन में भाग लेकर शिवभक्ति और सामाजिक एकता की अद्भुत मिसाल प्रस्तुत की।

स्वस्थ्य जीवन शैली के लिये योगासन जीवन का सबसे अभिन्न हिस्सा : अश्विनी शर्मा

■ **स्वस्थ्य शरीर ही जीवन का सबसे बडा धन : संकेत अग्रवाल**

भाटापारा/नवप्रदेश। जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा मॉर्डन इंग्लिश मीडियम स्कूल भाटापारा में चतुर्थ योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता योगासन भारत, दिल्ली से संबद्ध छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अश्विनी शर्मा ने योगासन को अपने जीवनशैली मे ढालने कि बात कही ताकि हम स्वस्थ्य जीवन जी सके ।

विशेष अतिथि संकेत अग्रवाल सरपंच गुडेलिया ने कहा कि योगासन को बढावा देने हेतु शासन द्वारा हर साल योग दिवस मनाया जाता है अगर हम अपने जीवन किमती समय मे कुछ मिनट प्रतिदिन योगासन के लिये समय निकाल लेते है हम निरोगी काया जीवन जी सकते है क्योंकि स्वस्थ्य शरीर ही जीवन का सबसे बडा धन होता है जिसमे हम अपने जीवन के विभिन्न लक्ष्यों पाने मे सफल होते है । प्रीति तम्हाने प्रिंसिपल मॉर्डन इंग्लिश मीडियम स्कूल भाटापारा अभिषेक मिश्रा जनसेवक , अरुण छाबड़ा और नुरेंद्र कुम्हार उपाध्यक्ष रायपुर जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन भी कार्यक्रम उपस्थित थे।

यह प्रतियोगिता छह आयु वर्ग 10+से 14 वर्ष, ओर 14+से 28 वर्ष में बालक एवं बालिकाओं की के लिए अलग अलग आयोजित की गई। जिनके कुल 10 इवेंट आयोजित किये गए। इस प्रतियोगिता में 80 खिलाडी एवं 25टेक्निकल ऑफिशियल सम्मिलित हुए।

इस प्रतियोगिता का संचालन रिया मिश्रा(मेंबर बलौदा बाजार जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन) के द्वारा किया गया प्रतियोगिता निर्देशक के रूप में शैलेन्द्र नामदेव,लोकेश कन्नौज जीवन यादव , विष्णु देवांगन थे वहीं *टेक्निकल ऑफिसियल, किशोर माहेश्वरी , जयश्री साहू, गीता यादव, सुषमा साहू ,चंद्र कुमार साहू, शेख वसीम ,रिया मिश्रा, मोनिल साहू, रश्मि वर्मा ,प्रियंका वर्मा राजेंद्र पाल ,पूजा वर्मा आजुराम वर्मा,अखिलेश्वरी शुक्ला हेमलाल वर्मा, पुष्पा वर्मा ,केशव राम वर्मा

एवं सभी स्कूल के कोच* तुकेश राजा वर्मा, अंकित चौधरी, ऋषभ सिंह चौहान, शेवता मिश्रा, शिवमंगल सिंह ठाकुर इत्यादि उपस्थित थे।

इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन 11 अगस्त तक

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा राज्य के अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के कक्षा 12वीं उत्तीर्ण, 100 विद्यार्थी (64 अनुसूचित जनजाति, 36 अनुसूचित जाति) जो ड्राप लेकर इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते है, ऐसे इच्छुक पात्र अभ्यार्थियों से आवेदन पत्र कार्यालय आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग कलेक्ट्रेट परिसर बलौदाबाजार में 11 अगस्त 2025 तक मंगाए गए है। आवेदन पत्र एवं विज्ञापन से संबंधित विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाईट www.tribal.cg.gov.in से अवलोकन एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

रोपाई, बियासी कार्य में जुटे किसान, खाद की किल्लत

छुरा/नवप्रदेश। अंचल में अच्छी बारिश के बाद खेतों में काम तेज हो गया है। किसान धान की रोपाई और बियासी में जुट गए हैं। गांवों में पारंपरिक तरीके से बैल से नागर चलाकर बियासी हो रही है। किसान एक दूसरे के खेतों में मिलकर काम कर रहे हैं। इससे मजदूरों की कमी कुछ हद तक दूर हो रही है। इस बार एक साथ काम शुरू होने से मजदूरों की भारी कमी हो गई है। रोपाई के लिए अधिक मजदूरों की जरूरत होती है। स्थानीय मजदूर कम पड़ रहें हैं। किसान दूसरे गांवों से मजदूर बुला रहे हैं। इससे लागत बढ़ गई है। किसान अशोक अग्रवाल, नोहर अग्रवाल ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी रोपाई का समय आया,

लेकिन मजदूर नहीं मिल रहें हैं,बाहर से बुलाने पर ज्यादा पैसा देना पड़ रहा है। खाद की किल्लत ने किसानों की परेशानी और बढ़ा दी है। अभी हाल में सरकारी समिति रसेला में सिर्फ यूरिया खाद ही उपलब्ध है। यह पहला साल नहीं है जब खाद की किल्लत हो रही है, रबी सीजन हो या खरीफ हर बार,हर साल किसान खाद के लिए मारामारी करता है, क?ई दिन इंतजार करने के बाद उसे जितना चाहिए उतनी नहीं, मजबूरन किसान दोगुने दामो में बाजार से खाद खरीदता है, इधर खाद व्यापारी भी कालाबाजारी करने से नहीं चूकते, इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि देश के लिए अन्न उगाने वाले अन्नदाता को समय पर पर्याप्त खाद नहीं मिल पाती। सरकार ने सहकारी समितियों और सहकारी केन्द्रो के माध्यम से खाद सप्लाई या वितरण की जाती है। किसानों को उनकी आवश्यकतानुसार खाद उपलब्ध कराने के लिए सरकार विभिन्न उपाय कर रही है जैसे खाद वितरण केन्द्रों की संख्या बढ़ाना, कालाबाजारी रोकना और टोकन सिस्टम लागू किया गया है।

गौरव ग्राम में सरपंच संघ अध्यक्ष राखी ने रोपा एक पेड़ मां के नाम

कुरुद/नवप्रदेश। गौरव ग्राम पंचायत खिसोरा में सरपंच राखी साहू की अगुवाई में तालाब किनारे एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। इस नेक काम में पंचगण एवं प्रबुद्ध नागरिक भी सहभागी बने। मगरलोड ब्लॉक के गौरव ग्राम पंचायत खिसोरा में आयोजित एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत विभिन्न प्रजाति के फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण कर ग्रामीणों द्वारा इनको बड़ा होने तक संरक्षण करने का संकल्प लिया गया। मगरलोड ब्लॉक सरपंच संघ अध्यक्ष राखी साहू ने वृक्षारोपण के महत्व का उल्लेख करते हुए बताया कि वृक्ष ही हमें जीवन प्रदान करने वाली ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, जिसके बिना मानव जाति का अस्तित्व असंभव है। प्लास्टिक और प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से अब गाँवों में भी प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। इससे लड़नेके लिए अधिक से

अधिक पेड़ लगाना जरूरी है। वरिष्ठ भाजपा नेत्री साहू ने टेकनोलोजी का उदाहरण देते हुए समझाया कि अगर पेड़ वाईफाई सिग्नल देते तो हम कितने सारे पेड़ लगाते, मोबाइल चलाने के लिए हम ऐसा कर सकते हैं तो फिर प्राणदायी ऑक्सीजन का सृजन करने वाले पेड़ों की संख्या बढाने में हम पीछे क्यों रहें। वातावरण से हानिकारक प्रभावों को रोक इंसान को जीवित रहने हेतु हरे-भरे पेड़ का होना जरूरी है।

सुप्रसिद्ध भजन सम्राट एवं लोक गायक भगवती प्रसाद सम्मानित

धरसीवां/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध भजन सम्राट एवं लोक गायक भगवती प्रसाद साहू जो कि नगर पंचायत कुंरा वार्ड क्र 07 थाना धरसीवां जिला रायपुर के निवासी है उसे डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम की सुनहरी यादें कार्यक्रम समता साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ जालमपुर धमतरी में प्रांतीय अध्यक्ष जी आर बंजारे द्वारा सम्मानित किया गया । यह हमारे नगर पंचायत एवं धरसीवा क्षेत्र नगर वासियों के लिए गौरव की बात है जिसके लिए भगवती साहू जी को नगर के कूंरा सहित आस पास के प्रशंसकों ने बधाई दिया है ।

पूर्व सैनिकों ने मनाया कारगिल विजय दिवस

राजनांदगांव/नवप्रदेश। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद राजनांदगांव द्वारा नया बस स्टैंड के पास गौरव स्थल और अभिलाषा केंद्र में 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया गया। नया बस स्टैंड के पास गौरव स्थल में पहुंचकर मां भारती के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ माल्यार्पण पुष्पांजलि दी गई। इसके बाद अभिलाषा केंद्र में दिव्यांग बच्चों के बीच शामिल होकर विजय दिवस कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। जिसमें भारतीय सेना के पराक्रम के साथ-साथ देश भक्तिगीत एवं कवितापाठ किया। सभी पूर्व सैनिक एवं सैन्य मातृशक्तियों ने बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया। बच्चों के लिए उपहार भेंट किया गया।

मजबूत नेतृत्व ... पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी का सपना साकार होता दिख रहा

भाजपा संगठन के कार्यालय का शिवरतन शर्मा ने किया भूमि पूजन

भाटापारा/नवप्रदेश। जिला भाटापारा विधानसभा के भाजपा कौशलपुर (कोलिहा) मंडल पार्टी कार्यालय के लिए उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने भूमिपूजन किया।

भूमिपूजन कार्यक्रम के अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने कहा कि संगठन और सत्ता में बैठे लोग बदलते रहते हैं, लेकिन योग्य कार्यकर्ता हमेशा उचित स्थान पर रहकर सम्मान प्राप्त करता है। भारतीय जनता पार्टी में मंच और मंच के सामने बैठने वाला कार्यकर्ता समान है।

शिवरतन शर्मा ने कहा कि इस

कार्यालय के निर्माण से पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी का सपना साकार होता दिख रहा है। वर्ष 1951 में पंडित दीनदयाल उपाध्याय तथा डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने जनसंघ की स्थापना कर एक विचार का सृजन किया था। उनकी आशा थी कि हमारा विचार दुनिया को समाधान देने के लिये काम आयेगा। आज सम्पूर्ण विश्व भारत की ओर देख रहा है। अनेक देश भारत का सहारा लेने के लिये तैयार खड़े हैं। यह स्थिति हमारे पास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैसे मजबूत कुशल नेतृत्व, दृढ़ संकल्प होने के कारण बना है। आज भाजपा का विचार दुनिया को समाधान देने के लिये उपयोग किया जा रहा है। शर्मा ने कार्यकर्ताओं को नए कार्यालय भवन के भूमिपूजन पर बधाई दी। शिवरतन शर्मा ने कहा कि संगठन के कार्यालय होने से कार्यकर्ताओं में कार्य करने का वातावरण निर्मित होता है। यह न केवल संगठन की विचार प्रक्रिया को गति देता है, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति सेवाभाव को भी सशक्त करता है। शर्मा ने आगे कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित दल है। भाजपा के 15-20 कार्यकर्ताओं ने आज एक-एक करोड़ कार्यकर्ता खड़े कर दिये हैं। यह कार्यालय कौशलपुर मंडल कार्यकर्ताओं के कार्यकलाप तथा बूथ सशक्तीकरण जैसी गतिविधियों का केंद्र बनेगा.।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि भाजपा कौशलपुर (कोलिहा) मंडल कार्यालय संगठनात्मक कार्यों को और अधिक प्रभावी एवं सशक्त बनाएगा।

न्यूज गैलरी

डिप्टी सीएम को एनएचएम कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

महासमुंद/नवप्रदेश। डिप्टी सीएम अरूण साव के सरायपाली प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ ने मुलाकात की और 10 सूत्रीय मांगों को लेकर आवेदन सौंपा। एनएचएम संविदा कर्मचारियों की सेवाओं को स्थायित्व प्रदान करने, सेवा सुरक्षा सुनिश्चित करने और सामाजिक सम्मान दिलाने की मांग की गई है। उक्त आवेदन में मुख्य मांग संविदा कर्मियों का स्थायीकरण, ब्लॉक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड-पे निर्धारण, वार्षिक मूल्यांकन में पारदर्शिता, 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, भर्ती में आरक्षण व अन्य है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रामगोपाल खुंटे, डॉ. अनुपमा दास, परमेश्वर सेन सहित अन्य मौजूद थे।

लायंस क्लब के नए पदाधिकारियों ने ली शपथ

भाटापारा/नवप्रदेश। लायंस कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी (इंग्लिश मीडियम) स्कूल भाटापारा में लायंस क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश अग्रवाल का पद भार ग्रहण समारोह रखा गया जिसमें लायंस क्लब के समस्त सदस्यगण पूर्व अध्यक्ष जयप्रकाश अग्रवाल सूरज गुप्ता ,विमल त्रिपाठी , विनोद अग्रवाल , दिनेश बजाज आदि सदस्यगण उपस्थित रहे, उनके सम्मान में लायंस कॉन्वेंट स्कूल की प्राचार्या रुंधेश्वरी साहू एवम मॉर्निंग शिफ्ट की तुलसी वर्मा सहित समस्त सभी शिक्षकगण और कार्यालय कर्मचारी उपस्थित रहे 7

खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने की गुणवत्ता जांच

भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर त्यौहारी सीजन में मिठाईयों एवं अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने खाद्य एवं औषधि

प्रशासन की टीम द्वारा जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को भाटापारा के कई दुकानों में खाद्य पदार्थों की जांच की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी उमेश वर्मा एवं टीम द्वारा भाटापारा के कुल 10 होटल, रेस्टोरेंट एवं मिठाई दुकानों का निरीक्षण किया गया। 4 संस्थानों में साफ-सफाई की कमी एवं हाइजिनिक तौर पर फूड हैंडलिंग नहीं पाए जाने पर नोटिस जारी करते हुए 5 दिवस के भीतर सुधार के निर्देश दिए। इसके साथ ही चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से कुल 51 प्रकार के खाद्य पदार्थ एवं मिठाइयों की जांच की गई जिसमें से 49 मानक एवं 2अवमानक रिपोर्ट प्राप्त हुए। अवमानक बालूशाही एवं गुलगुला भजिया को मौके पर नष्ट कराया गया।

34 पाव देशी मसाला शराब के साथ 1 कोचिया गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी

लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य मे भाटापारा ग्रामीण की पुलिस टीम द्वारा ग्राम खोखली में घेराबंदी कर अवैध रूप से बिक्री करने के लिए शराब ले जाते हुए आरोपी रामगोपाल उर्फ राजू साहु को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से 3400 कीमत मूल्य का 34 पाव देशी मसाला शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना भाटापारा ग्रामीण में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए आगे की कार्यवाही कर रही है। विदित हो किपुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ* किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है।

सेमरिया सरपंच के अथक प्रयासों से गांव में दिख रहा बदलाव

■ **स्वच्छता और सामाजिक चेतना की दिशा में बड़ी पहल**

कसडोल/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत सेमरिया इन दिनों बदलाव की राह पर अग्रसर है, और इस परिवर्तन के केंद्र में हैं सरपंच वीरेंद्र साहू, जिनके अथक प्रयासों और दूरदर्शी नेतृत्व में गांव में जागरूकता की एक नई लहर दौड़ रही है।

आज ग्राम पंचायत भवन में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में गांव के समस्त दुकानदारों की उपस्थिति रही, जहां स्वच्छता को लेकर जागरूकता फैलाई गई एवं अवैध शराब बिक्री के खिलाफ सख्त संदेश दिया गया। सरपंच वीरेंद्र साहू ने न केवल स्वच्छता के महत्व को समझाया, बल्कि सभी दुकानदारों को अपनी-अपनी दुकानों में कचरा डिब्बा रखने, ग्राहकों को कचरा पात्र में ही

कचरा डालने हेतु प्रेरित करने तथा स्वच्छता वाहन का नियमित उपयोग सुनिश्चित करने की अपील की।

बैठक में उन्होंने साफ तौर पर कहा, ÷साफ-सुथरा गांव ही हमारी असली पहचान है। यदि हम अपने बच्चों को स्वस्थ भविष्य देना चाहते हैं, तो स्वच्छता और नशामुक्ति की दिशा में कठोर कदम उठाने ही होंगे।÷

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ग्राम में किसी भी स्तर पर अवैध शराब का व्यापार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पंचगण एवं वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में दुकानदारों को इस विषय पर स्पष्ट चेतावनी दी गई।

सेमरिया पंचायत के उपसरपंच जोहन साहू, पंचगण, ग्रामीणजन और दुकानदार इस मुहिम में सरपंच वीरेंद्र साहू के साथ खड़े दिखे, जिससे यह स्पष्ट है कि गांव में सामूहिक सहयोग की भावना और सकारात्मक बदलाव की लहर अब पूरी तरह से शुरू हो चुकी है।

वीरेंद्र साहू के नेतृत्व में ग्राम पंचायत द्वारा लिया गया यह कदम न केवल ग्रामीण विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहा है, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक प्रेरणा बन गया है। उनकी सक्रियता, सजगता और सेवा भावना को ग्रामीणजन बड़े सम्मान से देख रहे हैं, और यही वजह है कि आज सेमरिया एक आदर्श गांव बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

खरोरा में शहीदों को पूर्व सैनिकों ने दी श्रद्धांजलि

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम खरोरा स्थित शहीद स्मारक परिसर में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया गया। 26 जुलाई को हर वर्ष मनाया जाने वाला यह दिवस भारतीय वीर सैनिकों के अदम्य साहस, शौर्य और सर्वोच्च बलिदान की याद दिलाता है।मुख्य अतिथि एवं खरोरा की सरपंच वीणा कमलेश चंद्राकर व अन्य अतिथियों ने शहीदों को पुष्पचक्र अर्पित किया।

सरपंच ने भारतीय सेना के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि देश अपने सैनिकों के त्याग और बलिदान को कभी नहीं भुला सकता। पूर्व सरपंच सुनीता देवदत्त चंद्राकर ने कहा कि सैनिकों के पराक्रम और साहस की बदौलत हम आज सुरक्षित हैं।

जर्जर भवनों में स्कूल, आंगनबाड़ी और छात्रावास संचालन न करने के निर्देश

■ **आवारा पशुओं को सीएमओ और जनपद सीईओ अभियान चलाकर मुख्य मार्ग से हटाएं**

महासमुंद/नवप्रदेश। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने अफसरों को जर्जर भवनों में स्कूल, आंगनवाड़ी अथवा हॉस्टल संचालन नहीं करने के निर्देश दिए हैं। वैकल्पिक तौर पर ऐसे भवनों को छोड़कर सामुदायिक या अन्य शासकीय भवनों में संचालन करने को कहा है। साथ ही जर्जर भवनों के डिस्मेंटल करने के निर्देश दिए हैं।

इस बैठक में जिले के विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक, अपर कलेक्टर रवि साहू, रविराज ठाकुर, सभी विभाग के जिला अधिकारी सहित अन्य सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। वीसी के माध्यम से जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के प्रतिनिधि, सीएमओ सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं के अनुरूप स्वीकृत कार्यों के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रवास के दौरान किए गए घोषणाओं को प्राथमिकता से क्रियान्वित करें। सरायपाली, खल्लारी में किए गए घोषणाओं की प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं की प्रगति का मॉनिटरिंग अटल मॉनिटरिंग पोर्टल के माध्यम से की जा रही है। अतः सभी विभाग अपने प्रत्येक माह की उपलब्धियों की जानकारी पोर्टल में अपलोड करना सुनिश्चित करें। साथ ही उच्च कार्यालय का भेजना भी सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने

बैठक में प्रधानमंत्री जनमन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, बहुद्देशीय केंद्र, आयुष्मान कार्ड वितरण सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से तालमेल के साथ कार्य करने कहा। प्रधानमंत्री आवासों की समीक्षा की और निर्देशित किया कि किसी भी स्थिति में निर्माण कार्य बाधित न हो, हर हितग्राही को समय पर लाभ मिले।

पर्यावरण संरक्षण को लेकर ÷एक पेड़ मां के नाम÷ अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने संबंधित विभागों को पोर्टल में एंट्री सुनिश्चित करने को कहा। वहीं ÷मोर गांव मोर पानी÷ अभियान के अंतर्गत गांवों में पेयजल स्त्रोतों की सफाई, खुले में गंदगी की रोकथाम और स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने जनभागीदारी से बनाए जा रहे सोख्ता गड्ढा एवं इंजेक्शन वेल की जानकारी ली। जिले में अभी तक प्रधानमंत्री आवास योजना की आवासों में 8265 एवं अन्य स्थानों पर 5 हजार सोख्ता गड्ढे बनाए गए है। जबकि बंद पड़े बोर के जल संरक्षण के लिए 178 इंजेक्शन वेल का निर्माण किया गया है। कलेक्टर ने इस अभियान को निरंतर चलाने के निर्देश दिए हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती समारोह की तैयारी को लेकर निर्देश जारी करते हुए कहा कि सभी विभाग निर्देशानुसार विस्तृत कार्ययोजना तैयार करें और शीघ्र प्रस्तुत करें। उन्होंने बताया कि 16 अगस्त से 31 मार्च तक रजत जयंती समारोह के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। जिसमें राज्य स्थापना के पश्चात विकास और उपलब्धियों की सफर को रेखांकित जाएगा। उन्होंने सभी विभागों को कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं।

सड़कों पर आवारा मवेशियों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने नगरीय निकाय और जनपद सीईओ की नामजद ड्यूटी लगाने के निर्देश देते हुए कहा कि निरंतर अभियान चलाकर इस पर सख्ती से नियंत्रण किया जाए। उन्होंने खाद की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए कहा कि खाद भंडारण और वितरण की निरंतर समीक्षा करते हुए सोसायटियों में भंडारित खादों को किसानों को वितरण सुनिश्चित किया जाए। निजी संस्थानों में ओवर स्टॉक होने पर कार्रवाई करें। उन्होंने अवैध शराब निर्माण एवं विक्रय की शिकायतों पर निरंतर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में राजस्व प्रकरणों और समय-सीमा पत्रकों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जनता से जुड़े प्रकरणों को समय पर और प्राथमिकता से हल किया जाए।

सरपंच के साथ तहसीलदार की मौजूदगी में जातिसूचक गाली

■ **SC/ST एक्ट के तहत कार्रवाई की मांग**



सरसींवा/नवप्रदेश। ग्राम गगोरी में शुक्रवार दोपहर करीब 1:30 बजे एक अत्यंत निंदनीय और संविधान विरोधी घटना सामने आई, जिसने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। अतिक्रमण हटाने की राजस्व विभागीय कार्रवाई के दौरान ग्राम पंचायत गगोरी के दलित सरपंच गजपति जांगड़े (जाति - सतनामी, अनुसूचित जाति) को सार्वजनिक रूप से जातिसूचक गालियां देकर अपमानित किया गया, जबकि तहसीलदार सरसींवा स्वयं मौके पर मौजूद थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, छत्रपाल पटेल और शत्रुधन पटेल नामक दो व्यक्तियों ने सरपंच को खुलेआम गंदी गालियाँ दीं और कहा –जाति सूचक शब्दो तुम मेरा शिकायत किया है। जैसे घोर आपत्तिजनक और संविधान की आत्मा को ठेस पहुँचाने वाले शब्दों का प्रयोग किया गया। घटना के वक्त मौके पर तहसीलदार, पहवारी, उपसरपंच जीवनलाल यादव, पंच ईश्वर साहू, पतिराम साहू, विजय कुमार सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

शिकायत के बावजूद नहीं मिली पावती — प्रशासन की चुप्पी से आक्रोश : सरपंच और ग्रामवासियों ने घटना के तुरंत बाद थाना सरसींवा में लिखित शिकायत प्रस्तुत की, जिसमें अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के तहत अपराध दर्ज करने की मांग की गई। लेकिन अत्यंत हैरानी की बात यह है कि थाना प्रभारी द्वारा अब तक शिकायत की पावती तक नहीं दी गई, जिससे यह आशंका और प्रबल हो गई है कि मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

छत्रपाल पटेल पर पहले से भी गंभीर आरोप : ग्रामवासियों का कहना है कि छत्रपाल पटेल एक आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है, जो पहले से ही 2-5 एकड़ सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर चुका है। उसने कई छांवदार पौधे – नीम, कौहा, बम्बरी आदि काटकर पर्यावरण को भी गंभीर क्षति पहुँचाई है।

कुर्मी समाज भवन निर्माण हेतु मंत्री टंकराम वर्मा ने किया भूमिपूजन

भाटापारा/अर्जुनी /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज अर्जुनी राज के अंतर्गत ग्राम अर्जुनी में भवन निर्माण हेतु भूमि पूजन केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद खोडस राम कश्यप केंद्रीय अध्यक्ष छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज ने किया। विशेष अतिथि के हरिराम वर्मा अध्यक्ष अर्जुनी राज, कपिल कश्यप पूर्व युवा केंद्रीय अध्यक्ष, भोला वर्मा जनपद उपाध्यक्ष भाटापारा आदि उपस्थित थें। धार्मिक पूजा पाठ कर भूमि पूजन भवन निर्माण हेतु किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खोडस राम कश्यप केंद्रीय अध्यक्ष ने कहा कि छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज अर्जुनी राज मे 2 एकड, 6 डिसमिल जगह के लिए राज प्रधान हरिराम के द्वारा 30 लाख रुपया की चंदा वसूली कर जमीन को छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज अर्जुनी राज के नाम में किया गया है। उन्होने इस भवन के स्वरूप एवं कार्य योजना बनाने की बात कही। इस जगह का उपयोग सोच समझकर अच्छे इंजीनियर से नक्शा बनवाकर निर्माण को पूर्ण करने की सलाह दिया गया। सभा को सम्बोधित करते हुए केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि आज समाज के भवन निर्माण में कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का विशेष योगदान है। जिन्होंने चंदा इकट्ठा कर समाज के लिए भूमि की खरीदी शासन से किया है। इस स्थान पर बहुत अच्छे बड़े भवन बनाने की आवश्यकता है जिसमें सभी समाज के लोग इसका उपयोग कर सके। इस जगह का सदुपयोग आने वाले समय में शादी-विवाह आदि विभिन्न कार्यक्रम यहां पर संपन्न होगा। यदि किसी भवन में व्यक्तिगत पैसा लगने पर लोग उसे भवन का निर्माण अपना समझकर मजबूत और टिकाऊ बनाते हैं, इस भवन का निर्माण मजबूत एवं टिकाऊ होगा। इस अवसर पर रवि शंकर वर्मा मंडल अध्यक्ष, सुनीता वर्मा अध्यक्ष बलौदाबाजार राज, डोमन वर्मा सभापति प्रतिनिधि जिला पंचायत, संदीप वर्मा ग्राम प्रमुख ग्राम इकाई अर्जुनी रूपेश वर्मा मीडिया प्रभारी अर्जुनीराज उपस्थित रहे।

पार्थिव शिवलिंग का रुद्राभिषेक में शामिल हुए जगन्नाथ पाणिग्रही

महासमुंद/नवप्रदेश। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा परिवार द्वारा आयोजित रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन में सोमवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं रायपुर संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही शामिल हुए। विधायक सिन्हा भी सपत्नीक रुद्राभिषेक में शामिल हुए। श्री पाणिग्रही ने कहा कि जिसने भी सच्चे मन से भगवान महादेव की पूजा-अर्चना की।

कुरुद संभाग में 40 रुफटॉप सोलर प्लांट स्थापित

कुरूद/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत कुरुद संभाग में अब तक 40 रुफटॉप सोलर प्लांट स्थापित किए जा चुके हैं। इस योजना के तहत शहरी और ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं को अपने घर की छत पर 3 किलोवाट तक सोलर प्लांट लगाने पर केन्द्र सरकार की ओर से 30 हजार से 78 हजार रुपये एवं राज्य सरकार की ओर से 15 हजार से 30 हजार रुपये तक कुल 1 लाख 8 हजार रुपये तक

की सब्सिडी दी जा रही है। कुरुद संभाग के अंतर्गत प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदाय करने के लिए 30 जुलाई (बुधवार) को ऑफिसर क्वॉटर, लुगे रोड, मगरलोड, एवं दिनांक 30.जुलाई को ही (बुधवार) को बाजार चौक, भखारा एवं दिनांक 31जुलाई (गुरुवार) को शिक्षक कॉलोनी, कुरुद में विशेष शिविर (समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक) का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि अधिक से अधिक संख्या में शिविर में आकर योजना का लाभ प्राप्त करें।

भटगांव में प्रतिभावान विद्यार्थियों एवं कर्मठ शिक्षकों का इनाम वितरण

भटगांव/नवप्रदेश। स्कूल लोटस पब्लिक स्कूल भटगांव में पिछले दिनों इनाम वितरण कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इनाम वितरण कार्यक्रम में लगभग 200 प्रतिभावान बच्चे एवं 25 मेहनतकश कर्मठ शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला शिक्षा अधिकारी जे आर डहरिया सर जी द्वारा प्रतिभावान बच्चों एवं कर्मठ शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए बच्चों को बेहतर शिक्षा मुहैया कराने विद्यालय प्रबंधन को शुभकामनाएं दिए साथ ही साथ उन्होंने पधारे समस्त पालकों को शुभकामनाएं दिए।

उल्लेखनीय है कि विद्यालय 2014 से नगर पंचायत भटगांव में संचालित है, जहाँ बच्चों को बेहतर एजुकेशन प्रोवाइड कराया जाता है और प्रतिभावान विद्यार्थियों एवं कर्मठ शिक्षकों को

प्रत्येक वर्ष सम्मानित किया जाता है और इसी कड़ी में यह कार्यक्रम आयोजित कराया गया था। उक्त कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बोर्ड परीक्षा के हमारे संस्थान के 3 होनहार बच्चे साहिल नीलकमल, तनुज देवांगन,जायेश साहू जिले टॉपर को सम्मानित किया गया।

संस्थान के डायरेक्टर एवं प्राचार्य लक्ष्मी साहू ने सम्मानित हुए समस्त शिक्षकों,बच्चों एवं उनके पालक को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना किये।

उक्त कार्यक्रम में संस्थान के डायरेक्टर लक्ष्मी साहू ने कार्यक्रम में पधारे समस्त अतिथियों को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में जे आर डहरिया (डी.ई.ओ.), सत्यनारायण साहू (बी.ई.ओ.), भूपेष सिंह (सी.एम.ओ),राजेश चंद्रवंशी (टी.आई),प्रदीप देवांगन (उपाध्यक्ष नगर पंचायत भटगांव),विजय साहू (सी. एस. सी),गिरजा शंकर धीवर,पूर्व नोडल प्राचार्य मौजूद रहे। स्कूल डायरेक्टर प्रिंसीपल लक्ष्मी साहू के साथ साथ, उप प्राचार्य विक्की यादव, अंशु मतवाले, किरण साहू का विशेष योगदान था।

श्रीमद भागवत कथा | **सुदामा चरित्र सुन भाव विभोर हुए श्रोता, कामदेव ने कृष्ण और रुक्मिणी के पुत्र के रूप में पुनर्जन्म लिया**

सिर्वे में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन, कथा सुनने पहुंचे अजय चंद्राकर

कुरूद/नवप्रदेश। ग्राम सिर्वे में 21 जुलाई से 29 जुलाई तक श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन स्व.श्रीमती माधुरी यदु के पुण्यस्मृति में किया गया है। जिसमें कथावाचक पंडित श्री कृष्ण कुमार तिवारी ग्राम खपरी नया रायपुर के द्वारा छठवां दिवस 27 जुलाई को प्रद्युम्न जन्म एवं सुदामा चरित्र का कथा सुनाया गया जिसमें कथावाचक ने कथा बताते हुए कहा की प्रद्युम्न, भगवान कृष्ण और देवी रुक्मिणी के पुत्र थे, और वे कामदेव के अवतार माने जाते हैं। कुछ कथाओं के अनुसार उनका जन्म एक विशेष परिस्थिति में हुआ था, जब कामदेव को भगवान शिव ने भस्म कर दिया था। इसके बाद, कामदेव ने कृष्ण और रुक्मिणी के पुत्र के रूप में पुनर्जन्म लिया।

कुछ कथाओं में यह भी बताया गया है कि जन्म के बाद, प्रद्युम्न का अपहरण शंबरासुर ने कर लिया था और उसे समुद्र में फेंक दिया था। एक मछली ने उसे निगल लिया, और बाद में उस

मछली को पकड़कर शंबरासुर को दे दिया गया। शंबरासुर ने प्रद्युम्न को अपनी पत्नी मायावती को सौंप दिया, जो उसका पालन-पोषण करती है। बाद में, प्रद्युम्न ने शंबरासुर को मारकर द्वारका वापस आ जाता है, जहां उसका पुनर्मिलन अपने माता-पिता से होता है। कथा के अनुसार

सुदामा चरित्र, भगवान कृष्ण और उनके मित्र सुदामा के बीच की दोस्ती की कहानी है। सुदामा एक गरीब ब्राह्मण थे जो अपनी पत्नी के साथ गरीबी में जीवन यापन कर रहे थे। सुदामा की पत्नी ने उन्हें कृष्ण से मदद मांगने के लिए प्रेरित किया, जो उस समय द्वारका के राजा थे। सुदामा कृष्ण से मिलने द्वारका जाते हैं और उनसे अपनी गरीबी दूर करने की प्रार्थना करते हैं।

कृष्ण सुदामा का आदर सत्कार करते हैं और उन्हें अपनी मित्रता का अहसास दिलाते हैं। कथा सुनने रोहित राम यदु, आशा- घनश्याम यदु, रेखा- जोहत यादव, सीमा- आनंद यदु, सीमा- ऐश्वर्य यदु एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन एवं कृष्ण भगत कथा सुने।

रीपा योजना में गड़बड़ी, बिरकोनी पंचायत सचिव सस्पेंड

महासमुंद/नवप्रदेश। रीपा योजना में अनियमितता बरतने के मामले में संभागायुक्त ने बिरकोनी के सचिव को सस्पेंड कर दिया है। और तत्कालीन जनपद पंचायत सीईओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। दोनों को नियत समय पर जवाब देने निर्देशित किया गया है। शासन स्तर पर जांच-पड़ताल के बाद ग्राम पंचायत बिरकोनी के सचिव शंकर साहू को निलंबित कर दिया गया है। जनपद पंचायत के तत्कालीन सीईओ निखत सुल्ताना को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। रायपुर संभागायुक्त महादेव कावरे ने दोनों को नियत समय में अपना जवाब प्रस्तुत करने को कहा हैं। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने रीपा योजना में अनियमितताओं की जांच की थी। जांच में नियमों की अनदेखी, भंडार क्रय नियम का उल्लंघन और तकनीकी परीक्षण के बिना मशीनें खरीदने जैसी गंभीर गड़बड़ियां पाई गई हैं। इन गड़बड़ियों को गंभीरता से लेते हुए संभागायुक्त महादेव कावरे ने कार्रवाई के आदेश दिए।

बता दें, महासमुंद जिले के कांपा में रीपा के तहत पेवर ब्लॉक और ब्रिक्स (ईंट) निर्माण यूनिट बनाई गई। यहां ब्रिक्स और पेवर ब्लॉक निर्माण की उपयोगिता का मूल्यांकन किए बिना ही मशीनें लगा दी गई।

सीआईआई-ग्रीन स्टील एवं माइनिंग समिट 2025 के दूसरे दिन शामिल हुए अरुण साव

रायपुर/नवप्रदेश। नया रायपुर स्थित मायफेयर लेक रिसॉर्ट में भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा आयोजित ग्रीन स्टील एवं माइनिंग समिट 2025 के दूसरे दिन भी जिम्मेदारी पूर्ण खनन और हरित स्टील निर्माण पर सारगर्भित परिचर्चाएं और रणनीतिक सत्र जारी रहे।

यह प्रभावशाली शिखर सम्मेलन भारत और विदेशों से आए 400 से अधिक प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित हुआ, जिनमें अमेरिका, दक्षिण कोरिया, फिनलैंड, जर्मनी और स्वीडन जैसे देशों के अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि शामिल थे। यह समिट स्टील और खनन मूल्य श्रृंखला से जुड़े विभिन्न हितधारकों–नीति निर्माता, तकनीकी नवोन्मेषक, स्थिरता विशेषज्ञ, शोधकर्ता और उद्योग जगत के अग्रणी उद्योगपतियों –को एक साथ लाया ताकि भारत के स्टील क्षेत्र के डीकार्बोनाइजेशन और हरित परिवर्तन की दिशा में रोडमैप तैयार किया जा सके।

दिन की शुरुआत ÷स्टील विनिर्माण में उपयोगिताओं की परिचालन श्रेष्ठ विधियाँ÷ विषय पर आधारित तकनीकी सत्र से हुई, जिसमें राष्ट्रीय और वैश्विक तकनीकी विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। इस दौरान छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम के अध्यक्ष श्री राजीव अग्रवाल ने विशेष संबोधन दिया। उन्होंने सतत औद्योगिक प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए सीएसआईडीसी की भूमिका, राज्य-स्तरीय औद्योगिक सुविधा, स्मार्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर और नवाचार पर बल दिया। इसके पश्चात खनिज संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के सचिव श्री पी. दयानंद, आईएएस ने उद्घाटन भाषण दिया। उन्होंने सतत एवं ज़िम्मेदारी पूर्ण खनन के लिए सरकार की रणनीतिक दृष्टि को साझा किया तथा खनन क्षेत्र में तंत्र को सरल, पारदर्शी एवं कुशल बनाने हेतु किये जा रहे सुधारों की जानकारी दी। अगले सत्र में ÷जिम्मेदारी पूर्ण खननः हरित स्टील की ओर पहला कदम÷ विषय पर तकनीकी सत्र में खनन निदेशक श्री रजत बंसल, आईएएस ने अपने विचार रखे।

आतंक पर करारा प्रहार, मुख्यमंत्री साय ने सुरक्षाबलों के साहस को किया नमन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ऑपरेशन महादेव के तहत सुरक्षाबलों द्वारा की गई सफल कार्रवाई को आतंक के विरुद्ध भारत की अडिग नीति का प्रतीक बताया है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पहलगाम आतंकी हमले में शामिल तीन आतंकवादियों को मार गिराकर आतंक के विरुद्ध निर्णायक कार्यवाही की है। उन्होंने सुरक्षाबलों के साहस को नमन करते हुए कहा कि सुरक्षा बलों के पराक्रम से पहलगाम आतंकी हमले के तीनों गुनहगार सज़ा पा चुके हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि ऑपरेशन महादेव, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह जी के संकल्प का सशक्त परिणाम है। भारतीय सेना के जवानों का पराक्रम हर देशवासी के हृदय में विश्वास और गर्व की भावना भर देता है। सेना का यह ऑपरेशन मात्र एक कार्रवाई नहीं यह संदेश है उन सभी दुश्मनों को, जो भारत की भूमि पर आतंकी मंसूबे लेकर आते हैं।

एकाग्रता बढ़ाने के साथ भावनाओं को सकारात्मक करती हैं हस्त योग मुद्रा: मूंदड़ा

रायपुर/नवप्रदेश। हस्त मुद्रा योग में उपयोग की जाने वाली शारीरिक मुद्राएं हैं। ये मुद्राएं शरीर के विभिन्न तत्वों को संतुलित करने और ऊर्जा प्रवाह को निर्देशित करने में मदद करतीं हैं। ये मुद्राएं मन को शांत करने, तनाव कम करने, एकाग्रता बढ़ाने और भावनात्मक संतुलन बनाए रखने में मदद करती हैं। उत्काशय के विचार स्वयंप्रभा आधुनिक ध्यान विधि के आविष्कारक शिव नारायण मूंदड़ा 'वास्तु मित्र' ने संत ज्ञानेश्वर विद्यालय में आयोजित हस्त मुद्रा पर आयोजित कार्यशाला में कही। मूंदड़ा ने बताया कि सुरभि हस्त मुद्रा में अंगुलियों को इस तरह से रखा जाता है कि यह गाय के थन के समान दिखाई दें। इसका अभ्यास शरीर में ऊर्जा को निर्देशित करने और विभिन्न लाभ प्राप्त करने के लिए किया जाता है, जैसे कि याददाश्त और एकाग्रता में सुधार, तनाव कम करना और इच्छाओं को पूरा करना। इसी तरह पंकज हस्त मुद्रा, जिसे कमल मुद्रा भी कहा जाता है। एक योग मुद्रा है, जो पवित्रता और सकारात्मकता का प्रतीक है। यह मुद्रा कमल के फूल के समान दिखती है, जहां हाथों की अंगुलियां कमल की पंखुड़ियों की तरह फैली होती हैं। यह मुद्रा मन, विचारों और भावनाओं को सकारात्मक बनाने में मदद करती हैं।

नागपंचमी पर साहू परिवार ने किया रूद्राभिषेक

रायपुर/नवप्रदेश। सावन मास हिंदू धर्म में विशेष महत्व रखता है। हर साल सावन महीने के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को नाग पंचमी मनाई जाती है। इस बार ये तिथि 29 जुलाई को थी। किसी पर्व में यदि ग्रहों का सयोंग हो तो वह तिथि विशेष हो जाती है तथा उसका महत्व और बढ़ जाता हैं। ऐसे शुभ सयोंग में बसंत विहार कॉलोनी गोंदवारा स्थित कैलाश गिरी शिव मंदिर में नागपंचमी के शुभअवसर पर साहू परिवार द्वारा रूद्राभिषेक किया गया। साहू परिवार ने अपने परिवारजनों व कॉलोनी वासियों के लिए मंगल कामनाए भी की। बता दे कि कैलाश गिरी शिव मंदिर में सावन की शुरुआत से लेकर प्रतिदिन रूद्राभिषेक किया जा रहा है तथा प्रत्येक सोमवार को विशेष पूजा व श्रृंगार भी किया जाता है। पूर्व अध्यक्ष श्री नाथूराम साहू की स्मृति में 02 जुलाई शनिवार को सुंदर कांड का आयोजन भी मंदिर परिसर में किया जायेगा इस पूजन को मंदिर के पुजारी श्री कौशल शर्मा द्वारा संपन्न कराया जाता है। इस अवसर पर डिगेश्वर साहू, भास्कर साहू सहित मंदिर समिति के सदस्यगण एवं बड़ी संख्या में भक्तगण भी उपस्थित थे।

वोकल फॉर लोकल अभियान के अंतर्गत पोस्टर का विमोचन

रायपुर/नवप्रदेश। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी, प्रदेश चेयरमेन मगेलाल मालू, प्रदेश चेयरमेन विक्रम सिंहदेव, प्रदेश एक्जीक्यूटिव चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र सिंह एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज कैट के प्रदेश कार्यालय में कैट, युवा कैट, कैट महिला विंग एवं कैट ट्रांसपोर्ट इकाई के सभी पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में कैट युवा टीम द्वारा वोकल फॉर लोकल अभियान के अंतर्गत पोस्टर का विमोचन किया गया।

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी ने बताया कि कैट युवा टीम द्वारा वोकल फॉर लोकल अभियान के तहत यह प्रयास आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आगे कहा कि भारत को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए हम सभी देशवासी संकल्पित हैं। यह केवल हमारा दायित्व ही नहीं, बल्कि कर्तव्य भी है।

स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर केंद्रित दो दिवसीय राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित

- **पहले दिन सीएमएचओ एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक की उपस्थिति में योजनाओं की जिलेवार समीक्षा, प्रभावी सेवा प्रदायगी पर बल**

रायपुर /नवप्रदेश। पहले दिन सीएमएचओ एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक की उपस्थिति में योजनाओं की जिलेवार समीक्षा, प्रभावी सेवा प्रदायगी पर बल

प्रदेश में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति और प्रभावशीलता की समीक्षा हेतु दो दिवसीय राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक की शुरुआत आज राजधानी रायपुर के सर्किट हाउस में की गई। यह बैठक माननीय स्वास्थ्य मंत्री के मार्गदर्शन में तथा स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विभागीय योजनाओं की जिलेवार समीक्षा करते हुए सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों और जिला कार्यक्रम प्रबंधकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी में कोई ढिलाई न हो और सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार सुनिश्चित किया जाए। कटारिया ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने जिलों में नियमित रूप से फील्ड विजिट करें और प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की वास्तविक स्थिति की निगरानी करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य संस्थाओं में स्वच्छता, मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार, आवश्यक जीवनोपयोगी दवाओं की उपलब्धता और अधोसंरचना की स्थिति बेहतर होना अत्यंत आवश्यक है। स्वास्थ्य सचिव ने यह भी स्पष्ट किया कि सेवा प्रदायगी के प्रत्येक पहलू में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और ईमानदारी बनी रहनी चाहिए। बैठक के दौरान मातृ और शिशु मृत्यु दर को न्यूनतम करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा करते हुए कटारिया ने कहा कि हमारा लक्ष्य 'शून्य मातृ मृत्यु' की अवधारणा को साकार करना है। इसके लिए उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की समय रहते पहचान कर उन्हें समुचित चिकित्सकीय देखभाल प्रदान करना जरूरी है। नवजात शिशुओं की मृत्यु दर में कमी लाने तथा संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहित करने पर भी बल दिया गया। स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए डिजिटल माध्यमों के उपयोग को बढ़ाने की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई।कटारिया ने सभी अधिकारियों से कहा कि वे तकनीक का समुचित उपयोग करते हुए सेवाओं की निगरानी, सूचना संप्रेषण और फीडबैक प्रणाली को और अधिक मजबूत बनाएं।

मुख्यमंत्री से केरल एवं ओडिशा के सांसदों के प्रतिनिधिमंडल ने की सौजन्य मुलाकात

- **छत्तीसगढ़ एक शांतिप्रिय प्रदेश है, कानून अपना कार्य कर रहा है :मुख्यमंत्री**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आज मंत्रालय, महानदी भवन में केरल एवं ओडिशा के सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में लोकसभा सांसद चलाकुडी से बेनी बेहनन, कोट्टायम से के. फ्रांसिस जॉर्ज, कोल्लम से एन. के. प्रेमचंद्रन, कोरापुट से सप्तगिरि उल्का, और केरल विधानसभा सदस्य रोजी एम. जॉन शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से राज्य में हाल ही में चर्चा में आए धर्मांतरण प्रकरण की जानकारी साझा की।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ एक शांतिप्रिय और समरसता में विश्वास रखने वाला प्रदेश है, जहाँ सभी धर्मों के लोग सौहार्दपूर्वक रहते हैं। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि मामले की जांच न्यायिक प्रक्रिया के तहत की जा रही है। कानून स्वतंत्र रूप से अपना कार्य कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि प्रदेश की बेटियाँ और नागरिक सुरक्षित और सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत करें।

नकल रोकने में असफल व्यापमं परीक्षार्थियों को हुई परेशानी

रायपुर/नवप्रदेश। यूपीएससी की तर्ज पर राज्य में भर्ती परीक्षायें आयोजित करने का वादा करने वाली भाजपा सरकार सुचारू रूप से एक भी परीक्षा आयोजित नहीं कर पा रही है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि पिछले दिनों पीडब्ल्यूडी के सब इंजीनियर भर्ती परीक्षा में हाईटेक नकल हो रही थी अब व्यापम की गलतियों की वजह से सैकड़ो परीक्षार्थी आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा में शामिल नहीं हो पाए। व्यापम नकल रोकने में असफल साबित हो गई है और अपनी असफलताओं का गुस्सा वह परीक्षार्थियों के ऊपर उतार रही है। आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा में व्यापम के मनमानी के चलते सैकड़ो परीक्षार्थी परीक्षा देने से वंचित हो गए। आबकारी आरक्षक में चयनित होने से चूक गए। व्यापम में जानबूझकर किया है ताकि प्रदेश के युवा को सरकारी नौकरी का जो अवसर मिला है उसे चूक जाए।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि व्यापम को नकल रोकने में रुचि कम अभ्यर्थियों को परेशान करने में ज्यादा रूचि नजर आई है। अगर व्यापम ने कोई नियमावली बनाई थी तो उसका समय पर ठीक से प्रचार-प्रसार होना था ताकि परीक्षा केंद्र पहुंचने के बाद परीक्षार्थियों को इस प्रकार से तानाशाही नियम का सामना करना ना पड़े। व्यापम को अब लड़कियों के फूल बांह के कपड़े, साड़ी, बेल्ट, जूता, सोने की बाली, डार्क कलर के कपड़ों से परेशानी हो रही है।

जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम रूदा में एकल ग्राम योजना स्वीकृत

रायपुर /नवप्रदेश। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड दुर्ग अंतर्गत ग्राम रूदा विकासखंड दुर्ग में जल जीवन मिशन अंतर्गत एकल ग्राम योजना का कार्य स्वीकृत है। जिसका अनुबंध एजेन्सी मेसर्स कमल कुमार अग्रवाल रायपुर के साथ किया गया है। साथ ही 12 दिसम्बर 2022 को कार्यादेश जारी किया गया है। अनुबंध में दो ग्राम रूदा और मासाभाट शामिल है। पीएचई के कार्यपालन अभियंता श्री उत्कर्ष पाण्डेय से मिली जानकारी अनुसार अनुबंध की कुल राशि 123.74 लाख है, जिसमें ग्राम रूदा हेतु अनुबंधित राशि 65.389 लाख है। वर्तमान में उपरोक्त अनुबंध में कार्य हेतु कोई भुगतान नही किया गया है। कार्यपालन अभियंता ने बताया कि ठेकेदार को पूर्ण भुगतान तभी किया जायेगा, जब योजना से शत-प्रतिशत घरों में पेयजल सप्लाई होगी।

लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण के लिए कार्यशाला आयोजित

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में पेंशन के लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के निर्देशन में आज श्री गजानन पटेल, वरिष्ठ कोषालय अधिकारी, जिला कोषालय रायपुर द्वारा रेडक्रॉस सभा कक्ष कलेक्ट्रेट परिसर में कार्यशाल आयोजित किया गया । जिसमें जिला कोषालय रायपुर के अंतर्गत आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को उनके कार्यालय स्तर पर आपत्ति युक्त लंबित पेंशन प्रकरणों के शीघ्र निराकरण किये जाने हेतु संभागीय संयुक्त संचालक, कोष, लेखा एवं पेंशन रायपुर श्री महेश साकल्ले एवं वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्री गजानन पटेल द्वारा विस्तार से चर्चा कर एवं इसके निराकरण हेतु कार्यालय स्तर पर सार्थक पहल किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसमें कार्यालय स्तर के पेंशन प्रकरण बनाकर संयुक्त संचालक पेंश कार्यालय ऑनलाईन प्रेषित किये गये प्रकरणों में दर्ज आपत्ति तथा पीपीओ जारी होने के पश्चात जिला कोषालय स्तर पर कार्यालय द्वारा वांछित जानकारी निर्धारित समय में पोर्टल में अपलोड नहीं किये जाने के फलस्वरूप लंबित हुए प्रकरणों के तत्काल निराकारण किये जाने पर जोर दिया गया ताकि संबंधित कर्मचारी का शीघ्र पेंशन, उपादान का भुगतान किया जा सके।

प्रदेश में पुरानी पेंशन योजना लागू होने के फलस्वरूप सीपीएस कर्मचारियों के मृत्यू, अशक्तता के प्रकरण को श्रुद्धक्र किये जाने के फलस्वरूप लंबित प्रकरणों पर संबंधित आहरण संवितरण अधिकारियों को शीघ्र ही निर्धारित फार्म भर कर कोषालय मे प्रस्तुत किये जाने तथा सेवानिवृत्ति के स्थिति में सरकार के अंशदान व उसके ब्याज की राशि का भाग चालान बनाकर शासन के निर्धारित मद में जमा कर पेंशन प्रकरण का निराकरण किये जाने

निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए नि:शुल्क आवासीय शिक्षा हेतु आवेदन आमंत्रित

रायपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों के उज्जवल भविष्य निर्माण हेतु अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत बच्चों को श्रेष्ठ निजी आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश दिलाकर गुणवत्तायुक्त निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है, जिससे उन्हें विकास के समान अवसर मिल सके। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए उक्त योजना के अंतर्गत आवेदन 5 अगस्त 2025 तक आमंत्रित किए गए हैं। सभी पात्र निर्माण श्रमिकों से अपने बच्चों के प्रवेश हेतु निर्धारित तिथि तक आवेदन अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने अनुरोध किया है।

विधायक ने किया जलभराव क्षेत्रों का निरीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर निगम जोन क्रमांक 3 अंतर्गत शहीद वीर नारायण सिंह वार्ड क्रमांक 33 के अंतर्गत कविता नगर और गीतांजलि नगर में जलभराव की समस्या दूर करने शीघ्र नया नाला बनवाने जनहित में पहल की है. उत्तर विधायक

द्वारा कविता नगर और गीतांजलि नगर के जलभराव क्षेत्रों का निरीक्षण नगर निगम आयुक्त विश्वदीप सहित वार्ड पार्षद प्रदीप वर्मा, जोन 3 जोन कमिश्नर श्री रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता श्री सुशील मोडेस्टस, सहायक अभियंता नरेश साहू की उपस्थिति में किया और आवश्यक निर्देश दिए।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में साप्ताहिक संरक्षा बैठक का आयोजन

- **महाप्रबंधक द्वारा क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन योजना (भाग-2) का किया विमोचन**

रायपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा आज दिनांक 29 जुलाई 2025 को क्षेत्रीय मुख्यालय बिलासपुर में साप्ताहिक संरक्षा बैठक का आयोजन किया गया । इस अवसर पर रेलवे के महाप्रबंधक श्री तरुण प्रकाश ने क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन योजना (भाग-2) का विधिवत विमोचन किया गया ।

बैठक में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अपर महाप्रबंधक सहित सभी विभागों के प्रधान मुख्य विभागाध्यक्ष, प्रमुख अधिकारी एवं संबंधित कार्मिक उपस्थित रहे । महाप्रबंधक महोदय ने इस अवसर पर संरक्षा की प्राथमिकता और आपदा प्रबंधन में तत्परता की आवश्यकता पर बल दिया ।

क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन योजना (भाग-2) एक अत्यंत महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जो रेलवे में आपदा प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल को दर्शाता है । इस दस्तावेज में आपातकालीन स्थितियों में संपर्क किए जाने वाले अधिकारियों, विभागों एवं सरकारी/गैर-सरकारी एजेंसियों की संपर्क जानकारी को समाहित किया गया है ।

इस नियम पुस्तिका का मुख्य उद्देश्य आपदा की स्थिति में त्वरित, सुव्यवस्थित और समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करना है, ताकि यात्रीगण एवं रेलवे कर्मचारियों की जान-माल की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा सके ।

जहां शंका है, वहां श्रद्धा नहीं हो सकती : मनीष सागरजी महाराज

रायपुर/नवप्रदेश। टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में मंगलवार को चातुर्मासिक प्रचवनमाला में परम पूज्य उपाध्याय प्रवर युवा मनीषी श्री मनीष सागरजी महाराज ने कहा कि श्रद्धा बहुत बड़ी ताकत है। यह ना तो बाजार से मिल सकती है और न किताबों से, न स्वाध्याय करने से आएगी। श्रद्धा लाने के लिए भीतर में परिवर्तन करना पड़ता है। यह परिवर्तन केवल बाहरी आचार-व्यवहार में नहीं बल्कि आत्मा की गहराई में होना चाहिए। विचारों और भावनाओं में भी होना चाहिए। जब हम अपने भीतर की दुनिया को बदलते हैं, तब ही सच्ची श्रद्धा का अनुभव संभव होता है।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि श्रद्धा जिसके भीतर हो, उसे भव सागर से पार होने में समय नहीं लगता। आप कम ज्ञान में हो या अधिक ज्ञान में हो यह फर्क नहीं पड़ता है। श्रद्धा भीतर आ जाए तो हर धर्म का कार्य बड़ी आसानी से हो सकता है। हमारे भीतर श्रद्धा का अभाव है, इसलिए प्रवचन सुनना पड़ता है। श्रद्धा का उल्टा होता है शंका। जहां शंका होती है वहां श्रद्धा नहीं होती। श्रद्धा को अपने भीतर लाने के लिए श्रद्धा का विज्ञान समझना होगा। श्रद्धा से ज्ञान निर्मल होता है। श्रद्धा भीतर का ज्ञान जागृत करती है। ज्ञान से ही ध्यान आता है। देव, गुरु और धर्म के प्रति श्रद्धा होगी तभी आप आध्यात्म की ओर आएंगे और आध्यात्म ही आपके मन के भटकाव को दूर करेगा। राग और द्वेष से परे रहोगे तो जीवन मे संवर होगा।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि श्रद्धा एक गहरी आस्था और विश्वास का प्रतीक है। हमारे भीतर ज्ञान के प्रकाश को जागृत करने की अद्भुत क्षमता रखती है। जब हम परमात्मा के प्रति सच्ची श्रद्धा और भक्ति के साथ जुड़ते हैं तो यह न केवल हमारे मन को शांति और संतोष प्रदान करती है बल्कि हमारे ज्ञान के क्षितिज को भी विस्तारित करती है।

आईएसटीएस के ज़रिए 125.65 मेगावॉट सोलर-विंड हाइब्रिड एनर्जी की आपूर्ति का नया समझौता

रायपुर। नेक्स्ट्रा बाय एयरटेल और एएमपीआईएन एनर्जी ट्रांज़िशन ने अपनी साझेदारी को और मजबूत करते हुए 125.65 मेगावॉट सोलर-विंड हाइब्रिड एनर्जी की आपूर्ति के लिए एक नया पावर-व्हीलिंग समझौता किया है, जो इंटर-स्टेट ट्रांसमिशनसिस्टम (आईएसटीएस) से जुड़े प्लांट्स के ज़रिए दी जाएगी। इस नई साझेदारी के साथ दोनों कंपनियों के बीच कुल रिन्यूएबल एनर्जी सहयोग 200 मेगावॉट के पार पहुँच चुका है। यह कदम नेक्स्ट्रा की इंफ्रास्ट्रक्चर एफिशिएंसी को बढ़ाएगा, डी-कार्बनाइजेशन को तेज़ करेगा और ऑपरेशनल एक्सीलेंस को मज़बूत करेगा – जिससे नेक्स्ट्रा भारत में सस्टेनेबल डेटा सेंटर सॉल्यूशंस का प्रमुख खिलाड़ी बना रहेगा। यह अतिरिक्त क्षमता नेक्स्ट्रा को दो चरणों में दी जाएगी – पहली राजस्थान और दूसरी कर्नाटक में कैप्टिव सोलर-विंड पावर प्रोजेक्ट्स के माध्यम से। एएमपीआईएन पहले से उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और ओडिशा में इन्ट्रा-स्टेट ओपन एक्सेस के ज़रिए नेक्स्ट्रा को सोलर पावर सप्लाई कर रहा है। इस नए समझौते के तहत,एएमपीआईएन अब 11 और राज्यों में विस्तार करेगा और साथ ही बड़े पैमाने पर आईएसटीएस रिन्यूएबल एनर्जी सप्लाई और एकल इंडिपेंडेंट पावर प्रोड्यूसर (आईपीपी) से ग्रीन एनर्जी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। नेक्स्ट्रा बाय एयरटेल के सीईओ आशीष अरोड़ा ने कहा, ÷सस्टेनेबिलिटी सिर्फ एक वादा नहीं है – यह हमारी ज़िम्मेदारी है और नेतृत्व का अवसर भी।

सोने में गिरावट का सिलसिला जारी

नई दिल्ली। मंगलवार को सोने की कीमत 200 रुपये की गिरावट के साथ 97,820 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गयी। वहीं चांदी की कीमतें 1,13,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रहीं। स्टॉकिस्टों की लगातार बिकवाली के कारण मंगलवार को राजधानी दिल्ली में सोने की कीमत 200 रुपये की गिरावट के साथ 97,820 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गयी।

एलआईसी की गजब स्कीम, सिर्फ थोड़े से रुपये बचाकर जुटा लेंगे 25 लाख

नई दिल्ली। एलआईसी की नई जीवन आनंद योजना एक गैर-लिंक्ड जीवन बंदोबस्ती योजना है जो सुरक्षा और बचत का एक आकर्षक देती है. एलआईसी की नई जीवन आनंद योजना ने लोकप्रियता हासिल की क्योंकि यह प्रीमियम पेमेंट अवधि समाप्त होने के बाद भी पॉलिसीधारक के जीवनकाल में मृत्यु के खिलाफ वित्तीय सुरक्षा का लाभ देती है. पॉलिसी में लचीले प्रीमियम भुगतान विकल्पों का विकल्प भी दिया गया है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली (छ.ग.)
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

क्रमांक/ लो.क.वि./2025/802 — रिसाली दिनांक 28/07/2025

नगर पालिक निगम रिसाली की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	कार्य का विवरण	सिस्टम टेंडर क्र.	अनुमानित लागत (लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	नगर पालिक निगम रिसाली के क्षेत्रों में मार्ग प्रकाश व्यवस्था हेतु लगे स्ट्रीट लाईट का वार्षिक संधारण/संचालन एवं रखरखाव कार्य। (वार्षिक निविदा) (2nd Call)	172788	8596281.00	12-08-2025

(नोट :- ई टेण्डर में आफलाईन धरोहर राशि एवं शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदाकार की निविदा अमान्य किया जावेगा तथा दर को नहीं खोला जावेगा।)

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञाप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
रिसाली

वन विभाग छत्तीसगढ़
बस्तर (सामान्य) वनमंडल, जगदलपुर
ई-आक्शन विज्ञापन

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि बस्तर सामान्य वनमंडल जगदलपुर के सरगीपाल काष्ठागार में दिनांक 01.08.2025 को इमारती काष्ठ का ई-आक्शन द्वारा निम्नानुसार किया जायेगा। इच्छुक व्यापारियों से अनुरोध है कि ई-आक्शन में भाग लेकर डिपो में रखी वनोपज की भली-भांति अवलोकन कर ई-आक्शन से संबंधित जानकारी वनमंडल कार्यालय जगदलपुर अथवा काष्ठागार सरगीपाल से कार्यालयीन दिवसों में प्राप्त किया जा सकता है। प्रस्तावित मात्रा में कमी या अधिकता हो सकती है, कृपया ई-आक्शन में बीड लगाने के पूर्व वनोपज का निरीक्षण करने के बाद बीड लगावें।

1. क्रेताओं को ई-आक्शन से पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कामर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
1. क्रेताओं को ई-आक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लाट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कामर्स पोर्टल में अपने आई.डी. से लाग इन करके देख सकते हैं।
4. ई-आक्शन में लाट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लाट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा।

काष्ठागार सरगीपाल ई-आक्शन समय 9.00 बजे प्रातः दिनांक 01.08.2025
काष्ठागार सरगीपाल नीलाम में रखे गए वनोपज की मात्रा

प्रजाति	वनोपज की मात्रा					
	नया काष्ठ			पुराना काष्ठ		
	घनमीटर (अनुमानित)	बल्ली	डेंगरी	घनमीटर	बल्ली	डेंगरी
1	2	3	4	5	6	7
सागौन	189.000	5400	400	794.791	4461	2429
साल	585.000	50	30	2332.556	5	104
बीजा	17.000	0	0	82.355	7	0
साजा	12.000	0	0	36.999	0	4
हल्दू	3.000	0	0	85.242	0	0
शीशम	0.000	0	0	0.000	0	0
सिवना	0.000	0	0	1.649	0	0
तिंसा	1.000	0	0	3.663	0	0
नीलगिरी	0.000	0	0	4.265	2	0
धावड़ा	14.000	0	0	41.550	0	0
अन्य	29.00	50	0	24.598	0	8
पाईन	0.000	0	0	0.000	0	0
अकेशिया	0.000	0	0	116.677	3547	1030
मुलायम काष्ठ	0.000	0	0	0.000	0	0
योग :-	**850.000**	**5500**	**430**	**3524.525**	**8022**	**3575**

नया मिश्रित जलाऊ चट्टा - 500 चट्टा
अविक्रित सागौन चट्टा - 315 चट्टा
अविक्रित अकेशिया चट्टा - 125 चट्टा
अविक्रित मिश्रित चट्टा - 03 चट्टा
अविक्रित औद्योगिक बांस - 91.749 नो.टन

जी-252602428/5

वन मंडलाधिकारी
बस्तर वन मंडल, जगदलपुर

कार्यालय कलेक्टर, बस्तर जिला जगदलपुर
(आदिवासी विकास शाखा)
रूचि की अभिव्यक्ति (द्वितीय आमंत्रण)

जिला खनिज न्यास संस्थान (DMFT) मद अंतर्गत संचालित होने वाले फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी लघु प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु अनुभवी एवं योग्य तृतीय पक्ष एजेंसी से मुद्रित व मोहरबंद निविदा प्रस्ताव आमंत्रित की जाती है।

विशिष्टियां	अनुमानित लागत	प्रतिभूति जमा राशि	समय अवधि
फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी लघु प्रशिक्षण कार्यक्रम	25,00,000 (पच्चीस लाख)	75,000 (पचहत्तर लाख)	5 माह

पात्रता मानदण्ड :-
1. फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी लघु प्रशिक्षण में न्यूनतम पांच वर्षों का अनुभव।
2. पिछले तीन वर्ष में औसत न्यूनतम 20 लाख का वार्षिक टर्नआवर।
3. प्रशिक्षित प्रतिभागियों की न्यूनतम संख्या 100
4. संस्था का विधिवत पंजीकरण (NGO/pvt.ltd./trust आदि) होना आवश्यक है।
5. GST पंजीकरण होना आवश्यक

विस्तृत विवरण नियम एवं शर्तें जिला प्रशासन बस्तर की अधिकारिक वेबसाइट www.bastar.gov.in पर भी उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र 2000/- रूपये की अप्रतिदेय (non-refundable) नगद राशि भुगतान कर सहायक आयुक्त, कार्यालय आदिवासी विकास विभाग से दिनांक 30.07.2025 से दिनांक 08.08.2025 तक कार्यालयीन समय में प्राप्त किया जा सकता है। निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 13.08.2025 शाम 05:00 बजे तक होगी। इसके बाद प्राप्त निविदा स्वीकार नहीं होगी। स्पीड पोस्ट/ डाक के माध्यम से प्राप्त निविदा प्रपत्रों को ही मान्य किया जाएगा। निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि 18.08.2025 शाम 04:00 बजे निर्धारित की गई है। चयन दो प्रस्ताव प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा।

टीप :- विभाग द्वारा सभी दस्तावेजों की पुष्टि उपरांत ही एजेंसी का चयन किया जायेगा। रूचि की अभिव्यक्ति में किसी भी संशोधन एवं निविदा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार कलेक्टर जिला बस्तर के पास सुरक्षित है।

जी-252602452/3

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास जगदलपुर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी भिलाई 3 के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202507104300093
/विषय: अ-2/ सन्- 2024-25

मामले की श्रेणी-राजस्व

सुरडुंग प.ह.न. 00002(949/10(0.0400 हे.)
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार - तुलसी साहू पिता/पति कपिल साहू पता जामुल
अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

आवेदिका तुलसी साहू पति कपिल साहू, निवासी वार्ड नंबर 16, भिलाई, द्वारा ग्राम सुरडुंग प.ह.नं 02 रा.नि.मं. जामुल, तहसील भिलाई 3 जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 949/10, रकबा 0.040 हे. भू-राजस्व 0.01 रूपये को छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 59 के तहत औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुनर्निधारण किये जाने हेतु बी-1, खसरा की नकल, पंजीकृत विक्रय पत्र की छायाप्रति एवं नगर एवं ग्राम निवेश विभाग दुर्ग से भू-उपयोगिता प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। 2. प्रकरण पंजीबद्ध किया जावे। 3. उद्घोषणा का प्रकाशन ग्राम एवं दैनिक समाचार पत्र में करायी जावे। 4. हल्का पटवारी से जांच प्रतिवेदन मंगायी जावे। 5. प्रकरण अधीक्षक परिवर्तित भूमि शाखा, जिला कार्यालय दुर्ग को राजस्व निरीक्षक परिवर्तित भूमि शाखा से जांच प्रतिवेदन मय स्थल पंचनामा व चेकलिस्ट तथा गणना पत्रक तैयार करवाकर अभिमत सहित इस न्यायालय को नियत पेशी तिथि से तीन दिवस पूर्व प्रेषित करने हेतु भेजा जावे।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उजर आपत्ति हो तो तिथि दिनांक 08.08.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रुप में आपनी आपत्ति पेश कर सकते है। उक्त समयावधि पश्चात आपकी आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25.07.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी
भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
संशोधित/ईश्तहार

रा.प्र.क्र./149/अ-20(3)/ वर्ष 2024-25

आवेदक मंगल प्रकाश गुप्ता आ. स्व. ओमप्रकाश गुप्ता वर्तमान निवासी तालपुरी रुआबांधा दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट कं. 28 डी भूखण्ड कं. 142/1, 143/1, 229 का दु. क्षेत्रफ्ल कमशः 92, 104, 3.43 वर्गमीटर चन्द्रप्रकाश गुप्ता आ. माखन लाल के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक की मृत्यु दिनांक 14.08.2011 को हो चुकी है। धारक व्दारा अपने जीवनकाल में उक्त भूखण्डों का पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 06.11.2007 को अपने भतीजे आवेदक मंगल प्रकाश गुप्ता उर्फ रॉकी आ. स्व0ओमप्रकाश गुप्ता के पक्ष में निष्पादित किया है। आवेदक व्दारा उक्त पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर प्रश्नाधीन भूखण्ड से मृतक धारक का नाम विलोपित कर स्वयं का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 13.08.2025 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.07.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
	श्रीमती नेहा देवांगन	202507100400129/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती नेहा देवांगन आ./पति श्री अशोक कुमार निवासी ग्राम डुण्डेरा दुर्ग तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम डुमरडीह प.ह.न. 41 तह. व जिला दुर्ग	549/84	0.007 हें वर्गफीट 720	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

समक्ष श्रीमान अनुविभागीय दंडाधिकारी, भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)
शपथ-पत्र

मैं शपथकर्ती पदमा बाई साहू उम्र 45 वर्ष पति राजेन्द्र कुमार साहू निवसी वार्ड नं. 14, हाउसिंग बोर्ड कालोनी कुम्हारी जिला दुर्ग (छ.ग.) आधार क्रमांक 223026331512 की निवासी हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत कर रही हूं :-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सही एवं सत्य है।
2. यह कि मेरी पुत्री का वास्तविक नाम आधार कार्ड में हिन्दी में सृष्टि कुमारी साहू (SHRISHTI KUMARI SAHU) दर्ज है जो कि सही एवं सत्य है जबकि आधार कार्ड में मेरी पुत्री का नाम अंग्रेजी में त्रुटिवश (SRUSTI KUMARI SAHU) दर्ज हो गया है जिसे सुधारकर आधार कार्ड में मेरी पुत्री का नाम सिर्फ अंग्रेजी में सृष्टि कुमारी साहू (SHRISHTI KUMARI SAHU) दर्ज किया जावे।
3. यह कि मेरी पुत्री का आधार कार्ड नं. 915858887316 है।
4. यह कि यह शपथ पत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष आधार कार्ड में मेरी पुत्री का नाम सुधार होने के समर्थन में प्रस्तुत है।
5. यह कि यह शपथ पत्र शासकीय गजट प्रकाशन हेतु प्रस्तुत है।

सत्यापन :- मैं शपथकर्ती पदमा बाई साहू उम्र 45 वर्ष पति राजेन्द्र कुमार साहू निवासी वार्ड 14 हाउसिंग बोर्ड कालोनी कुम्हारी, जिला दुर्ग (छ.ग.) यह सत्यापित करती हूं कि उक्त शपथ पत्र की कंडिका क्र. 01 से 05 अंक तक में वर्णित अभिकथन मेरे निजी ज्ञान एवं विश्वास से सत्य एवं सही है। अतः मैंने आज दिनांक 25/07/2025 को मुकाम भिलाई-3 में पढ़कर, सुनकर व समझकर सही होना स्वीकार कर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

शपथकर्ती

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/202507103000045
/अ-06/ वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका केता श्रीमती सरिता यादव पति धर्मराज यादव जाति अहीर पता- वार्ड नं. 03, उमरपोटी के तरफ से आममुख्तयार धर्मराज यादव पिता स्व. कैलाशनाथ यादव पता- उमरपोटी तह0 व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम पुरई प.ह. न.-54 स्थित भूमि करारा नंबर 1003/1 रकबा 0.2900 हेक्टेयर भूमि को विक्रेता बाहरू, गिरधारी दोनो के पिता जोहन पता रिसाली बस्ती सिविक सेंटर भिलाई तह0 व जिला दुर्ग (छ.ग.) से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 30/03/2025 को कय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को कैता के नाम पर प्रामाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.07.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 17.07.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./202507101500011
/अ-21/वर्ष 2024-25
ग्राम झाडमोखली प.ह.न. 42
तह. पाटन जिला दुर्ग

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कार्तिकराम पित्ता पल्टन निवासी ग्राम झाडमोखली तह. पाटन जिला दुर्ग द्वारा मौजा ग्राम झाडमोखली प.ह.नं. 42 तह. पाटन जिला दुर्ग में अपने नाम पर स्थित भूमि खसरा नं. 178/2, 216/2, 359, 362 रकबा क्रमशः 0.36, 0.02, 0.74, 0.12 हे. आदिवासी भूमिस्वामी मद में दर्ज है। उक्त भूमि में से खसरा नं. 178/2 रकबा 0.36 हे भूमि को आवेदक द्वारा अपने मकान का निर्माण एवं नतनीत की विवाह करने हेतु विक्रय करना चाहता है। उक्त भूमि आदिवासी भूमि को गैर आदिवासी को विक्रय किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदकगण द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत सुनवाई दिनांक 30.07.2025 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 15.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-बलौदाबाजार, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

Office Phone:- 07727-296695 Email ID:- ee-res.abhanpur@nic.in

// ई-निविदा आमंत्रण सूचना क्र.-05 //
(प्रथम बार)

क्रमांक/2234/निविदा/ग्रा.यां.से./2025-26 — बलौदाबाजार, दिनांक 28/07/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु आनलाईन (Online) निविदा प्रतिशत दर पर दिनांक 11.08.2025 तक आनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

सिस्टम टेंडर नं.	कार्य का विवरण	ठेके की अनुमानित लागत (लाख में)	आनलाईन निविदा आमंत्रण की अंतिम तिथि
1	2	3	4
172763	महतारी सदन निर्माण कार्य ग्राम-रवान, वि.खं. बलौदाबाजार	22.48	11.08.2025

2/ निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट- 2.10 एवं निविदा दस्तावेज परिशिष्ट-2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in में अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 28.07.2025 से देखी जा सकती है।

(योगेश कुमार खाण्डे)
कार्यपालन अभियंता
ग्रा.यां.सेवा संभाग- बलौदाबाजार
जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

जी-252602449/2

केनरा बैंक Canara Bank — रायपुर जी.ई. रोड शाखा, तेलीबांधा (छ.ग.)
मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत

ऋणी एवं जमानतदार का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण	प्रकार / सीमा / बकाया ऋण
श्री सूरज दास, बसंत मार्वल गली, शिव मंदिर, लक्ष्मी रायपुर, छत्तीसगढ़-492001.	**शीर्षक धारक का नाम- श्री सूरज दास**, खसरा नं. **1590/39**, प.ह.नं. 81, मौजा- बोरियाकला, बोरियाकला शासकीय हाई स्कूल के पास, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001. क्षेत्रफल - **1400** वर्ग फीट में स्थित आवासीय प्लॉट के समस्त भाग तथा अंश । **चौहद्दीः उत्तर-** बोरियाकला शासकीय स्कूल की भूमि, **दक्षिण-** सड़क, **पूर्व-** कार्तिकेय चंदे की भूमि, **पश्चिम-** श्रीमती धनेश्वरी साहू की भूमि ।	HOUSING LOAN ₹ 30,00,000.00 कुल देय धनराशि ₹ 18,52,188.96 एनपीए तिथि 14/07/2025

उपर्युक्त उल्लेखित उधारकर्ता एवं जमानतदारों ने उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को बंधक रखकर **केनरा बैंक, रायपुर जी.ई. रोड शाखा (छ.ग.)** से ऊपर उल्लेखित अनुसार ऋण सुविधा प्राप्त की है तथा ऊपर उल्लेखित जमानतदारों ने गारंटी उपलब्ध करवाई हैं, उधारकर्ता ऋण स्वीकृति के नियम तथा शर्तों का पालन करने में असफल हो चुके हैं। रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशों के अनुसार खाता अनियमित होने पर ऊपर उल्लेखित दिनांक को एनपीए के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है। बैंक द्वारा उपरोक्त वर्णित बकाया ऋण राशि की वसूली के लिए सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के नोटिस दिनांकित **(ऊपर उल्लेखित अनुसार)** ऋणी व जमानतदारों को एनपीए की तिथि **(ऊपर उल्लेखित अनुसार)** अंतिम ज्ञात पते पर भेजा गया था जो बिना सुपुर्दगी के वापस लौट गया है। जिसके पश्चात् यह प्रकाशन जारी किया जा रहा है जिसके माध्यम से देनदारों व जमानतदारों को ऊपर उल्लेखित धनराशि ब्याज दर **(संविदात्मक दर)**, लागत व्यय इत्यादि के साथ इस सूचना के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर भुगतान करने कहा गया है जिसमें चूक करने पर निम्नलिखित बंधक संपत्तियों पर उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के अंतर्गत बैंक की बकाया धनराशि की वसूली हेतु कार्यवाही की जाएगी। ऋणी एवं जमानतदार संपत्ति स्वामी का ध्यान वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित परिवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(8) के प्रावधानों के तहत उपलब्ध समय में प्रतिभूति आस्तियों को छुड़ाने की ओर आकर्षित किया जाता है।

दिनांकः 29.07.2024 — स्थानः रायपुर (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी/केनरा बैंक

नाम-परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अमित जैन पिता सुरेश कुमार जैन निवासी मकान नं. 80 वार्ड नं. 33 जयश्री आइल मिल गवलीपारा दुर्ग जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम अमित जैन को त्याग कर नया नाम अमित कुमार जैन रख लिया हूँ। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम अमित कुमार जैन से ही जाना पहचाना जावे।

शपथकर्ता
अमित जैन
पिता सुरेश कुमार जैन
निवासी मकान नं. 80 वार्ड नं. 33 जयश्री आइल मिल गवलीपारा
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार 04 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00016 उरला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430107200099

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00016 के अंतर्गत ग्राम उरला के वर्तमान भूमिस्वामी आशीष अग्रवाल पिता/पति लवकुश अग्रवाल पता वार्ड नं. 17 महिमा हास्पिटल के पास कादम्बरी नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 192/185(0.0107) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता जयसागर तांडी पिता/पति श्री तुलाराम तांडी पता मकान नं. 520 मॉटल टाउन नेहरु नगर भिलाई तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 01.08.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 04 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16.07.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र- 202501100900072
/अ-19(1)/वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम मोतीपुर प.ह.नं. 06 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक कार्यालय अभियंता छ.ग. गृह निर्माण मण्डल संभाग दुर्ग छ. ग. के द्वारा गौजा ग्राम गोतीपुर प.ह.नं. 06 तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 484 रकबा 7.1600 हे0 भूमि में से 10.00 एकड़ भूमि को आवेदक द्वारा अपने पक्ष में आबंटित करने बाबत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त भूमि को आवेदक कार्यालय अभियंता छ.ग. गृह निर्माण मण्डल संभाग दुर्ग छ.ग. के पक्ष में आबर्टन किए जाने जाने कि कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 11.08.2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि क पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21.07.2025 को जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी भिलाई 3 के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202507104300087
/विषय: अ-2/ सन्- 2024-25

मामले की श्रेणी-राजस्व

जामुल प.ह.न. 00001(581/136(0.0089 हे.)
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार - शैल देवी पिता/पति दिलीप साव पता भिलाई
अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

आवेदिका शैल देवी पति दिलीप साव, निवासी- भिलाई द्वारा ग्राम जामुल, प.ह.नं 01 रा.नि.मं. जामुल, तहसील भिलाई 3 जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 581/136, रकबा 0.0089 हे. भू-राजस्व 0.01 रूपये को छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 59 के तहत आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण किये जाने हेतु बी-1. खसरा की नकल, पंजीकृत विक्रय पत्र की छायाप्रति एवं नगर एवं ग्राम निवेश विभाग दुर्ग से भू-उपयोगिता प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। 2. प्रकरण पंजीबद्ध किया जावे। 3. उद्घोषणा का प्रकाशन ग्राम एवं दैनिक समाचार पत्र में करायी जावे। 4. हल्का पटवारी से जांच प्रतिवेदन मंगायी जावे। 5. प्रकरण अधीक्षक परिवर्तित भूमि शाखा, जिला कार्यालय दुर्ग को राजस्व निरीक्षक परिवर्तित भूमि शाखा से जांच प्रतिवेदन मय स्थल पंचनामा व चेकलिस्ट तथा गणना पत्रक तैयार करवाकर अभिमत सहित इस न्यायालय को नियत पेशी तिथि से तीन दिवस पूर्व प्रेषित करने हेतु भेजा जावे।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उजर आपत्ति हो तो तिथि दिनांक 08.08.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रुप में आपनी आपत्ति पेश कर सकते है। उक्त समयावधि पश्चात आपकी आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25.07.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी
भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR
OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION

e-procurement Tender Notice
Main Portal : http://eproc.cgstate.gov.in
2nd call

NIT NO.:694/PWD/Zone-9/2025 — RAIPUR DATED :29/07/2025

Online bids are invited for the following works of works up to date 14/08/2025 at 17:30 hours.

Sr. No.	System Tender No.	Name of work	Amount of the Estimate	Earnest Money Deposit	Eligible class of contractor /firm	Time allowed for Completion	SOR applicable
01	172873	अधोसंरचना मद के तहत जोन क्रमांक-9 अंतर्गत पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड क्रमांक-51 अंतर्गत रहेजा अर्थ एवं लिंक सेरेनिटी हाईट के पास अधूरे सड़क का निर्माण कार्य	1826000/-	14000/-	Class-D & aboce	04 Months	लोक निर्माण विभाग के भवन एस.ओ.आर. दि. 01.01.2015 से प्रभावशील एवं निविदा दिनांक तक संशोधित

The details can be viewed and downloaded online directly from the Goverment of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in From 29/07/2025 17.30 Hours (IST) on wards.

For more details on the Tender and bidding process you may please visit the above mentioned portal.

NOTE :-
1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** of through Email ID **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**
3. प्रत्येक कार्य के लिए निविदा शुल्क देना होगा। कार्य क्रमांक-1 के लिए निविदा शुल्क राशि रु. 750/- मात्र देय डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक, आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर के नाम से होगा तथा वापसी अयोग्य होगी।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

Zone Commissioner
ZONE-9
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G.)

OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER
PUBLIC WORKS DEPARTMENT, DURG CIRCLE DURG (C.G.)

Durg. Dated: 18.07.2025

e-Procurement Tender Notice
(1st Call)

Online tenders in form "A" percentage rate basis are invited on behalf of Governor of Chhattisgarh dated 07-08-2025:-

NIT No.	Name of work	P.A.C. (Rs. In lacs.)
140/Durg(Khairagarh)/2025	Construction of Additional Rooms in First Floor of VVIP Guest House at Indira Kala Sangeet Vishwavidyalaya Khairagarh i/c water supply and sanitary fittings.	45.98
141/Durg(Khairagarh)/2025	CONSTRUCTION PROPOSED 50 BEDED HOSTEL BUILDING FOR PVTG STUDENT FOR HIGH SCHOOL KOPRO DISTT. KHAIRAGARH - CHHUIKHADAN- GANDAI WITH ELECTRIFICATION WORK	126.27
142/Durg(Khairagarh)/2025	Renovation work of Atmanand English Medium School at Khairagarh	24.73
143/Durg(Khairagarh)/2025	Construction of Additional Rooms in First Floor for Old Guest House at Indira Kala Sangeet Vishwavidyalaya Khairagarh i/c water supply and sanitary fittings.	10.79
144/Durg(Khairagarh)/2025	Construction of First Floor of Painting Faculty at Indira Kala Sangeet Vishwavidyalaya Khairagarh	67.13
145/Durg(Khairagarh)/2025	PROPOSED 50 BEDED HOSTEL BUILDING FOR PVTG STUDENT FOR HIGH SCHOOL KUMHARWADA DISTT. KHAIRAGARH-CHHUIKHADAN-GANDAI WITH ELECTRIFICATION WORK	126.27
146/Durg(Bemetara)/2025	Construction of Nagar Sahu Samaj Bhawan at Bemetara	18.22
147/Durg(Bemetara)/2025	Construction of Chhatriya Samaj Bhawan Gunarbod Bemetara	13.63
148/Durg(Bemetara)/2025	Construction of Jila Sahu Samaj Bhawan at Bemetara	27.27
149/Durg(Kawardha.)/2025	JUNCTION IMPROVEMENT & PROVIDING CRASH BARRIER ON STATE HIGHWAY (AS PER IRC SPECIFICATION) UNDER- KAWARDHA DIVISION KAWARDHA)	43.95

Note :-
1- General Conditions, detailed NIT, Tender documents & other information of the above construction work downloaded from the Eprocurement web portal or departmental website http://eproc.cgstate.gov.in.
2- NIT No. & Name of the Work should be essentially mentioned on the envelope through the Registerd Post/Speed Post in this office.

G-252602404/9

Superintending Engineer
P.W.D., Durg Circle Durg (C.G.)
Tel. 0788-2210876

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग दुर्ग
// निविदा आमंत्रण सूचना //

ज्ञाप क्र. 5200/नि.प्र.क्र.-04/लो.नि.वि./2025-26 — दुर्ग, दिनांक 25/07/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य का विद्युतीकरण कार्य हेतु मैनुवल निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 07/08/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 13/08/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 14/08/2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि में अवकाश हो या अधोहस्ताक्षरकर्ता शासकीय दौरे पर हो तो निविदा आगामी कार्य दिवस में खोली जावेगी।

स.क्र./ निविदा क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु. लाख में)
(1) T0030	General Annual E/F Repair work in N.R.B. of PWD (E/M) Sub Dn. Bemetara (under District Administration Building)	2.50 Lacs
(2) T0031	Maintenance Work of AC, Fridge, Water Cooler, Pump & Fan Rewinding in R.H. & C.H. under PWD (E/M) Sub Dn., Bemetara	1.00 Lacs
(3) T0032	Annual Repair Maintenance Work of AC, Fridge, Water Cooler, Pump & Fan Rewinding under PWD (E/M) Sub Division, Bemetara	1.00 Lacs
(4) T0033	E/F work for Annual Maintenance of N.R.B. of District Administration under PWD (E/M) Sub Division, Balod	2.41 Lacs
(5) T0034	E/F work for Annual Maintenance of AC, Fridge, water cooler, Pump & Fan Rewinding under PWD (E/M) Sub Division, Balod	1.50 Lacs
(6) T0035	E/F work for Annual Maintenance of N.R.B. of District Administration under PWD (E/M) Sub Division, MMAC	2.41 Lacs
(7) T0036	E/F work for Annual Maintenance of AC, Fridge, water cooler, Pump & Fan Rewinding of R.H. under PWD (E/M) Sub Division, MMAC	1.80 Lacs
(8) T0037	E/F work for Annual Maintenance of AC, Fridge, water cooler, Pump & Fan Rewinding under PWD (E/M) Sub Division, MMAC	1.50 Lacs
(9) T0038	E/F work for Annual Maintenance of R.B. under PWD (E/M) Sub Division, Durg	7.50 Lacs
(10) T0039	E/F work for Annual Maintenance of AC, Pump & Fan Rewinding under PWD (E/M) Sub Division, Durg	2.00 Lacs
(11) T0040	E/F work for A.R. work to N.R.B. Admistrative Buildings under PWD (E/M) Sub Division, KCG	2.50 Lacs
(12) T0041	E/F work for A.R. work of A.C., Fridge, Water Cooler, Pump & Fans Rewinding to R.H. Building under PWD (E/M) Sub Division, KCG	1.00 Lacs
(13) T0042	E/F work for A.R. work of A.C., Fridge, Water Cooler, Pump & Fans Rewinding under PWD (E/M) Sub Division, KCG	1.00 Lacs
(14) T0043	Providing A.R. work to N.R.B. Admistrative Buildings under PWD (E/M) Sub Division, Rajnandgaon	3.00 Lacs
(15) T0044	Providing A.R. work of A.C., Fridge, Water Cooler, Pump & Fans Rewinding other N.R.B. under PWD (E/M) Sub Division, Rajnandgaon	2.00 Lacs
(16) T0045	Providing O.M. of Electrical item in District-Administration Buildings Under P.W.D. (E/M) Sub Dn., Kawardha	2.50 Lacs
(17) T0046	Providing O.M. of A.C., Fridge, R.O., Water cooler, Pump & Fan Rewinding under P.W.D. (E/M) Sub Dn., Kawardha	1.00 Lacs

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। निविदा संबंधी अन्य शर्तें का अवलोकन संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।

टीप :- (1) आबंटन प्राप्त होने पर ही देयक का भुगतान किया जायेंगा।

जी-252602414/2

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग दुर्ग

केसरिया रंग में रंगा छत्तीसगढ़ का प्रयागराज

■ हर तरफ भक्तों की टोलियां नजर आईं, शिव मंदिरों में रही भारी भीड़

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। सावन माह के तीसरे सोमवार को शहर और अंचल शिवमय नजर आया। एक ओर केसरिया वस्त्र धारण किए भक्तों और कांवरियों की टोलियां भोलेनाथ के जयकारे लगाते हुए शिव मंदिर पहुंचे और जलाभिषेक किया। वहीं दूसरी ओर शहर के कई शिव मंदिरों में भक्तों ने जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं शहर में जगह-जगह भक्तों द्वारा निशुल्क भोजन और नाश्ते की व्यवस्था की गई थी।

कुलेश्वर मंदिर में रही शिव भक्तों की भारी भीड़

त्रिवेणी संगम के मध्य स्थित भगवान कुलेश्वर महादेव के मंदिर में सुबह से ही शिव भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। दूर-दूर से भक्त अपने परिवार और बच्चों के साथ जलाभिषेक करने और भोलेनाथ की पूजा करने पहुंचते रहे। श्रीकुलेश्वर नाथ बाबा का दरबार हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजता रहा। मंदिर में भीड़ को देखते हुए पुजारियों ने क्रमवार दर्शन की व्यवस्था की थी। नदी और लोमश ऋषि आश्रम से घिरा मंदिर क्षेत्र मेले जैसा लग रहा था।

मंदिर में महिलाएं और युवतियां पूरे विधि-विधान से भोलेनाथ को दूध और पवित्र जल से स्नान कराती और आरती व भोग लगाती नजर आईं। भगवान शिव के प्रिय कनेर के फूल, धतूरा, बेल, बेलपत्र भी खूब चढ़ाए गए। महिलाओं और युवतियों की भक्ति देखने लायक थी। भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए कांवडियों का जत्था बोलबम के नारे के साथ भोलेनाथ के दरबार में पहुंचा और जल चढ़ाता रहा। कांवडियों के जत्थे में पुरुष, महिलाएं, युवतियां और बच्चे भी कांवड़ लेकर जाते नजर आए।

इसी तरह राजिम शहर के बाबा गरीबनाथ महादेव मंदिर में भी सुबह से ही शिवभक्तों की भीड़ लगी रही। इसके अलावा ब्रह्मचर्य आश्रम, नवापारा के राधा कृष्ण मंदिर, गरियाबंद के भूतेश्वर नाथ, राजिम के मामा भांजा, सोमेश्वर नाथ और पंचकोशी धाम के कोपेश्वर नाथ, फणेश्वरनाथ, ब्राह्मणेश्वरनाथ, पटेश्वर नाथ, चंपेश्वरनाथ महादेव मंदिरों में सुबह से शाम तक भक्तों ने भगवान भोलेनाथ की पूजा की और जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक भी किया। ग्रामीण क्षेत्रों के शिव मंदिरों में भी लोग दर्शन-पूजन व जलाभिषेक करते रहे।

सुरक्षा के मद्देनजर पुलिसकर्मी तैनात

सुरक्षा के मद्देनजर मंदिर परिसर और उसके आसपास पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। बता दें कि हाल ही में मंदिर परिसर के बाहर लक्ष्मण झूला में बदमाशों की गुंडागर्दी देखने अन्य शिव मंदिरों में रही भक्तों की भीड़

अन्य शिव मंदिरों में रही भक्तों की भीड़

इसी तरह राजिम शहर के बाबा गरीबनाथ महादेव मंदिर में भी सुबह से ही शिवभक्तों की भीड़ लगी रही। इसके अलावा ब्रह्मचर्य आश्रम, नवापारा के राधा कृष्ण मंदिर, गरियाबंद के भूतेश्वर नाथ, राजिम के मामा भांजा, सोमेश्वर नाथ और पंचकोशी धाम के कोपेश्वर नाथ, फणेश्वरनाथ, ब्राह्मणेश्वरनाथ, पटेश्वर नाथ, चंपेश्वरनाथ महादेव मंदिरों में सुबह से शाम तक भक्तों ने भगवान भोलेनाथ की पूजा की और जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक भी किया। ग्रामीण क्षेत्रों के शिव मंदिरों में भी लोग दर्शन-पूजन व जलाभिषेक करते रहे।

गुम बच्ची को परिवार से मिलाया गया

सोमवार को कुलेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ थी। इसी दौरान राजिम पटेल पारा निवासी कामनी पटेल पति जितेंद्र पटेल की 3 साल की बेटी होमिया पटेल लक्ष्मण झूला में अपने परिजनों से बिछड़ गई। जिसे एक श्रद्धालु परिवार ने बच्ची को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस टीम ने बच्ची को बहला-फुसलाकर उसका नाम पूछा। कुछ देर बाद जब बच्ची के परिजन उसे खोजते हुए मंदिर पहुंचे तो पुलिस ने बच्ची को परिजनों को सौंप दिया। मंदिर परिसर में एएसआई तुलसी मिथलेश, एएसआई कांति लाल साहू, एएसआई महेंद्र कुमार साहू, प्रधान आरक्षक हेमुराम साहू सहित अन्य पुलिसकर्मी तैनात थे।

बोल बम समिति का हिंद सेना ने किया स्वागत

बालोद/नवप्रदेश। बोल बम समिति का बेमेतरा जिला से बालोद जिला में आगमन हुआ। जिसका स्वागत सत्कार समाजसेवी संगठन हिंद सेना के द्वारा किया गया। साथ ही रात्रि विश्राम के लिए कक्ष का इंतजाम किया गया। उसके उपरांत सुबह कावरियो की टीम के साथ हिंद सेना की टीम कपिलेश्वर मंदिर पहुंचकर मंदिर प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण किया गया । उसके बाद कपिलेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना कर जल लेकर कावडियों के साथ बोल बम के नारे की गूंज के साथ पूरी टीम जलेश्वर महादेव के लिए रावना किया गया। वहां जाकर जल अभिषेक किया गया। जिसका नेतृत्व हिंद सेना के प्रदेश संयोजक तरुण नाथ योगी ,मां कामधेनु गौ सेवा दल जिला अध्यक्ष बालोद दिग्विजय सिंह क्षत्रिय तथा प्रदेश महामंत्री युवा हिंद सेना राहुल उपाध्याय तथा हिंद सेना के साथी युवराज नेताम, सुरेंद्र साहू, विजय सिंह, डिजेंद्र कोठारी, नूपुर यादव सहित हिंद सेना के कार्यकर्ता उपस्थित थे। श्री योगी ने कहा कि हम जब एक पेड़ लगाते है,तो प्रकृति को सुरक्षित करते है,साथ ही जीव जंतु के आवास का भी इंतजाम करते है। इसलिए सभी से अनुरोध करते है कि पर्यावरण संरक्षण में सब आगे आए। साथ बेमेतरा जिला से कावरियों के द्वारा समाज सेवा के कार्य के लिए समाज सेवी संगठन को सम्मानित किया गया।

अंतिम सावन सोमवार को शिव मंदिर में होगा भजन कीर्तन का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन माह के अंतिम सोमवार 4 अगस्त को दलदल सिवनी स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में भजन कीर्तन का आयोजन शाम सात बजे आयोजित किया गया है इसके साथ ही गांव के श्रद्धालुओं द्वारा सुबह 5 बजे से भोलेनाथ का जलाभिषेक एवं दुग्धाभिषेक कर विधिविधान से पूजा की जाएगी। चार अगस्त को मंदिर के पुजारी नारायण शर्मा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। महाआरती का आयोजन दोपहर 12 बजे एवं शाम छह बजे आयोजित किया गया है। दोपहर एक बजे से शाम पांच बजे तक प्रसादी (भंडारा) वितरण का आयोजन मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा किया जाएगा। पंडित शर्मा ने आसपास के श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में यज्ञ आदि में शामिल होने की अपील की है।

पूर्व विधायक धनेंद्र साहू ने बुलेट बाइक से की पंचकोसी यात्रा

नवापार/नवप्रदेश। राजिम। सावन के तीसरे सोमवार को पूर्व मंत्री और अभनपुर के पूर्व विधायक धनेंद्र साहू अपने हजारों समर्थकों और शिवभक्तों के साथ बुलेट बाइक से पंचकोसी यात्रा पर निकले। केसरिया वस्त्र धारण कर श्री साहू त्रिवेणी संगम के बीच स्थित भगवान कुलेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे और अभिषेक पूजा की। इसके बाद गाजे-बाजे के साथ पंचकोसी यात्रा के लिए रवाना हुए।

यात्रा में सैकड़ों मोटरसाइकिलों के अलावा दर्जनों चार पहिया वाहन चल रहे थे। राजिम त्रिवेणी संगम से जल लेकर श्री साहू सबसे पहले कुलेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे। यहां पूजा-अर्चना के बाद वे भगवान पटेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे। इसके बाद वे चंपेश्वर महादेव के लिए रवाना हुए। चंपारण के प्रसिद्ध चंपेश्वर नाथ महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद, वे टीला एनीकट मार्ग से महासमुंद के निकट बम्हनेश्वर महादेव पहुँचे। बम्हनेश्वर महादेव मंदिर भी पंचकोसी धाम में शामिल है।

वहां से वे सूखा नाला के निकट कनेकेरा मंदिर पहुंचे और महादेव की पूजा-अर्चना की। तत्पश्चात, फिंगेश्वर स्थित प्राचीन फणिकेश्वर नाथ महादेव की पूजा-अर्चना की और पंचकोशी के अंतिम पड़ाव कोपरा स्थित कोपेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना की। इसके बाद त्रिवेणी संगम स्थित कुलेश्वरनाथ महादेव पहुँचकर यात्रा का समापन किया। इस दौरान पूर्व विधायक धनेंद्र साहू के काफिले का कई जगहों और कई गांवों में भव्य स्वागत किया गया। यात्रा में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, शिवभक्त और महिलाएँ शामिल हुईं।

ननों की गिरफ्तारी पर मचा बवाल, इंडिया गठबंधन के सांसद पहुंचे छत्तीसगढ़

■ मुलाकात कर जानेंगे हाल, कल संसद में उठेगा मुद्दा

रायपुर/नवप्रदेश। मानव तस्करी और धर्मांतरण के आरोप पर दुर्ग जीआरपी द्वारा दो ननों की गिरफ्तारी पर सियासत तेज हो चुकी है। इन ननों से मुलाकात करने पहुंचे कांग्रेस सांसदों ने इसे अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार पर हमला करार दिया है।

ननों से मुलाकात करने पहुंचे सांसदों में बेनी बहनन, फ्रांसिस जॉर्ज , एनके प्रेमचंदन, अनिल ए थॉमस के अलावा छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रभारी कांग्रेस सांसद सप्तगिरी उल्का और जरीता लैतफ़लांग भी शामिल हैं। मुलाकात के बाद रिपोर्ट तैयार कर सांसद कांग्रेस आलाकमान को सौंपेंगे।

ये माइनॉरिटी पर अटैक -प्रेमचंदन : सांसदों के दल में शामिल केरल के सांसद एनके प्रेमचन्दन ने कहा, छत्तीसगढ़ में दो धार्मिक महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। दोनों पर मानव तस्करी और धर्मांतरण के बेसलेस आरोप लगाए है। ये माइनॉरिटी पर अटैक है। उन्होंने कहा, तीनों महिलाओं की उम्र 21, 23 और 25 है, जिन्हें काम करने के लिए ले जा रहे थे। उन्होंने कहा, बजरंग दल ने मानव तस्करी और धर्मांतरण का आरोप लगा दिया। दरअसल, यह धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार पर हमला किया जा रहा है।

यह अटैक ओडिशा, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और मणिपुर में हो रहे हैं। बीजेपी रूल्ड स्टेटस में अटैक की खबरें आ रही हैं। सांसद ने कहा, क्रिश्चियंस पर अटैक हो रहा है, इसलिए हमने ये कमिटी बनाई है। कल लोकसभा में ये विषय उठाया जाएगा। इस मुद्दे पर गृह मंत्री अमित शाह से और हो सके तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाक़ात करेंगे।

छोटे मामले में एफआईआर दर्ज करती है पुलिस- उन्होंने कहा कि हॉस्पिटल और चैरिटी चल रहा है, क्योंकि संवैधानिक अधिकार है, लेकिन बजरंग दल इन्हें चलने नहीं देते। एक महीने पहले दो प्रीस्ट पर अटैक किया गया। आज भी वो अस्पताल में हैं। पुलिस छोटे मामले में एफआईआर दर्ज करती है, ये गंभीर विषय है. इसलिए पार्लियामेंट में लाने के लिए दिल्ली से फैक्ट फाइंडिंग कमिटी बनाई गई है। ननों से मुलाकात के बाद सांसदों का दल मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, गृह मंत्री विजय शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री के साथ बिशप से भी मुलाकात करेगी।

जानिए पूरा मामला

25 जुलाई को दुर्ग रेलवे स्टेशन पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मानव तस्करी और धर्मांतरण का आरोप लगाते हुए दो ननों और एक युवक को रोका था। आरोप था कि तीनों, नारायणपुर जिले की तीन लड़कियों को बहला-फु सलाकर आगरा ले जा रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने रेलवे स्टेशन पर नारेबाजी करते हुए सभी को पुलिस के हवाले कर दिया था। थाना भिलाई-3 के अंतर्गत दुर्ग जीआरपी चौकी में मामले की जांच के बाद धर्मांतरण की धारा 4 के तहत मामला दर्ज कर तीनों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया था।

रायपुर में रातभर से बारिश

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के विभिन्न इलाकों में इन दिनों झमाझम बारिश हो रही है। राजधानी रायपुर में रातभर हुई बारिश ने मौसम सुहाना बना दिया है। प्रदेश के कई हिस्सों में अगले तीन दिनों तक हल्की मध्यम बारिश होने की संभावना है।

इसके बाद मानसून कमजोर पड़ सकता है। आज मंगलवार को कुछ इलाकों में हल्की मध्यम बारिश के आसार हैं। वहीं रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बलरामपुर, सरगुजा और सूरजपुर समेत 17 जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग के अनुसार, अब सिस्टम कमजोर पड़ गया है। आगामी तीन दिनों तक मध्य और उत्तरी भागों के इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनी हुई है। इसके बाद बारिश की गतिविधियों में कमी आने की संभावना है। इसके बावजूद राजधानी रायपुर समेत कुछ इलाकों में सुबह से बारिश हो रही है।

मौसम एक्सपर्ट ने बताया कि मानसून द्रोणिका औसत समुद्र तल पर गंगानगर से पन्ना, डाल्टनगंज, पुरुलिया होते हुए उत्तर-पूर्व बंगाल की कड़ी तक जा रही है। इस सिस्टम की वजह से प्रदेश में एक-दो स्थानों पर बादल गरजने के साथ भारी वर्षा और बिजली गिरने की संभावना है। हालांकि झमाझम बारिश के लिए नया सिस्टम बनाने का इंतजार करना पड़ेगा।

इस बीच मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें नारायणपुर, कोंडागांव, उत्तर बस्तर कांकेर, धमतरी, बालोद, राजनांदगांव, गरियाबंद, महासमुंद, रायपुर, बलौदा बाज़ार, रायगढ़, दुर्ग, बेमेतरा में मध्यम वर्षा की संभावना जताई गई है।

ओंकारेश्वर, महेश्वर और महाकाल के दर्शन कर की सुख समृद्धि की कामना की

मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े का मध्यप्रदेश दौरा आस्था, संस्कृति और सेवा का संगम

■ रानी अहिल्याबाई होलकर राजबाड़ा और अहिल्या महल का किया भ्रमण

रायपुर/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े मध्यप्रदेश के दो दिवसीय प्रवास में रहीं। प्रवास के प्रथम दिन श्रीमती राजवाड़े ने खंडवा जिले में नर्मदा तट पर स्थित देश के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक श्री ओंकारेश्वर महादेव के मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रदेश की जनता के कल्याण, सुख-समृद्धि और सामाजिक सौहार्द की कामना करते हुए नर्मदा पूजन भी किया। इसके पश्चात वे प्रसिद्ध महेश्वर मंदिर (जिला-खरगौन) पहुँचीं, जो देवी अहिल्याबाई होल्कर की धार्मिक आस्था और वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध है। यहां उन्होंने महेश्वर घाट और मंदिर परिसर का भी दर्शन किया।

प्रवास के दूसरे दिन मंत्री श्रीमती राजवाड़े उज्जैन पहुँचीं।

श्रीमती राजवाड़े महाकालेश्वर मंदिर में प्रातःकालीन भस्म आरती में शामिल हुई। इस दौरान उन्होंने शिव आराधना कर छत्तीसगढ़ की जनता के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। उज्जैन में श्री कालभैरव मंदिर के दर्शन कर उन्होंने छत्तीसगढ़ की सुरक्षा और समृद्धि की प्रार्थना की।

धार्मिक स्थलों के दर्शन के बाद मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने इंदौर के ऐतिहासिक देवी अहिल्याबाई होल्कर महल (राजबाड़ा) का भ्रमण किया। यहां उन्होंने मराठा कालीन स्थापत्य कला, अहिल्याबाई की जीवन गाथा एवं प्रशासनिक कुशलता से जुड़ी जानकारियां प्राप्त कीं। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई जैसी महिलाओं से प्रेरणा लेकर आज की महिलाएं भी समाज में नेतृत्व की भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने इस धरोहर को महिलाओं की सामाजिक-राजनीतिक सशक्तिकरण की ऐतिहासिक मिसाल बताया।

मंत्री राजवाड़े ने इंदौर प्रवास के दौरान दृष्टिबाधित (दिव्यांग) बच्चों के लिए आयोजित रोजगार मूलक स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों के आत्मविश्वास, हुनर और जिजीविषा की सराहना की।

ग्राम अटंग में मनरेगा योजना से बना नवीन आंगनबाड़ी भवन

धमतरी /नवप्रदेश। जिले के कुरुद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अटंग में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत निर्मित नवीन आंगनबाड़ी भवन अब गांव के नौनिहालों की शिक्षा, पोषण और समग्र विकास का केंद्र बन गया है। यह भवन न केवल बच्चों की मुस्कान लौटाने वाला स्थान बन चुका है, बल्कि यह ग्रामीण विकास और बाल सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। 25 वर्ष पूर्व निर्मित आंगनबाड़ी अति जर्जर हो जाने के कारण बच्चों को न पर्याप्त जगह मिलती थी, न ही सुरक्षित व स्वच्छ वातावरण। बच्चों के बैठने, खेलने और पढ़ाई करने के लिए हमेशा भय बना रहता था। भवन जर्जर होने के कारण बारिश या गर्मी से सुरक्षा देने वाली व्यवस्था का अभाव हो रहा था।

मनरेगा बना बदलाव का माध्यम

गांव के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की मांग पर पंचायत द्वारा प्रस्ताव बनाकर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत आंगनबाड़ी भवन के निर्माण की स्वीकृति वित्तीय वर्ष 2024-25, स्वीकृत राशि 11 लाख 69 हजार रूपये प्राप्त की गई। निर्धारित समय-सीमा में स्थानीय श्रमिकों की मेहनत से मजबूत, सुंदर और सुविधायुक्त भवन तैयार किया गया। इस कार्य में स्थानीय मजदूरों को रोजगार भी मिला जिससे उन्हें 800 मानव दिवस अर्जित करते हुए आर्थिक संबल मिला।

नौनिहालों की शिक्षा और पोषण में सुधार

अब इस आंगनबाड़ी में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण पूर्व-प्राथमिक शिक्षा, पोषणयुक्त भोजन और खेल-खेल में सीखने का वातावरण मिल रहा है। अभिभावक अब निश्चिंत होकर बच्चों को भेजते हैं, जिससे बच्चों की उपस्थिति भी बढ़ी है। साथ ही यहां बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण और माताओं को पोषण शिक्षा भी दी जा रही है।

गांव में बदलाव की बयार

इस आंगनबाड़ी भवन ने अटंग गांव में शिक्षा और स्वास्थ्य को नई दिशा दी है। गांव के लोगों में अब शासन की योजनाओं के प्रति विश्वास बढ़ा है। महिलाएं भी अपने बच्चों के लिए सुरक्षित और स्वच्छ आंगनबाड़ी देखकर प्रसन्न हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक - यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, navpradesh@gmail.com